

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 298 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 06 अगस्त 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


# भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की रफ्तार तेज, 2034 तक 191 अरब डॉलर का होगा बाजार

## ईवी बिक्री में 9 वर्षों में 46 गुना उछाल, सरकार ने 2030 तक कुल वाहन बिक्री में 30% इलेक्ट्रिक हिस्सेदारी का लक्ष्य रखा

समाज जागरण

नई दिल्ली, 5 अगस्त। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का बाजार अभूतपूर्व गति से विस्तार कर रहा है। केंद्र सरकार के अनुसार, वर्ष 2034 तक भारतीय ईवी बाजार 54.94 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (CAGR) से बढ़कर 191.04 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। सरकार का कहना है कि इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख विकास इंजन बनता जा रहा है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2016 में जहां देश में लगभग 50 हजार इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री होती थी, वहीं वर्ष 2025 में यह आंकड़ा बढ़कर 23 लाख (2.3 मिलियन) इकाई तक पहुंच गया। यानी महज नौ वर्षों में ईवी बिक्री में 46 गुना वृद्धि दर्ज की गई, जो वैश्विक औसत से कहीं अधिक है।

दुनिया भर में भी इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग तेजी से बढ़ी है। वैश्विक स्तर पर वर्ष 2016 में 9.18 लाख ईवी बिके थे, जबकि वर्ष 2024 में यह संख्या बढ़कर 1.87 करोड़ (18.78 मिलियन) इकाई तक पहुंच गई, जो लगभग 20 गुना वृद्धि है।



### बैटरी बाजार में भी जबरदस्त संभावनाएं

सरकार के अनुसार, भारत का ईवी बैटरी बाजार भी तेजी से विस्तार करेगा। वर्ष 2025 में इसका आकार 2.71 अरब डॉलर रहने का अनुमान है, जो वर्ष 2034 तक बढ़कर 15.90 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। इस दौरान इसकी वार्षिक वृद्धि दर 21.70 प्रतिशत रहने की संभावना है।

### 2030 तक 30 प्रतिशत ईवी बिक्री का लक्ष्य

भारत सरकार ने वर्ष 2030 तक देश में कुल वाहन बिक्री में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी इलेक्ट्रिक वाहनों की करने का लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए देशभर में 13.2 लाख (1.32 मिलियन) सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाने की योजना है।

### दोपहिया और तिपहिया वाहनों का दबदबा

वर्ष 2025 में सबसे अधिक इलेक्ट्रिक वाहन बिक्री मोटर चालित दोपहिया वाहनों की रही, जिनकी बिक्री 12.8 लाख इकाई दर्ज की गई। इसके बाद तीनपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री 8 लाख इकाई रही, जिससे स्पष्ट है कि आम उपभोक्ताओं के बीच इलेक्ट्रिक मोबिलिटी तेजी से लोकप्रिय हो रही है।

### निर्यात में भी बढ़ी भारत की हिस्सेदारी

भारतीय इलेक्ट्रिक वाहनों की वैश्विक मांग भी लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2020 में जहां ईवी निर्यात का मूल्य 12 लाख डॉलर था, वहीं वर्ष 2024 में यह बढ़कर 8.4 करोड़ डॉलर (84 मिलियन डॉलर) तक पहुंच गया। नेपाल, इंडोनेशिया और जापान भारतीय ईवी के प्रमुख निर्यात बाजार बनकर उभरे हैं।

### 52 हजार से अधिक सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) के अनुसार, जुलाई 2026 तक देश में 52,718 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं। इनमें 16,561 फास्ट चार्जिंग स्टेशन शामिल हैं, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को और बढ़ावा मिल रहा है।

### ईवी क्षेत्र में निवेश भी बढ़ा

वित्त वर्ष 2024-25 में ईवी क्षेत्र में लगभग 1.4 अरब डॉलर का निवेश हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 27 प्रतिशत अधिक है। इसमें ईवी निमार्ता कंपनियों को करीब 1.2 अरब डॉलर का निवेश प्राप्त हुआ। दिल्ली इस क्षेत्र में निवेश का प्रमुख केंद्र बनकर उभरी है।

### सरकार की योजनाओं से मिल रही गति

सरकार वर्ष 2015 से फेम योजना, एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल के लिए पीएलआई योजना तथा बैटरी लोकलाइजेशन जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को प्रोत्साहित कर रही है। इन पहलों के कारण इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण, बैटरी उत्पादन, चार्जिंग अवसंरचना और निवेश में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। (स्त्रोत : आईएएनएस / केंद्र






## वैभव सूर्यवंशी तीसरे स्थान पर खिसके, मिचेल मार्श बने नंबर-2; फिन एलन अब भी सबसे आगे

नई दिल्ली। साल 2026 में टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में बदलाव हुआ है। भारतीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अब तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड में खेले जा रहे 'द हंड्रेड' टूनामेंट में ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए उन्हें पीछे छोड़ दिया।

मार्श ने इस वर्ष 33 टी20 मैचों की 33 पारियों में 1,418 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 89 छक्के, 2 शतक और 10 अर्धशतक लगाए हैं। उनका बल्लेबाजी औसत 44.31 और स्ट्राइक रेट 160.77 रहा है। इसके साथ ही वह सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

वहीं, भारत के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 22 टी20 मैचों में 86 छक्के जड़कर तीसरा स्थान हासिल किया है। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से उन्होंने पूरे वर्ष क्रिकेट जगत का ध्यान आकर्षित किया है।

इस सूची में न्यूजीलैंड के फिन एलन 97 छक्कों के साथ पहले स्थान पर बने हुए हैं। उन्होंने पूरे साल अपने विस्फोटक प्रदर्शन से शीर्ष स्थान बरकरार रखा है।

## रेप्को बैंक ने दर्ज किया रिकॉर्ड मुनाफा, अमित शाह को 22.90 करोड़ रुपये का लाभांश सौंपा

समाज जागरण

नई दिल्ली। रेप्को बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 169 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। बैंक ने भारत सरकार की 76.32 करोड़ रुपये की शेयर पूंजी पर 30 प्रतिशत की दर से 22.90 करोड़ रुपये का लाभांश केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को नई दिल्ली में सौंपा।



अमित शाह ने बैंक के चेयरमैन ई. संथानम, निदेशक सी. थंगाराजू और प्रबंध निदेशक ओ.एम. गोकुल से लाभांश चेक प्राप्त कर बैंक प्रबंधन को रिकॉर्ड मुनाफे के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि रेप्को बैंक की सफलता उसके पेशेवर और उत्कृष्ट कार्य संचालन का प्रमाण है।

बैंक पिछले तीन दशकों से लगातार लाभ अर्जित कर रहा है। 30 जून 2026 तक उसका कुल बिजनेस मिक्स 26,000 करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। इस अवसर पर गृह सचिव गोविंद मोहन सहित गृह मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## भारत के इंटरनेट को सुरक्षित और अश्लील कंटेंट मुक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता: एल. मुरुगन

समाज जागरण

नई दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने लोकसभा में कहा कि सरकार का लक्ष्य भारत के इंटरनेट को गैरकानूनी, अश्लील और हानिकारक कंटेंट से मुक्त रखते हुए सभी नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों के लिए सुरक्षित एवं भरोसेमंद डिजिटल वातावरण उपलब्ध कराना है।

उन्होंने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 और आईटी नियमावली, 2021 के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और अन्य मध्यस्थों पर अश्लील,



पोर्नोग्राफिक, बाल यौन शोषण, डीपफेक और एआई से तैयार अवैध कंटेंट को रोकने की जिम्मेदारी तय की गई है। नियमों का पालन नहीं करने पर संबंधित प्लेटफॉर्म के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

सरकार ने बताया कि राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के माध्यम से नागरिक साइबर अपराध, संदिग्ध वेबसाइट, डीपफेक, सोशल मीडिया यूआरएल और अन्य डिजिटल धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कर सकते हैं। साथ ही, साइबर अपराध रोकथाम के लिए राज्यों को 132.93 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है और 33 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में साइबर फोरेंसिक प्रयोगशालाएं स्थापित की जा चुकी हैं। यह जानकारी डॉ. एल. मुरुगन ने लोकसभा में लिखित उत्तर के दौरान दी।

## रक्षाबंधन पर डाक विभाग की खास तैयारी, 34 डाकघरों और रेलवे स्टेशनों पर बने विशेष राखी काउंटर

### 22 अगस्त तक राखी भेजने की अपील, 24 और 48 स्पीड पोस्ट सेवा से समयबद्ध डिलीवरी की सुविधा

समाज जागरण

नई दिल्ली, 5 अगस्त। रक्षाबंधन के पावन पर्व को देखते हुए डाक विभाग ने दिल्ली में विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। दूर-दराज रहने वाली बहनों की राखियां समय पर उनके भाइयों तक पहुंच सकें, इसके लिए दिल्ली सर्किल के 34 प्रमुख डाकघरों के साथ-साथ दिल्ली रेलवे स्टेशन और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर विशेष राखी काउंटर स्थापित किए गए हैं। डाक विभाग ने बुधवार को जारी आधिकारिक बयान में इसकी जानकारी दी।

डाक विभाग ने ग्राहकों से अपील की है कि वे अपनी राखियां और अन्य महत्वपूर्ण पार्सल समय रहते भेजें, ताकि त्योहार से पहले उनकी सुरक्षित और समयबद्ध डिलीवरी सुनिश्चित की जा सके। विभाग ने इसके लिए 24 स्पीड पोस्ट और 48 स्पीड पोस्ट सेवाओं का अधिक से अधिक उपयोग करने की सलाह दी है।

### समय पर डिलीवरी की गारंटी

डाक विभाग के अनुसार, 24 स्पीड पोस्ट और 48 स्पीड पोस्ट सेवाओं के तहत निर्धारित समय सीमा में डिलीवरी सुनिश्चित की जाती है। यदि किसी कारणवश



तय समय में डिलीवरी नहीं हो पाती है, तो ग्राहकों को "मनी बैक गारंटी" का लाभ भी दिया जाता है। इस सुविधा का उद्देश्य ग्राहकों को तेज, सुरक्षित और भरोसेमंद डाक सेवा उपलब्ध कराना है।

### 22 अगस्त तक भेजें राखी

इस वर्ष रक्षाबंधन का पर्व 28 अगस्त 2026 को मनाया जाएगा। इसे ध्यान में रखते हुए डाक विभाग ने 22 अगस्त 2026 तक राखी मेल की बुकिंग और प्रेषण के लिए विशेष व्यवस्था की है, ताकि देश के किसी भी हिस्से में रहने वाले भाइयों तक राखियां समय पर पहुंच सकें।

### छह महानगरों के लिए विशेष सुविधा

डाक विभाग ने बताया कि 24 स्पीड पोस्ट सेवा केवल 35 निर्धारित बुकिंग केंद्रों पर उपलब्ध है। इस सेवा के माध्यम से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद जैसे छह प्रमुख महानगरों में अत्यंत तेज डिलीवरी की सुविधा प्रदान की जा रही है।

संचार मंत्रालय के अनुसार, त्योहारी सीजन में यह सेवा ग्राहकों को तेज, विश्वसनीय और समयबद्ध डिलीवरी का बेहतर विकल्प उपलब्ध कराती है, जिससे राखियां बिना किसी परेशानी के समय पर अपने गंतव्य तक पहुंच सकें।

### इन डाकघरों में बनाए गए विशेष राखी काउंटर

डाक विभाग ने दिल्ली के कई प्रमुख डाकघरों में विशेष राखी काउंटर स्थापित किए हैं। इनमें अशोक विहार मुख्य डाकघर (एचपीओ), नई दिल्ली जीपीओ, दिल्ली जीपीओ, सिविल लाइंस, न्यू सब्जी मंडी, चाणक्यपुरी, नारायणा इंडस्ट्रियल एस्टेट एचपीओ, पटेल नगर, दिल्ली कैंट, पश्चिम विहार, हौज खास, रमेश नगर मुख्य डाकघर, इंद्रप्रस्थ, रोहिणी सेक्टर-7, जनकपुरी, आर.के. पुरम सेक्टर-5, कृष्णा नगर, आर.पी. भवन, करोल बाग और संसद मार्ग सहित कई अन्य डाकघर शामिल हैं।

## बिहार कैबिनेट के 17 बड़े फैसले, PPP मॉडल पर 16 मेडिकल कॉलेजों को मंजूरी

समाज जागरण

पटना, 5 अगस्त। बिहार मंत्रिमंडल की बैठक में बुधवार को 17 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। सबसे अहम निर्णय 'सात निश्चय-3' के तहत राज्य के 16 ब्राउनफील्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों के संचालन को पीपीपी मॉडल पर आगे बढ़ाने का रहा। इसके लिए ट्रांजैक्शन एडवाइजर के रूप में प्राइसवाटरहाउसकूपर्स का चयन करते हुए 8.27 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

कैबिनेट ने राजगीर में 25 करोड़ रुपये की लागत से स्पोर्ट्स साइंस सेंटर, जमालपुर और मुंगेर की जलापूर्ति परियोजनाओं, एमएसएमई



निदेशालय के पुनर्गठन, तीन प्रमंडलों में एनडीपीएस मामलों के लिए विशेष अदालतों और एससी-एसटी अत्याचार मामलों के लिए 19 अतिरिक्त विशेष न्यायालयों को भी मंजूरी दी।

इसके अलावा, बाल गृहों में 330 गृह रक्षकों की तैनाती, आयुष सेवा नियमावली में संशोधन, बिहार हेली-टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म योजना, पूर्वी चंपारण में केंद्रीय विद्यालय के लिए भूमि, नवादा में बिहार औद्योगिक सुरक्षा बल के लिए 44 एकड़ जमीन तथा 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' के लिए 6.12 करोड़ रुपये के व्यय को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

## शादी की फोटो से वैध विवाह साबित नहीं होता, रस्में और सबूत जरूरी: कलकत्ता हाईकोर्ट

समाज जागरण

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि केवल शादी की तस्वीरें किसी वैध विवाह का पुख्ता प्रमाण नहीं मानी जा सकतीं। अदालत ने स्पष्ट किया कि विवाह को कानूनी रूप से सिद्ध करने के लिए आवश्यक वैवाहिक रस्मों के पालन, गवाहों और अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों का होना जरूरी है।



मामला एक आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) कर्मचारी से जुड़ा था, जिसकी बर्खास्तगी को पहले रद्द कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने उस फैसले को निरस्त करते हुए कहा कि केवल विवाह की तस्वीरों के आधार पर पति-पत्नी का संबंध साबित नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि वैध विवाह साबित करने के लिए कानून के अनुरूप पर्याप्त और भरोसेमंद साक्ष्य प्रस्तुत करना आवश्यक है।

यह फैसला भविष्य में विवाह संबंधी विवादों और सेवा मामलों में साक्ष्यों के महत्व को लेकर एक महत्वपूर्ण न्यायिक दृष्टांत माना जा रहा है।

## आरबीआई ने रेपो रेट 5.25% पर रखा स्थिर, सेंसेक्स-निफ्टी बढ़त के साथ बंद

समाज जागरण

मुंबई, 5 अगस्त। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर यथावत रखने और मौद्रिक नीति का रुख 'न्यूट्रल' बनाए रखने के बाद बुधवार को शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स 152.05 अंक चढ़कर 78,581.00 पर और एनएसई निफ्टी 9.75 अंक की बढ़त के



साथ 24,624.65 पर बंद हुआ। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत पर बरकरार रखी, जबकि खुदरा महंगाई (सीपीआई) का अनुमान 5.1 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया। इससे निवेशकों की धारणा मजबूत रही।

कारोबार के दौरान श्रीराम फाइनेंस, ग्रासिम इंडस्ट्रीज और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही। वहीं निफ्टी मेटल, रियल्टी और ऑटो सूचकांक बढ़त में रहे, जबकि बैंकिंग शेयरों में हल्की कमजोरी देखने को मिली। विशेषज्ञों के अनुसार, निफ्टी के लिए 24,500 का स्तर प्रमुख समर्थन और 24,600 का स्तर महत्वपूर्ण प्रतिरोध बना हुआ है। (इनपुट: आईएएनएस)

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी विवाद की आड़ में हिंदू धर्म का अपमान




विगत 31 जुलाई 2026 को राजनीतिक विरोध के अधिकार के नाम पर निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने भगवा वस्त्र धारणकर संसद भवन के परिसर में नाटक खेला; राहुल, अखिलेश, डिंपल, अवधेश आदि ने उसमें विभिन्न भूमिकाएँ निभाईं और अन्य विरोधी दलों के सांसदों ने हंसते हुए तालियां बजाकर इस नाटक का आनंद लिया। यह घटना हिंदू धर्म व सनातन प्रतीकों का अत्यंत निर्लज्ज अपमान है। इस नाटक के दौरान प्रभु श्रीराम लला का जो चित्र पप्पू यादव के हाथ में था उसे उन्होंने सपा सांसद अवधेश प्रसाद के जूतों के पास रखा और जमीन पर रगड़ा। यह सब तब किया गया जब राम मंदिर चढ़ावा चोरी की जांच सुपीम कोर्ट की सलाह से बनाई गई एसआईटी कर रही है।

समाजवादी पार्टी अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा चोरी विवाद को आधार बनाकर 2027 का विधानसभा चुनाव जीतने का सपना देख रही है और इस मामले को आगामी विधानसभा चुनावों तक खींचने का प्रयास कर रही है। संसद से सड़क तथा विधानसभा चढ़ावा चोर- गद्दी छोड़ का नारा लगाकर राजनीतिक बढ़त प्राप्त करने का असफल प्रयास कर रही है। आरम्भ में सपा का विरोध प्रदर्शन नियंत्रण में था किंतु बिहार के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव और राहुल गांधी के साथ आते ही यह निर्लज्ज हिन्दू अपमान में बदल गया। हिंदू समाज सब कुछ स्वीकार कर सकता है किंतु भगवान राम व सनातन आस्था के प्रतीकों का इस प्रकार से अपमान वह स्वीकार नहीं करता और सही समय पर उत्तर देता है। आश्चर्यजनक रूप से चढ़ावा चोरी की चिंता वो कर रहे हैं, जिनके लिए प्रभु राम काल्पनिक हैं, जिन्होंने 31 अक्टूबर तथा 2 नवम्बर 1990 को अयोध्या में निहत्थे रामभक्तों का नरसंहार किया था, जिनको अयोध्या में राम मंदिर की जगह अस्पताल, शौचालय या दोबारा बाबरी बनानी थी। वो लोग राम मंदिर के चढ़ावा चोरी विवाद पर राजनीति कर रहे हैं जिन्होंने रामजन्म भूमि विवाद के निर्णय को लटकाने से लेकर मंदिर के भूमि पूजन और प्राण प्रतिष्ठा तक तमाम प्रकार की बाधाएं उत्पन्न करी थीं, जिन्होंने अपने -अपने राज्य में रामभक्त जनमानस राम मंदिर का उद्घाटन न देख सकेइसलिए उस समय बिजली काट दी थी, जिन्होंने मुस्लिम मतदाताओं को रिझाने के लिए राम मंदिर के उद्घाटन से दूरी बना ली थी और आज तक भगवान श्रीराम के चरणों में अपना शीष नहीं नवाया है।

पिछले कुछ समय से मुस्लिम तुष्टिकरण में संलिप्त रहने वाले इंडी गठबंधन के नेताओं ने हिंदू समाज पर हमलों को तीव्र कर दिया है। इन दलों व नेताओं को यह स्पष्ट रूप से पता होना चाहिए कि हिंदू सनातन व भगवा वस्त्र के अपमान पर खून का घूँट पी लेता है, सड़क पर उतार कर अराजकता नहीं करता किंतु उचित समय आने पर ऐसे लोगों को बाहर का रास्ता दिखा देता है। एक बार वामपंथी लेखक /नाटककार मुद्राराक्षस से गोस्वामी तुलसीदास का मजाक बनाया था उसके बाद मुद्राराक्षस साहित्यिक मंचों के अछूत पुरूष हो गये थे। महान चित्रकार मकबूल फिदा हुसैन की पेटिंग्स करोड़ों में बिकती थी किंतु जब उन्होंने हिंदू देवी -देवताओं की नग्न व अश्लील पेंटिंग्स बनाईं तो भागकर एक अरब देश की शरण में जाकर गुमनाम जीवन जीना पड़ा।

निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने भगवा वस्त्र पहनकर देश भर के करोड़ों पुजारियों और संतों का घोर अपमान किया है। हमारे भगवाधारी आद्य ऋषियों से लेकर आज तक की समस्त भगवाधारी परंपरा का अपमान किया है। यही कारण है कि आज केवल संत समाज ही नहीं अपितु सपूर्ण हिंदू समाज आहत है। इस घटना से आहत व आक्रोशित संत समाज का कहना है कि इस प्रहसन से राहुल गांधी, पप्पू यादव और अवधेश प्रसाद जैसे सांसदों की घटिया मानसिकता उजागर हुई है। जगद्गुरू परमहंस आचार्य कहा कि इन लोगों को ऐसी जगह दिखा देनी चाहिए जहाँ से वे कभी देश की सर्वोच्च पंचायत तक पहुँचने का सपना भी न देख सकें। संत समाज का कहना है कि संत समाज ने अभी तक गैर भाजपा दलों के प्रति उदारता दिखाई लेकिन अब यह सिद्ध हो गया है कि विपक्ष हमेशा सनातन संस्कृति को नुकसान पहुंचाता है। जिन सांसदों ने पप्पू यादव का सहयोग किया वो भी देश के लिए दुर्भाग्य हैं। संत समाज ऐसे सांसदों के संसद में प्रवेश प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहा है।

यहां पर एक बड़ा सवाल यह भी खड़ा होता है कि क्या ये लोग पादरी या मौलाना की वेशभूषा धारण करके या क्रॉस, बुर्का आदि पहन करके अन्य धर्मों का मजाक बना सकते हैं ? नहीं कर सकते हैं। अगर किसी ने गलती से कभी कर भी दिया तो सिर तन से जुदा हो सकता है। यह सभी दल मुस्लिम व अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के दलदल में इतना धंस चुके हैं कि शायद वापसी का रास्ता ही नहीं बचा है और उन सभी लोगों को प्रसन्न रखने के लिए इनको हिंदू सनातन समाज को अपमानित करने के लिए प्रहसन खेलते ही रहने होंगे।

चढ़ावा चोरी का मुद्दा उठाते हुए यह लोग इतना बहक गये हैं कि समस्त मयार्दा ही भूल गये हैं। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने विरोध करते -करते ये पूछ लिया कि, मोदी की सीता कौन हैं? इस प्रश्न से वो किसका अपमान कर रहे थे? क्या हिंदुओं की सहिष्णुता को उनकी कमजोरी मानकर उनके प्रतीकों पर हमले किये जाते रहेंगे? आज सपा विधायक विधानसभा में सवाल पूछ रहे हैं कि चढ़ावा चोर कहां मिलेंगे, किंतु हिंदू समाज को वह बयान भी याद है जब सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अयोध्या दीपोत्सव में दीपक जलाने का विरोध किया था और मजाक बनाते हुए कहा था कि दीपक नहीं मोमबत्ती जलानी चाहिए।

भारत का हिंदू समाज हजारों वर्षों से अपनी आस्था,परंपरा और संस्कृति को लेकर जीता आया है। उसने बहुत कुछ सहा है फिर भी अपनी संस्कृति, परंपरा और आराध्यों के प्रति उसकी श्रद्धा अटूट बनी रही किन्तु इसका अर्थ यह नहीं कि हर दिन उसकी सहनशीलता की परीक्षा ली जाए। हिंदू समाज समय आने पर ऐसे अराजक तत्वों को सही उत्तर अवश्य देगा। चढ़ावा चोरी से हिंदू समाज आहत अवश्य है किन्तु मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में चल रही है। हिन्दू समाज अपने देश की न्यायपालिका पर पूर्ण विश्वास करता है। इस मामले की आड़ में विरोधी दल जो कर रहे हैं वह विकृत राजनीति से परे और कुछ नहीं हैं।

**मृत्युंजय दीक्षित**

# विकास की नींव या भ्रष्टाचार की बुनियाद ?



अजय कुमार

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे का उद्घाटन 13 जुलाई 2026 को हुआ था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फीता काटा था और उस वक्त इस 63 किलोमीटर लंबे छह लेन के एलिवेटेड कॉरिडोर की तुलना जर्मनी की सड़कों से की गई थी। 4,200 करोड़ रुपये की इस परियोजना का सपना बड़ा था, लेकिन हकीकत उससे कहीं ज्यादा शर्मनाक निकली। उद्घाटन के महज तेरह दिन बाद उन्नाव जिले के कोरारी के पास सड़क का एक बड़ा हिस्सा कई मीटर तक धंस गया। एनएचएआई ने इसे 'स्लिपेज की समस्या' और नियमित रखरखाव का हिस्सा बताकर पल्ला झाड़ने की कोशिश की, मगर चार दिन बाद ही यही सड़क दोबारा धंस गई। जुलाई खत्म होते-होते यह सिलसिला कम से कम पांच बार दोहराया जा चुका था। जिस सड़क को देश के सबसे महंगे टोल वाले एक्सप्रेसवे के रूप में पेश किया गया, वह हल्की बारिश भी नहीं झेल पाई। सवाल यह नहीं कि बारिश कितनी हुई, सवाल यह है कि जो सड़क सामान्य मानसून के पहले ही झटके में उखड़ जाए, उसकी नींव में आखिर डाला क्या गया था। यह अकेला उदाहरण नहीं है। इसी साल मई के आखिरी हफ्ते में उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में एक निमार्णाधीन पुल का हिस्सा तेज तूफान के दौरान ढह गया था, जिसमें कम से कम छह मजदूरों की जान चली गई थी। जुलाई के मध्य में देहरादून-पांवटा साहिब मार्ग पर टौंस नदी पर बना सोलह करोड़ रुपये का पुल, जिस पर वाहनों की आवाजाही शुरू हुए मुश्किल से एक दिन बीता था, पहली बड़ी बारिश में ही जगह-जगह धंस गया। स्थानीय लोगों का कहना था कि यह पुल पहले भी एक बार बह चुकी अस्थायी पुलिया की जगह जल्दबाजी में बनाया गया था। जून के आखिर में असम में एक पुल पूरी तरह बह गया, और गांव वालों ने बताया कि उन्होंने निर्माण के समय लोहे के बजाय पक्के कंक्रीट के पुल की मांग की थी, जिसे अनसुना कर दिया गया। नतीजा यह हुआ कि नदी पार स्कूल जाने वाले बच्चों और खेतों तक पहुंचने वाले किसानों का रास्ता ही बंद हो गया।

यह पैटर्न किसी एक राज्य या किसी एक ठेकेदार तक सीमित नहीं है, यह पूरे देश के निर्माण तंत्र की बीमारी बन चुका है। संसद में हाल ही में केंद्र सरकार ने खुद स्वीकार किया कि इस समय देश भर में 1,191 नेशनल हाईवे परियोजनाएं निमार्णाधीन हैं, जिनमें से 629 यानी करीब आधी परियोजनाएं तय समय-सीमा के भीतर पूरी नहीं हो सकीं। इतना ही नहीं, वर्ष 2023-24 से 2025-26 के बीच घटिया गुणवत्ता के काम को लेकर 103 ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। यह आंकड़ा खुद बताता है कि निर्माण में गड़बड़ी कोई इक्का-दुक्का घटना नहीं, बल्कि व्यवस्था का हिस्सा बन चुकी है। इसी दौर में हुए दुर्घटना विश्लेषण के आधार पर देश भर में 6,358 ऐसे सड़क हिस्सों को 'ब्लैक कॉरिडोर' के रूप में चिह्नित किया गया है, जहां बार-बार हादसे होते हैं। यानी जिन सड़कों को सुरक्षित और टिकाऊ बताकर जनता के पैसे से बनाया गया, उनमें से हजारों हिस्से खुद खतरे की निशानी बन चुके हैं। सवाल यह भी उठता है कि जब गुणवत्ता की जांच और ठेकेदारों पर कार्रवाई का तंत्र मौजूद है, तो फिर हर मानसून में यही कहानी क्यों दोहराई जाती है। जवाब निर्माण से जुड़े हर व्यक्ति को पता है, मगर खुलकर कोई नहीं बोलता। जहां भी सरकारी निर्माण होता है, वहां कमीशनखोरी एक अघोषित लेकिन तयशुदा नियम बन चुकी है। ठेका मिलने से पहले ही तय हो जाता है कि किस स्तर पर कितना प्रतिशत 'व्यवस्था' में जाएगा, और जब असली निर्माण सामग्री और मजदूरी में से इतना हिस्सा पहले ही निकाल लिया जाता है, तो बाकी बचे बजट में मजबूत सड़क या पुल बनना लगभग असंभव हो जाता है। यही वजह है कि लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे जैसी परियोजना, जिसे देश के सबसे आधुनिक कॉरिडोर के रूप में प्रचारित किया गया, दो हफ्ते में मरम्मत का मोहताज बन गई।

निलंबन और ब्लैकलिस्टिंग जैसी कार्रवाइयां देखने में सख्त लगती हैं, लेकिन असर में बेहद कमजोर साबित होती हैं। जांच पूरी होने तक तीन इंजीनियरों को काम से हटाना एक रस्म भर है, क्योंकि आगे चलकर वही अधिकारी किसी और परियोजना में लौट आते हैं। घटिया निर्माण के दोषी ठेकेदार भी काली सूची में डाले जाने के बाद नाम और कंपनी का ढांचा बदलकर नए सिरे से टेंडर भरने लगते हैं। यह खेल इतना पुराना और इतना संगठित हो चुका है कि अब इसे रोकने वाला कोई डर बाकी नहीं बचा। दिलचस्प यह भी है कि अंग्रेजों के जमाने में बने पुल, रेलवे पुल और सड़कें आज भी सौ-सौ साल बाद मजबूती से खड़ी हैं, जबकि आजादी के बाद और खासकर हाल के वर्षों में बनी कई परियोजनाएं उद्घाटन के हफ्तों के भीतर बिखरने लगती हैं। यह फर्क तकनीक की कमी से नहीं, नीयत की कमी से पैदा होता है। देश ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है, और इस सपने की नींव सड़कों, पुलों, रेलवे स्टेशनों और हवाई अड्डों जैसे बुनियादी ढांचे पर ही टिकी है। लेकिन जब हर मानसून में करोड़ों की परियोजनाएं धंसती, बहती और ढहती नजर आती हैं, तो यह सवाल लाजमी हो जाता है कि क्या रफ्तार और गुणवत्ता एक साथ चल भी पा रहे हैं या नहीं। जब तक कमीशन की संस्कृति निर्माण की नींव से नहीं हटाई जाएगी, तब तक हर नया एक्सप्रेसवे, हर नया पुल केवल एक नई सुर्खी बनकर रह जाएगा, जो पहली बारिश में ही उस भ्रष्टाचार की गवाही देने लगेगा, जिस पर वह खड़ा किया गया है।

# हृदय उपचार में नई क्रांति, भारत ने रचा इतिहास

भारत ने चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में एक ऐसी उपलब्धि हासिल की है जिसने न केवल देश का गौरव बढ़ाया है, बल्कि विश्व चिकित्सा समुदाय का ध्यान भी अपनी ओर आकर्षित किया है। नई दिल्ली स्थित वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज और सफदरजंग अस्पताल के डॉक्टरों ने दुनिया की पहली रोबोटिक सिस्टमिक लेफ्ट एट्रियोवेंट्रिकुलर वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक करके इतिहास रच दिया है। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि इसे एक अत्यंत दुर्लभ और जटिल जन्मजात हृदय विकार से पीड़ित वयस्क मरीज पर सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत अब केवल आधुनिक चिकित्सा तकनीकों का उपभोक्ता नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर नवाचार और नेतृत्व करने वाला देश भी बन चुका है।

हृदय मानव शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है और इसकी संरचना अत्यंत जटिल होती है। हृदय के भीतर चार वाल्व होते हैं जो रक्त के प्रवाह को सही दिशा में बनाए रखते हैं। इनमें एट्रियोवेंट्रिकुलर या एवी वाल्व का विशेष महत्व है क्योंकि यह हृदय के ऊपरी और निचले कक्षों के बीच रक्त प्रवाह को नियंत्रित करता है। जब यह वाल्व क्षतिग्रस्त हो जाता है या ठीक से कार्य नहीं करता, तब मरीज को सांस फूलना, अत्यधिक थकान, हृदय की धड़कनों में अनियमितता और अंततः हृदय विफलता जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कई बार ऐसी स्थिति में दवाएं पर्याप्त नहीं होतीं और वाल्व को बदलना ही एकमात्र विकल्प रह जाता है।

इस मामले की सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि मरीज सामान्य हृदय संरचना वाला नहीं था। उसे कंजेनियली करेक्टेड ट्रांसपोज़िशन ऑफ द ग्रेट आर्टरीज अर्थात ळळ्रऋअ नामक अत्यंत दुर्लभ जन्मजात विकार था। इस स्थिति में हृदय के निचले कक्षों की संरचना उलट जाती है और सामान्यतः कम दबाव सहने वाला दायां निलय पूरे शरीर में रक्त पहुंचाने का कार्य करने लगता है। इसके साथ ही मरीज को डेक्स्ट्रोकार्डिया भी था, जिसमें हृदय सामान्य स्थान के बजाय छाती के दाहिने भाग में स्थित होता है। इन दोनों स्थितियों के कारण सर्जरी सामान्य हृदय शल्य चिकित्सा की तुलना में कई गुना अधिक कठिन हो जाती है।

ऐसी जटिल परिस्थितियों में पारंपरिक ओपन हार्ट सर्जरी भी जोखिमपूर्ण मानी जाती है। सामान्यतः इस प्रकार की सर्जरी में मरीज की छाती की हड्डी को बीच से काटकर हृदय तक पहुंचा जाता है। यह प्रक्रिया सफल तो होती है, लेकिन इसमें अधिक रक्तस्राव, संक्रमण की संभावना, लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहना और कई सप्ताह की रिकवरी जैसी चुनौतियां जुड़ी रहती हैं। इसके विपरीत रोबोटिक सर्जरी में केवल छोटे छोटे चीरे लगाए जाते हैं और अत्याधुनिक रोबोटिक भुजाओं की सहायता से सर्जन अत्यंत सूक्ष्मता के साथ ऑपरेशन करते हैं। सर्जन स्वयं मशीन नहीं होता, बल्कि वह विशेष कंसोल से रोबोटिक उपकरणों को नियंत्रित करता है। मशीन केवल उसकी गतिविधियों को अधिक सटीक, स्थिर और नियंत्रित रूप में मरीज तक पहुंचाती है।

सफदरजंग अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने इस ऑपरेशन से पहले मरीज के हृदय का विस्तृत त्रि आयामी पुनर्निर्माण तैयार किया। कंप्यूटर आधारित थ्री डी इमेजिंग की सहायता से पूरे ऑपरेशन की पूर्व योजना बनाई गई ताकि हृदय की असामान्य संरचना के बावजूद किसी प्रकार की त्रुटि न हो। इसके बाद विशेष रूप से संशोधित रोबोटिक तकनीक का उपयोग करते हुए बाईं ओर से पहुंच बनाकर क्षतिग्रस्त वाल्व को हटाया गया और उसके स्थान पर नया कृत्रिम वाल्व सफलतापूर्वक लगाया गया। विशेषज्ञों के अनुसार यह विश्व का पहला प्रलेखित मामला है जिसमें इस प्रकार की जटिल संरचना वाले मरीज पर इस तकनीक का सफल प्रयोग किया गया।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी विभाग की अनुभवी टीम का वर्षों का अनुभव, सूक्ष्म योजना और आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग रहा। इस टीम का नेतृत्व प्रोफेसर डॉ. अनुभव गुप्ता ने किया, जबकि अस्पताल की निदेशक डॉ. कविता शर्मा के नेतृत्व में संस्थान ने इस उपलब्धि को संभव बनाया। यह केवल एक चिकित्सकीय सफलता नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में उच्च स्तरीय तकनीक को सफलतापूर्वक लागू करने का उत्कृष्ट उदाहरण भी है।

रोबोटिक कार्डियक सर्जरी के अनेक लाभ हैं। सबसे बड़ा लाभ यह है कि मरीज की छाती को पूरी तरह खोलने की आवश्यकता नहीं पड़ती। छोटे चीरे होने से दर्द कम होता है, रक्तस्राव कम होता है और संक्रमण का खतरा भी घट जाता है। अस्पताल में रहने की अवधि कम हो जाती है तथा मरीज अपेक्षाकृत जल्दी अपने सामान्य जीवन और कार्य पर लौट सकता है। इसके अतिरिक्त रोबोटिक उपकरणों की सूक्ष्म गति के कारण सर्जरी के दौरान आसपास के ऊतकों को कम नुकसान पहुंचता है। यही कारण है कि विश्व के विकसित देशों में रोबोटिक सर्जरी का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है और अब भारत भी इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

भारत में रोबोटिक सर्जरी का विकास पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय रहा है। पहले इसका उपयोग मुख्य रूप से निजी अस्पतालों तक सीमित था क्योंकि यह तकनीक अत्यंत महंगी मानी जाती थी। लेकिन अब सरकारी अस्पताल भी इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। सफदरजंग अस्पताल पहले भी सार्वजनिक क्षेत्र में भारत की पहली रोबोटिक माइट्रल वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी जैसी उपलब्धियां हासिल कर चुका है। वर्तमान सफलता इस यात्रा का अगला महत्वपूर्ण पड़ाव है, जिसने यह सिद्ध किया है कि सरकारी चिकित्सा संस्थान भी अत्याधुनिक वैश्विक मानकों पर कार्य करने में सक्षम हैं।

इस उपलब्धि का महत्व केवल चिकित्सा विज्ञान तक सीमित नहीं है। यह भारत की वैज्ञानिक क्षमता, अनुसंधान संस्कृति और स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का भी प्रतीक है। जब कोई सरकारी अस्पताल विश्व स्तर की उपलब्धि हासिल करता है तो उसका लाभ समाज के उन वर्गों तक भी पहुंचता है जो महंगे निजी अस्पतालों का खर्च वहन नहीं कर सकते। इससे यह विश्वास मजबूत होता है कि गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं केवल संपन्न लोगों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि हर नागरिक को उपलब्ध होनी चाहिए।

यह सफलता चिकित्सा शिक्षा के लिए भी अत्यंत प्रेरणादायक है। देश के मेडिकल छात्र, युवा सर्जन और शोधकर्ता अब अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीकों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने के अधिक अवसर प्राप्त करेंगे। इससे भविष्य में भारत में रोबोटिक सर्जनों की संख्या बढ़ेगी और अनेक जटिल रोगों का उपचार अधिक सुरक्षित और प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। साथ ही चिकित्सा उपकरणों के स्वदेशी विकास और अनुसंधान को भी नई गति मिलेगी।

भारत सरकार की डिजिटल स्वास्थ्य, अनुसंधान और चिकित्सा अवसंरचना को मजबूत करने वाली नीतियां भी इस उपलब्धि के पीछे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आधुनिक चिकित्सा उपकरण, उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित इमेजिंग और डिजिटल योजना जैसी तकनीकों का समन्वय भविष्य की चिकित्सा का आधार बनता जा रहा है। यदि इसी प्रकार अनुसंधान और नवाचार को निरंतर प्रोत्साहन मिलता रहा तो भारत विश्व स्तर पर रोबोटिक चिकित्सा का प्रमुख केंद्र बन सकता है।

भविष्य की दृष्टि से यह उपलब्धि अनेक नई संभावनाओं के द्वार खोलती है। आने वाले वर्षों में रोबोटिक तकनीक का उपयोग केवल हृदय ही नहीं, बल्कि न्यूरोसर्जरी, कैंसर उपचार, प्रत्यारोपण सर्जरी और बाल चिकित्सा जैसे जटिल क्षेत्रों में भी व्यापक रूप से बढ़ेगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, थ्री डी इमेजिंग, मशीन लर्निंग और रोबोटिक्स का संयुक्त उपयोग चिकित्सा को अधिक सुरक्षित, सटीक और व्यक्तिगत बनाएगा। इससे मरीजों की जीवन गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

सफदरजंग अस्पताल की यह ऐतिहासिक सफलता पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि बताती है कि प्रतिभा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आधुनिक तकनीक और समर्पित चिकित्सा सेवा का संगम असंभव प्रतीत होने वाले कार्यों को भी संभव बना सकता है। दुनिया की पहली रोबोटिक सिस्टमिक एट्रियोवेंट्रिकुलर वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी केवल एक ऑपरेशन नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती वैज्ञानिक शक्ति, चिकित्सा उत्कृष्टता और वैश्विक नेतृत्व की घोषणा है। आने वाले समय में यह उपलब्धि न केवल लाखों हृदय रोगियों के उपचार का मार्ग प्रशस्त करेगी, बल्कि भारत को उन्नत रोबोटिक चिकित्सा के वैश्विक मानचित्र पर और अधिक सशक्त स्थान भी दिलाएगी।



महेन्द्र तिवारी

# एक ऐसी दुनिया जहाँ सब उपलब्ध हैं, पर कोई उपस्थित नहीं

सभ्यता का सबसे गहरा घाव किसी युद्ध, महामारी या आर्थिक संकट ने नहीं, उस चमकती स्क्रीन ने दिया है जिसे हमने सुविधा समझकर जीवन का केंद्र बना लिया। इतिहास में पहली बार संवाद के साधन सबसे अधिक हैं, पर संवाद सबसे कम है। आवाजें हैं, पर महत्व नहीं। हर चेहरा ऑनलाइन है, पर हर मन ऑफलाइन हो रहा है। रिश्ते, दफ्तर, लोकतंत्र और अंतर्मन तक 'म्यूट' होने लगे हैं। उँगलियाँ सक्रिय हैं, पर संवेदनाएँ निष्क्रिय। उत्तर तुरंत मिल रहे हैं, लेकिन किसी को समझने में पहले से अधिक समय लग रहा है। यह तकनीक की विजय नहीं, मानवीय उपस्थिति के मौन विस्थापन की कथा है। जिसने दुनिया को जोड़ने का दावा किया, उसी ने मनुष्य को उसके सबसे निकट बैठे व्यक्ति से सबसे अधिक दूर कर दिया। यही हमारे समय का सबसे मौन, व्यापक और सबसे कम समझा गया सामाजिक पतन है।

परिवारों का विघटन अब खामोशी में हो रहा है। घर दीवारों से नहीं, स्क्रीन से संचालित हैं। एक ही छत के नीचे लोग अलग-अलग डिजिटल दुनियाओं में जी रहे हैं। भारत में औसत व्यक्ति प्रतिदिन सात घंटे से अधिक स्क्रीन पर बिताता है। माता-पिता पाँच घंटे से अधिक और बच्चे चार घंटे से अधिक समय स्मार्टफोन पर बिताते हैं। अध्ययनों में दो-तिहाई माता-पिता और आधे से अधिक बच्चों ने माना कि मोबाइल ने रिश्तों की ऊष्मा घटा दी है। भोजन की मेज, जो कभी संवाद का केंद्र थी, अब रील्स का मंच है। बच्चे बोलना चाहते हैं, पर माता-पिता स्क्रीन पर हैं; माता-पिता संवाद चाहते हैं, तब बच्चे स्क्रॉल करते हैं। सामने बैठे व्यक्ति की उपेक्षा कर मोबाइल में डूबे रहने की आदत–'फुबिंग'–सामान्य हो रही है। रिश्ते अचानक नहीं टूटते; वे पहले सुनना, फिर महसूस करना छोड़ते हैं। अंततः केवल औपचारिक संपर्क बचता है। घर अब भी हैं, पर आत्मीयता साइलेंट मोड में है।

कार्यस्थलों की सबसे बड़ी दूरी अब किलोमीटरों में नहीं, मनुष्यों के बीच मापी जाती है। कार्यालयों की नई वास्तुकला ईंट-पत्थर नहीं, बैंडविड्थ से बनती है। वर्क फ्रॉम होम ने काम घर तक पहुँचाया, पर अदृश्य दूरियाँ खड़ी कर दीं। कमरे पास, मन दूर। शोध बताते हैं कि दूरस्थ कर्मचारी अधिक अकेलापन और मानसिक तनाव महसूस करते हैं। डिजिटल बैठकों में कैमरे बंद, माइक्रोफोन म्यूट; उपस्थिति दर्ज, सहभागिता नहीं। कर्मचारी का मूल्य विचारों से अधिक ऑनलाइन सक्रियता से आँका जाता है। प्रमोशन चेहरों से नहीं, स्क्रीन पर दर्ज गतिविधियों से जुड़ने लगा है। कभी दफ्तर बातचीत से चलते थे, आज वह काम के बीच बची है। तकनीक ने गति बढ़ाई, पर सहयोग का ताप घटा दिया। कार्यस्थल संवाद नहीं, डिजिटल प्रक्रियाओं के केंद्र हैं।

किसी लोकतंत्र का पतन तब नहीं शुरू होता, जब लोग बोलना छोड़ देते हैं; वह तब शुरू होता है, जब वे सुनना छोड़ देते हैं। जनचर्चा की चौपाल अब एल्गोरिदम के दरबार में बदल चुकी है। कभी राजनीति जनसभाओं, बहसों और प्रत्यक्ष संवाद से चलती थी; आज स्क्रीन पर सिमट गई है। सोशल मीडिया पर राजनीतिक सामग्री का उपभोग बढ़ रहा है, पर विचार की गहराई घट रही है। युवा समाचार रील्स में देखते हैं, नारे शॉर्ट्स में सुनते हैं और आक्रोश इमोजी से जताते हैं। संवाद की जगह प्रतिक्रिया ने ले ली है–लाइक, शेयर, एंग्री फेस। सत्ता जनता की आँखों में कम, ट्रेंडिंग सूची में अधिक झाँकती है। जनता सड़क पर कम, फीड में अधिक दिखती है। कुछ सेकंड के विमर्श में जटिल प्रश्न मनोरंजन बन जाते हैं। लोकतंत्र की आवाज म्यूट होती है, तो केवल चुनाव नहीं, नागरिकता भी कमजोर पड़ती है।

मनुष्य की सबसे लंबी दूरी अब स्वयं से है। भावनाएँ अनुभव नहीं, नोटिफिकेशन बनती जा रही हैं। प्रेम स्टोरी में सिमट गया है, दोस्ती वर्चुअल समूहों में कैद है और अपनापन ऑनलाइन उपस्थिति से मापा जाता है। अध्ययन बताते हैं कि केवल आभासी संपर्क रखने वाले लोग मित्रताओं से कम संतुष्ट रहते हैं। विडंबना यह है कि संपर्क सूची बढ़ती जाती है, पर अकेलापन भी गहराता जाता है। स्क्रीन ने दुनिया से जोड़ा, पर स्वयं से दूर कर दिया। अब हम उपलब्धियों का मूल्य अनुभवों से नहीं, दूसरों की रील्स से तय करते हैं। निरंतर तुलना आत्मसम्मान को क्षीण करती है। चेहरे मुस्कुराते हैं, प्रोफाइल चमकती हैं, पर मन का एकांत और गहरा हो जाता है। भीड़ में जन्मा यही अकेलापन हमारे समय की नई सामाजिक बीमारी है।

## तीन तीर और तीन निशाने

तीन राज्य और तीन सीटों का आया हैं नतीजा,
किसी के चेहरे पे मुस्कान, आया हैं किसे मजा।
जनता ने फिर "साफ" कहा-यहीं हैं हमारी अदा,
लोकतंत्र की "चौखट" पे, झूठा ना करिए वादा।

कहीं कमल मुस्काया फिर से हाथ ने बाजी मारी,
कहीं "नई उम्मीदों" ने लिख दी, सत्ता की तैयारी।
कुर्सी का हर ताज यहाँ पे, जनता की है यहीं देन,
अहंकारियों के शीश झुकाती, ये मतपेटी की रैन।

तीन राज्य, तीन परिणाम, तीन दिशाओं के संदेश,
काम करेगा वही टिकेगा, ये लोकतंत्र का परिवेश।
नाम बड़ा, पद ऊँचा हो, फिर भी याद रहे यह बात,
जनता के विश्वास बिना, अधूरी रहती हर सौगात।

हार किसी की अंतिम नहीं, जीत भी "नहीं" स्थायी,
राजनीति की इस "चौसर" में, जनता सबसे न्यायी।
सेवा असल पहचान बने, न हो केवल शोर-शराबा,
जनमत की इस पावन धरा पर, विकास हो इरादा।
(संदर्भ - मध्यप्रदेश, गुजरात व बिहार के उपचुनाव)

**संजय एम तराणेकर (कवि, लेखक व समीक्षक)**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# स्वर्ण जयंती वर्ष पर दुग्धशाला विकास विभाग का आयोजन, किसानों को योजनाओं की दी जानकारी

## मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के चयनित लाभार्थियों को मिले चयन व अनुमति पत्र, पशु रोग नियंत्रण व आधुनिक डेयरी प्रबंधन पर विशेषज्ञों ने किया मार्गदर्शन

समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर, 5 अगस्त। उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास विभाग के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर बुधवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में दुग्धशाला विकास विभाग एवं पशुपालन विभाग का संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों, पशुपालकों एवं स्वयं सहायता समूहों को विभागीय योजनाओं, आधुनिक डेयरी प्रबंधन, चारा प्रबंधन, पशु रोग नियंत्रण तथा टीकाकरण संबंधी जानकारी दी गई।

इस दौरान मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 की ई-लॉटरी में चयनित लाभार्थियों को मुख्य विकास अधिकारी ने चयन पत्र एवं अनुमति पत्र वितरित किए। लखनऊ से दुग्ध आयुक्त धन लक्ष्मी ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया। साथ ही उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास विभाग की 50 वर्षों की विकास यात्रा तथा पशु रोग नियंत्रण एवं टीकाकरण पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।



मुख्य पशु चिकित्सा धिकारी डॉ. अरुण कुमार सचान, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. विपिन कुमार एवं वैज्ञानिक डॉ. कुमार घनश्याम ने पशुपालन के वैज्ञानिक तरीकों और पशु स्वास्थ्य प्रबंधन की जानकारी दी। नाबार्ड की जिला विकास अधिकारी अलका एवं एलडीएम ने किसानों को कृषि ऋण और किसान क्रेडिट कार्ड योजनाओं की जानकारी दी। वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए कार्यक्रम का संचालन किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों एवं पशुपालकों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान करते हुए संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। अंत में वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# 18 अगस्त से चलेगा विशेष एमआर टीकाकरण अभियान, छूटे बच्चों को लगेगी वैक्सीन

## सीडीओ की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक, 14 वर्ष की पात्र बालिकाओं के शत-प्रतिशत एचपीवी टीकाकरण के निर्देश

समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर, 5 अगस्त। मुख्य विकास अधिकारी भालचंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन में एमआर टीकाकरण अभियान की जिला टास्क फोर्स (डीटीएफ) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में 18 से 28 अगस्त तक जनपद में विशेष एमआर (मीजल्स-रूबेला) टीकाकरण अभियान सफलतापूर्वक संचालित करने की रणनीति पर चर्चा की गई।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर. के. सिरोहा ने बताया कि अभियान के तहत 5 से 10 वर्ष आयु के उन बच्चों को एमआर वैक्सीन की डोज दी जाएगी, जो पूर्व में किसी कारणवश टीकाकरण से वंचित रह गए थे। उन्होंने बताया कि कोविड काल में नियमित टीकाकरण प्रभावित होने के कारण इस आयु वर्ग में खसरा एवं रूबेला संक्रमण का खतरा बढ़ा है। अभियान के दौरान सरकारी एवं निजी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, मदरसों तथा अन्य शिक्षण संस्थानों में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराया जाएगा। इसके लिए 18, 20, 21, 24, 25, 27 और 28 अगस्त को विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित होंगे।



बैठक में एचपीवी टीकाकरण अभियान की भी समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि 14 वर्ष आयु की पात्र बालिकाओं की सूची तैयार कर उनका समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा और आई-ईसीडीएस विभाग को आपसी समन्वय के साथ अभियान सफल बनाने तथा कोई भी पात्र बच्चा या बालिका टीकाकरण से वंचित न रहने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ए. के. झा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी आर. पी. सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) आशीष कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग एवं सहयोगी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# सिविल सर्विसेज चयन ट्रायल की तिथियों में बदलाव, अब 13 अगस्त से होंगे आयोजन

## जिला, मंडल और प्रदेश स्तरीय ट्रायल की संशोधित तिथियां जारी, अन्य नियम पूर्ववत रहेंगे

समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर, 5 अगस्त। खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में वर्ष 2026-27 के जिला, मंडल एवं प्रदेश स्तरीय सिविल सर्विसेज चयन ट्रायल की पूर्व निर्धारित तिथियों में संशोधन किया गया है। इसके तहत गौतमबुद्धनगर में भी चयन ट्रायल अब संशोधित तिथियों पर आयोजित होंगे।

जिला खेल कार्यालय के सहायक प्रशिक्षक डॉ. परवेज अली ने बताया कि अब जिला स्तरीय चयन ट्रायल 13 अगस्त 2026, मंडलीय चयन ट्रायल 18 एवं 19 अगस्त 2026 तथा प्रदेश स्तरीय चयन ट्रायल 24 एवं 25 अगस्त 2026 को आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि चयन ट्रायल की तिथियों में बदलाव किया गया है, जबकि प्रतियोगिता से संबंधित अन्य सभी शर्तें एवं नियम पूर्ववत लागू रहेंगे। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# चांदी व्यापारी लूटकांड का खुलासा, 5 बदमाश गिरफ्तार

## लूटा गया पूरा माल बरामद, 12.138 किलो चांदी, 635 ग्राम सोने के आभूषण, कार और तमंचा भी मिला

संदीप गर्ग/समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस ने चांदी व्यापारी से हुई लूट की सनसनीखेज वारदात का 72 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना बीटा-2 पुलिस, एसओजी ग्रेटर नोएडा और थाना इकोटेक-1 की संयुक्त कार्रवाई में लूटा गया पूरा माल, घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की बलेनो कार और एक अवैध तमंचा बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार, 2 अगस्त को थाना बीटा-2 क्षेत्र में चांदी व्यापारी से लूट की घटना हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पांच विशेष पुलिस टीमें गठित की गईं। सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य और स्थानीय सूचना तंत्र के आधार पर जांच करते हुए पुलिस ने एटीएस गोलचक्कर के पास से अंकुर, अमित, सोहित बंसल, हिमांशु और कमलकांत को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 635 ग्राम सोने के आभूषण, जिनमें पांच हार, दो मंगलसूत्र, 29 पेंडल, 90 अंगूठियां, 18 लॉकेट और 42 जोड़ी झुमकी शामिल हैं, तथा 12.138 किलोग्राम चांदी, घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की बलेनो कार और .315 बोर का अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे संगठित गिरोह बनाकर व्यापारियों की पहले रेकी करते थे। मुख्य आरोपी कमलकांत ने घटना से करीब आठ दिन पहले दिल्ली के चांदनी चौक स्थित सर्राफा बाजार में व्यापारियों की गतिविधियों पर नजर रखी। सूचना मिलने पर गिरोह ने दो कारों से व्यापारी की कार का पीछा किया। ग्रेटर नोएडा में दुर्घटना का बहाना बनाकर कार रुकवाई और तमंचे के बल पर आभूषणों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना बीटा-2 में दर्ज मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं आयुध अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया है। पुलिस अब गिरोह के अन्य आपराधिक रिकॉर्ड और संभावित वारदातों की भी जांच कर रही है। (सौजन्य : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)

## फर्जी वकील बनकर लोगों से ठगी करने वाला गिरफ्तार

# सूरजपुर कोर्ट के बाहर पुलिस की कार्रवाई, नकली नोटरी मोहर और कूटरचित दस्तावेज बरामद

संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा। थाना सूरजपुर पुलिस ने फर्जी अधिवक्ता बनकर लोगों से धोखाधड़ी और अवैध रूप से धन वसूलने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से फर्जी नोटरी प्रपत्र, नकली वकील की मोहर तथा अन्य कूटरचित दस्तावेज बरामद किए हैं।



पुलिस के अनुसार, लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की सहायता से 3 अगस्त को कोर्ट के गेट नंबर-2 के पास से आरोपी वीर सिंह सिसौदिया पुत्र ओमवीर सिंह, निवासी ग्राम ऊंचा अमीपुर, थाना जारचा, गौतमबुद्धनगर को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह स्वयं को सूरजपुर कोर्ट का अधिवक्ता बताकर लोगों का विश्वास जीतता था। वह जमानत कराने और कोर्ट में मुकदमे लड़ने का झांसा देकर फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार करता था तथा उन पर नकली अधिवक्ता और नोटरी की मोहर लगाकर अवैध रूप से धन वसूलता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि उसने अब तक कितने लोगों को अपना शिकार बनाया और इस फर्जीवाड़े में उसके साथ कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल था या नहीं।

# 102 पव्वे अवैध देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

## सेक्टर-39 पुलिस की कार्रवाई, रामलीला मैदान के पास से आरोपी दबोचा

समाज जागरण संदीप गर्ग

नोएडा। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 102 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, गोपनीय सूचना के आधार पर 4 अगस्त को कार्रवाई करते हुए रामलीला मैदान के गेट नंबर-6 के पास से ईश्वर उर्फ काले (21 वर्ष), निवासी सलारपुर, थाना सेक्टर-39, नोएडा को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 102 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद हुई।



पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत थाना सेक्टर-39 में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। (सौजन्य : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)

# सेक्टर-164 में निर्माणाधीन 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का प्राधिकरण ने किया निरीक्षण

संदीप गर्ग/समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम ने बुधवार को सेक्टर-164 में निर्माणाधीन 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित एजेंसी को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

प्राधिकरण के अनुसार, यह विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र में स्थापित होने वाले उद्योगों तथा आसपास के गांवों को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। परियोजना के पूर्ण होने से औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलने के साथ स्थानीय उपभोक्ताओं को भी बेहतर बिजली सुविधा उपलब्ध होगी।

# संतों के कथित अपमान के विरोध में विहिप का प्रदर्शन, पप्पू यादव का पुतला फूंका

## चौड़ा मोड़ पर जुटे कार्यकर्ता, संसद परिसर की घटना पर जताया विरोध

संदीप गर्ग

नोएडा। संसद परिसर में साधु-संतों और सनातन परंपरा के कथित अपमान के विरोध में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) नोएडा महानगर ने सेक्टर-22 स्थित चौड़ा मोड़ पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सांसद पप्पू यादव का पुतला फूंककर विरोध दर्ज कराया।

विहिप कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते हुए संसद परिसर में हुई कथित घटना की निंदा की। संगठन के पदाधिकारियों का आरोप था कि धार्मिक प्रतीकों और संतों के स्वांग रचकर उनका उपहास उड़ाया गया,



जिससे करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं स्वीकार्य नहीं हैं।

जिलाध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी ने कहा कि संसद जैसे महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक संस्थान में धार्मिक प्रतीकों का इस प्रकार उपयोग करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने संबंधित लोगों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने की मांग की।

प्रदर्शन में संगठन के मंत्री दिनेश महावर, संयोजक विनोद चौहान, सह मंत्री राजीव शर्मा, सह-संयोजक विनोद सिंह, नितेश शर्मा, प्रवीण, धर्म प्रसार प्रमुख नरेंद्र शर्मा तथा जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख नितिन कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। गौशाला संरक्षक राममंगलदास महाराज भी अपने शिष्यों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए।

प्रदर्शन के बाद विहिप पदाधिकारियों ने शांतिपूर्वक कार्यक्रम समाप्त किया।

# भाजपा ने 'हर घर तिरंगा-तिरंगा यात्रा' अभियान को लेकर कार्यशाला

## 13 अगस्त को निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा, बूथ स्तर तक अभियान पहुंचाने का आह्वान

संदीप गर्ग/समाज जागरण

नोएडा। भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर की ओर से बुधवार को सेक्टर-116 स्थित जिला कार्यालय में 'हर घर तिरंगाझतिरंगा यात्रा' अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष महेश चौहान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अभियान की विस्तृत रूपरेखा, कार्यक्रमों की तिथियों तथा संगठनात्मक जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई।

जिला महामंत्री एवं अभियान संयोजक अमित त्यागी ने अभियान की कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष महेश चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान अब जन-जन का राष्ट्रीय अभियान बन चुका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।



उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 13 अगस्त को नोएडा में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों, पूर्व सैनिकों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा शहीद स्मारकों पर स्वच्छता अभियान, वीर सैनिकों एवं शहीद परिवारों का सम्मान, घर-घर तिरंगा फहराने के लिए जनजागरण और विद्यालयों-महाविद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

कार्यशाला में जिला महामंत्री चंदगीराम यादव, ओमवीर अवाना, अभियान सहसंयोजक प्रज्ञा पाठक, रामनिवास यादव, विपुल शर्मा, महेश अवाना, डिंपल आनंद, युद्धवीर चौहान, नरेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दोपहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, 14 चोरी की बाइक बरामद

## सेक्टर-113 पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को दबोचा, वारदात में प्रयुक्त बाइक और चाकू भी मिला

संदीप गर्ग/समाज जागरण

नोएडा। थाना सेक्टर-113 पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे एवं निशानदेही पर 14 चोरी की मोटरसाइकिलें, वारदात में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल तथा एक अवैध चाकू बरामद किया है।



पुलिस के अनुसार, लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की सहायता से ग्राम सफाबाद, सेक्टर-73 से अंकित राघव, कौशल और अमित को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अपनी मोटरसाइकिल से पहले रेस्टोरेंट, मॉल, जेप्टो, ब्लिंकइट स्टोर और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों की रेकी करते थे। इसके बाद मौका मिलते ही खड़ी मोटरसाइकिल चोरी कर सुनसान स्थान पर छिपा देते थे और बाद में उन्हें बेच देते थे। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर कुल 15 मोटरसाइकिलें (14 चोरी की एवं एक घटना में प्रयुक्त) बरामद की हैं। साथ ही एक अवैध चाकू भी कब्जे से मिला है।

जांच में सामने आया है कि आरोपियों के खिलाफ दिल्ली और गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानों में वाहन चोरी के कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर आगे की जांच शुरू कर दी है। (सौजन्य : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण में खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज में।

# एनपीसीएल के बिजली पोल से लोहे की एंगल चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

## 50 किलो लोहे की एंगल, टाटा ऐस वाहन, सीढ़ी और अन्य सामान बरामद

संदीप गर्ग/समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। थाना सूरजपुर पुलिस ने एनपीसीएल के बिजली पोल से लोहे की एंगल चोरी करने वाले चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 50 किलोग्राम लोहे की एंगल, घटना में प्रयुक्त टाटा ऐस लोडर, एक सीढ़ी, इलेक्ट्रिक रस्सा और तीन हेलमेट बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, 4 अगस्त की रात आरएसी ग्रीन के पास स्थित एनपीसीएल के बिजली पोल से अज्ञात चोर लोहे की एंगल चोरी कर ले गए थे। इस संबंध में एनपीसीएल के जूनियर इंजीनियर की तहरीर पर थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज किया गया था।



मामले की जांच के दौरान लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने मिम्सन विलासा रोड से तुषार सैनी, सुरेंद्र सिंह, शिवा यादव और आदित्य राज को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर चोरी की गई लोहे की एंगल तथा घटना में प्रयुक्त वाहन और अन्य उपकरण बरामद किए गए।

पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया है। मामले में आगे की जांच जारी है। (सौजन्य : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)

# एलिवेटेड रोड पर बनेगा रैंप, 51.84 करोड़ रुपये से सुधरेगी यातायात व्यवस्था

## सेक्टर-41 से सेक्टर-82 मेट्रो स्टेशन तक एलिवेटेड मार्ग पर चढ़ने-उतरने की सुविधा मिलेगी, अगस्त 2028 तक पूरा होगा निर्माण कार्य

संदीप गर्ग/समाज जागरण

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-41 आगाहपुर से सेक्टर-82 एनएसईजेड मेट्रो स्टेशन तक संचालित एलिवेटेड रोड पर वाहनों के सुगम आवागमन के लिए रैंप (लूप) निर्माण की प्रक्रिया तेज कर दी है। लगभग 51.84 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस परियोजना के पूरा होने के बाद लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार आएगा।

प्राधिकरण के अनुसार, एलिवेटेड रोड पहले ही आम जनता के लिए खोली जा चुकी है। अब आसपास के सात सेक्टरों के लोगों को एलिवेटेड मार्ग पर चढ़ने और उतरने की सुविधा देने के लिए करीब 7.5 मीटर चौड़ा और लगभग 500 मीटर लंबा लूप (रैंप) बनाया जाएगा।

परियोजना के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और प्राइस बिड भी खोली जा चुकी है। जल्द ही अनुबंध की प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। लक्ष्य है कि अगस्त 2028 तक यह परियोजना पूरी कर ली जाए।

प्राधिकरण के अनुसार, डीएससी रोड के आसपास करीब 1.50 से 2 लाख की आबादी निवास करती है, जिनका दैनिक आवागमन विश्वकर्मा मार्ग से होता है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की मांग तथा बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए इस परियोजना को मंजूरी दी गई है।

रैंप बनने के बाद दिल्ली की ओर से आने वाले वाहन सीधे सेक्टर-76 की ओर जा सकेंगे। वहीं सेक्टर-76 से आने वाले वाहन दादरी की ओर, दादरी से आने वाले वाहन नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे तथा एक्सप्रेसवे से आने वाले वाहन सेक्टर-37 की ओर आसानी से जा सकेंगे। इससे ट्रैफिक जाम में कमी आने के साथ यात्रा भी अधिक सुगम होगी।

यह परियोजना नोएडा के पश्चिमी और मध्य क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी को मजबूत करने के साथ-साथ शहर की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुचारु बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# चेन स्नैचर गिरफ्तार, बिक्री के 2,900 रुपये, चाकू और बाइक बरामद

## बिसरख पुलिस ने शातिर बदमाश को दबोचा, कई लूट और स्नैचिंग मामलों में वांछित था आरोपी

संदीप गर्ग/समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। थाना बिसरख पुलिस ने चेन स्नैचिंग की घटनाओं में शामिल एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से छीनी गई चेन बेचकर प्राप्त रकम में से 2,900 रुपये नकद, एक अवैध चाकू तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, मैनुअल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से एनएक्स-वन से हवेलिया वेनलोवा सोसायटी मार्ग पर कार्रवाई करते हुए सलीम पुत्र खलील, निवासी ग्राम कुम्हैड़ा, थाना मुरादनगर (गाजियाबाद) को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अपने साथी के साथ मिलकर राहगीरों के गले से चेन और मोबाइल झपटने की वारदातों को अंजाम देता था। थाना बिसरख क्षेत्र में हुई कई चेन स्नैचिंग की घटनाओं में उसका नाम सामने आया था और पीड़ितों की शिकायत पर उसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के खिलाफ गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद के विभिन्न थानों में लूट, स्नैचिंग, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट समेत कई आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं।

# छोटे लोहिया की जयंती पर सपा कार्यालय में गोष्ठी, नेताओं ने याद किए जनेश्वर मिश्र के आदर्श।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। समाजवादी पार्टी कार्यालय दबरई में मंगलवार को 'छोटे लोहिया' के नाम से प्रसिद्ध समाजवादी नेता पंडित जनेश्वर मिश्र की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव ने की, जबकि संचालन विधानसभा अध्यक्ष नरेश शांकवर ने किया। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने जनेश्वर मिश्र के सादगीपूर्ण जीवन और समाजवादी विचारधारा के प्रति उनके समर्पण को याद किया।

जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव ने कहा कि डॉ. राममनोहर लोहिया के साथ जनेश्वर मिश्र का गहरा वैचारिक संबंध था। समाजवादी विचारधारा के प्रति उनकी अटूट निष्ठा के कारण उन्हें 'छोटे लोहिया' कहा गया। उन्होंने कहा कि सात बार केंद्रीय मंत्री रहने के बावजूद जनेश्वर मिश्र ने कभी निजी सुविधाओं को महत्व नहीं दिया और उनका जीवन सादगी की मिसाल रहा।

पूर्व विधायक रामवीर सिंह यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने मोरारजी देसाई, चौधरी चरण सिंह, विश्वनाथ प्रताप सिंह, चंद्रशेखर, एच.डी. देवेगौड़ा और इंद्र कुमार गुजराल की सरकारों में केंद्रीय मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं।

प्रदेश सचिव योगेश गर्ग ने कहा कि लखनऊ में उनके सम्मान में एशिया के बड़े पार्कों में शामिल जनेश्वर मिश्र पार्क का निर्माण कराया गया है। वहीं, पूर्व विधायक अजीम भाई ने कहा कि जनेश्वर मिश्र समाजवाद को केवल राजनीतिक विचारधारा नहीं, बल्कि नैतिक और मानवीय जीवन दर्शन मानते थे।

# मुख्यमंत्री आवास योजना में सुस्ती पर डीएम सख्त, तीन दिन में पूरी करें स्वीकृतियां

**समाज जागरण**




फिरोजाबाद। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा में प्रगति धीमी मिलने पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों और ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिए कि तीन दिन के भीतर सभी पात्र लाभार्थियों की जीओ टैगिंग और आवास स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी कराई जाए। लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि गरीब, निराश्रित, विधवा, दिव्यांग, घुमंतू नट जनजाति और आपदा प्रभावित परिवारों को सम्मानजनक जीवन देने का माध्यम है। ऐसे में पात्र लाभार्थियों को लाभ देने में किसी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समीक्षा में पता चला कि जनपद को 1427 आवासों का लक्ष्य मिला है। इसके सापेक्ष 814 पंजीकरण और 642 जीओ टैगिंग हो चुकी है, लेकिन अब तक केवल 307 आवास स्वीकृत किए गए हैं। फिरोजाबाद, एका और खैरगढ़ ब्लॉक की प्रगति सबसे धीमी मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई।

उन्होंने निर्देश दिए कि जिन 162 पात्र लाभार्थियों के बैंक खाते सत्यापित हो चुके हैं, उन्हें तत्काल पहली किस्त की धनराशि भेजी जाए। साथ ही योजना में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि रिश्वतखोरी, सुविधा शुल्क की मांग या लाभार्थियों के उत्पीड़न की शिकायत मिलने पर दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# चंदौसी के शिक्षाविद् डॉ. डी. के. अग्निहोत्री ज्ञान गौरव अवार्ड 2026 से सम्मानित

**समाज जागरण**



चन्दौसी। ग्रेटर नोएडा के मंगलमय ऐजुकेशनल ग्रुप आफ इन्स्टिटूशन के आडिटोरियम में आयोजित एक कार्यक्रम में आराध्या-एक अहसास फाऊंडेशन (रजि.), मेरठ द्वारा चंदौसी के शिक्षाविद् व पर्यावरणविद् डॉ डी के अग्निहोत्री को उच्च शिक्षा जगत की शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अध्यक्षता शिक्षाविद् प्रवीन कुमार अग्निहोत्री द्वारा की गयी, इन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षक केबल किताबें नहीं पढ़ाते, बल्कि शिक्षक अपने विद्याथीयों को अच्छा व जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं, यही समाज के लिए बड़ा उपहार है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विनीता मलिक अभिनेत्री, इन्द्राणी पाणिनी चेयरमैन हिन्दुस्तान न्यूज पेपर ग्रुप (हिमाचल प्रदेश), डॉ मोनिका मल्होत्रा, डॉ अमित श्रीवास्तव, डॉ सुमन शर्मा, मेघा वर्मा डॉ एकता श्रीवास्तव, दिगंत दुबे आदि शिक्षाविदों की गरिमामय उपस्थिति रही। सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। आराध्या-एक अहसास फाऊंडेशन के चेयरमैन डॉ मनीष गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा, कि हमारी एसोसिएशन लगातार शिक्षाविदों व विधार्थियों के लिए लगातार कार्य कर रही है, एसोसिएशन द्वारा गत वर्षों से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा प्रस्तुत की, जिसकी सभी शिक्षाविदों ने कार्यो की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव मेघा वर्मा को-फाउंडर चेयरमैन आराध्या फाऊंडेशन (रजि.), मेरठ द्वारा किया गया।

# स्वतंत्रता दिवस के आयोजन के संबंध में प्रदेश के जिलाधिकारी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर दिए निर्देश

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**




बिजनौर। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन को लेकर प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि 15 अगस्त का राष्ट्रीय पर्व पूरे प्रदेश में भव्य, गरिमामय और राष्ट्रभक्ति की भावना के अनुरूप व्यापक जनसहभागिता के साथ मनाया जाए।

बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश पिछले वर्ष 'सेल्फी विद तिरंगा' अभियान में देश में प्रथम स्थान पर रहा था। इस वर्ष भी प्रदेश को प्रथम स्थान दिलाने के लिए सभी जिलों में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि 9 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन दिवस तथा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस भी आयोजित किया जाएगा।

कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी से जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक में भाग लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि 'हर घर तिरंगा' पोर्टल लॉन्च कर दिया गया है, जिस पर 9 अगस्त से जनपदवासी तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर अपलोड कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह तथा शहरी क्षेत्रों में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से तिरंगों का निर्माण कराया जा रहा है। इस वर्ष तिरंगा रैली, तिरंगा कॉन्सर्ट और तिरंगा प्रदर्शनी जैसे विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने बताया कि 9 से 17 अगस्त तक घरों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और निजी कंपनियों में तिरंगा फहराने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। वहीं 15 अगस्त को सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, शहीद स्मारकों और अमृत सरोवरों पर ध्वजारोहण किया जाएगा।

इसके अलावा विद्यालयों में स्लोगन, निबंध एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन विद्यालयों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 14 और 15 अगस्त को प्रदेश के सिनेमा घरों में राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान का आयोजन भी सुनिश्चित किया जाएगा।

# गन्ने के खेत में गुलदार के तीन शावक दिखाई दिए

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर मंडावर। बुधवार को गांव रतनपुर रियाया मे उस समय हड़कंप मच गया, जब खेत में ईख बाँध रहे। किसान भूदेव सिंह पुत्र हरि सिंह, को एक ही स्थान पर गुलदार के तीन नवजात शावक दिखाई दिए। अचानक शावकों को देखकर किसान घबरा गया, किसान ने ग्रामीणों की मदद से वन विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर शावकों की सुरक्षा सुनिश्चित की। वन विभाग के अधिकारियों ने आसपास मौजूद लोगों से शावकों के पास न जाने और भीड़ न लगाने की अपील की।वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र पर नजर बनाए हुए है। ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने, बच्चों को अकेले खेतों की ओर न भेजने तथा किसी भी वन्यजीव की गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत विभाग को सूचना देने की अपील की है। वन विभाग की टीम के द्वारा जंगल में पिंजरा लगा दिया गया है।

# हर घर तिरंगा अभियान की रणनीति तैयार, 13 अगस्त को निकलेगी तिरंगा यात्रा।

**समाज जागरण**




फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई ने बुधवार को जिला कार्यालय पर 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित की। इसमें 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले अभियान को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। साथ ही 13 अगस्त को जैन मंदिर से राधाकृष्ण मंदिर तक भव्य तिरंगा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री एवं एमएलसी विजय शिवहरे ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का जनआंदोलन है। उन्होंने कार्यकताओं से प्रत्येक घर तक तिरंगा पहुंचाने और अभियान में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ अभियान को जन-जन तक पहुंचाएंगे। अभियान संयोजक एवं महानगर उपाध्यक्ष अंकित तिवारी ने बताया कि 13 अगस्त को जैन मंदिर से राधाकृष्ण मंदिर तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आमजन शामिल होंगे।

कार्यशाला में अभियान को सफल बनाने के लिए मंडलवार जिम्मेदारियां भी तय की गईं। पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने हर घर तक तिरंगा और राष्ट्रभक्ति का संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया।

बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष बी.एल. वर्मा, राजीव गुप्ता, प्रमोद पाल बघेल, आनंद अग्रवाल, देवेश भारद्वाज, विवेक अग्रवाल, केशव सिंह फौजी, योगेंद्र यादव बाबा, डॉ. एस.पी. लहरी, विष्णु सक्सेना, आकाश गुप्ता, दीपक गुप्ता 'कालू', सौरभ शिवहरे, डॉ. दुर्गेश यादव, शिशुपाल निषाद, मनीष राठौर, अनुपम शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नशा मुक्त भारत की मुहिम शुरू, मेडिकल कॉलेज में छात्रों ने पोस्टरों से दिया जागरूकता का संदेश।

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में बुधवार को 'नशा मुक्त युवा विकसित भारत अभियान' की शुरूआत हुई। अभियान के पहले दिन चिकित्सालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया, वहीं बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रेजेंटेशन के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव और उससे बचाव का संदेश दिया।

प्रधानाचार्य डॉ. (प्रो.) योगेश कुमार गोयल के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम शासन की एनकॉर्ड (NCORD) योजना और वर्ष 2026-29 की कार्ययोजना के तहत हुआ। 200 शैया अस्पताल के सामने टीबी एवं चेस्ट विभाग के सह-आचार्य डॉ. कोमल के संयोजन में पौधरोपण किया गया।

डॉ. कोमल ने कहा कि नशामुक्त समाज ही स्वस्थ और विकसित भारत की आधारशिला है। युवाओं को नशे की लत से दूर रखना समाज की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रों से नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने नशे के शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभाव, उससे होने वाली बीमारियों तथा नशामुक्ति के उपायों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में छात्रों की रचनात्मकता और जागरूकता देखने को मिली।

अभियान की नोडल अधिकारी एवं मानसिक रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अरूशिखा सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के संकाय सदस्य, सीनियर व जूनियर रेजिडेंट्स तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय आयुष मिशन की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने आयुर्वेद सेवाओं को और प्रभावी बनाने के दिए निर्देश

**समाज जागरण**



सम्भल/बहजोई। जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में आयुर्वेद एवं यूनानी विभाग के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय आयुष मिशन की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. अमरदीप सिंह नायक ने एजेंडा बिंदुवार प्रस्तुत करते हुए जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी जिलाधिकारी को दी। उन्होंने बताया कि जनपद में वर्तमान में 12 आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं 03 यूनानी चिकित्सालय संचालित हैं। इसके साथ ही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तथा योग वेलनेस सेंटर के संचालन की प्रगति से भी अवगत कराया गया।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने चिकित्सकों की तैनाती, रिक्त पदों, स्टाफ एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की उपलब्धता एवं आबद्धीकरण, औषधियों की उपलब्धता, दवा वितरण व्यवस्था, पंचकर्म सेवाओं, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के अंतर्गत लाभान्वित रोगियों की स्थिति तथा आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विभाग आगामी समीक्षा बैठक में सभी अद्यतन एवं पूर्ण सूचनाओं के साथ उपस्थित हो, जिससे योजनाओं की प्रगति का समुचित मूल्यांकन किया जा सके। उन्होंने जनपद में आयुर्वेदिक चिकित्सालयों के लिए भूमि उपलब्धता, बजट, आधारभूत सुविधाओं एवं विस्तार योजनाओं की भी जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में होम्योपैथी विभाग की स्थिति, चिकित्सालयों के संचालन तथा उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को जनहित में सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं सुलभ बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. अमरदीप सिंह नायक, नोडल अधिकारी (आयुर्वेद) डॉ. अभिषेक सिंह, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. महेन्द्र पाल सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तिरंगा मार्केट के मोहम्मद नोमान बने प्रधान, दुर्वेश सैनी उप प्रधान

## दुकानदारों ने प्रधान व उप प्रधान का किया अभिनंदन

**समाज जागरण**



संभल। नगर में स्थित तिरंगा मार्केट के दुकानदारों एवं व्यापारियों ने सर्वसम्मति से मोहम्मद नोमान को प्रधान और दुर्वेश सैनी को उपप्रधान चुना। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर, तिरंगा पगड़ी पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।बैठक में तिरंगा मार्केट की स्वच्छता, प्रकाश, पार्किंग सहित सभी व्यवस्थाओं तथा राष्ट्रीय पर्वों व त्यौहारों को धूमधाम से मनाने की जिम्मेदारी भी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सौंपी गई।

तिरंगा मार्केट स्थित शर्मा मेडिकोज में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ व्यापारी हाजी मोहम्मद हबीब ने कहा कि तिरंगा मार्केट में स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जिस धूमधाम से मनाए जाते हैं, उसकी प्रशंसा पूरे नगर क्षेत्र में होती है। इतना ही नहीं, पिछले 2 वर्षों से तिरंगा मार्केट राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेष दिवस भी मनाकर समाज को सकारात्मक संदेश देने का कार्य कर रहा है।

व्यापारी मोहम्मद आसिफ ने कहा कि प्रधान और उप प्रधान का सर्वसम्मति से चुनाव होना सभी व्यापारियों एवं दुकानदारों के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर मोहम्मद इरफान ने कहा कि तिरंगा मार्केट में हिंदू-मुस्लिम एकता, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं सांस्कृतिक और शिक्षाप्रद आयोजन करना शेष नगर क्षेत्र के लिए उदाहरण है।

बैठक में मोहम्मद नाजिम एडवोकेट ने प्रधान के लिए मोहम्मद नोमान और उप प्रधान के लिए दुर्वेश सैनी का नाम प्रस्तावित किया। जिस पर आबिद हुसैन, राव आकिफ, धर्मेंद्र शर्मा, डॉक्टर सुधांशु वर्मा, बाबर भाई, मोहम्मद अजमत, फजलुर रहमान, मोहम्मद अमान, मोहम्मद उसामा आदि ने समर्थन किया। करतल ध्वनि के साथ प्रधान और उप प्रधान का चुनाव संपन्न हुआ।

सभी दुकानदारों-व्यापारियों ने मोहम्मद नोमान को प्रधान पद की तथा दुर्वेश सैनी को उप प्रधान पद की पगड़ी धारण कराई, माल्यार्पण किया और तिरंगा मार्केट की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक एकता बनाए रखने की अपेक्षा व्यक्त की। बैठक की अध्यक्षता केशव देव ने की और संचालन शर्मा मेडिकोज के स्वामी अजय कुमार शर्मा ने किया।

# डीएम ने छात्राओं संग किया भोजन, स्मार्ट क्लास देख बढ़ाई हौसलाअफजाई।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बुधवार को ब्लॉक नारखी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) नगला अमान का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने छात्राओं के साथ बैठकर भोजन किया, उसकी



गुणवत्ता परखी और शिक्षा व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्मार्ट क्लास का अवलोकन करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षा से छात्राओं को जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो सके।

सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को परिसर में अधिक से अधिक कैमरे लगाने के निर्देश दिए। कहा कि छात्राओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और निगरानी व्यवस्था मजबूत होनी चाहिए। साथ ही विद्यालय परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

डीएम ने छात्राओं को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास लगातार किए जाएं तो सफलता अवश्य मिलती है।

इसके बाद उन्होंने डायट नगला अमान में बाल वाटिका और निमार्णाधीन भवनों का निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# शिकोहाबाद में 608 ग्राम गांजा के साथ महिला गिरफ्तार।

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद। शिकोहाबाद पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एटा निवासी एक महिला को 608 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया।

पुलिस के अनुसार, संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुरातन रोड स्थित खाली मैदान से रूपा पत्नी संजीव कुमार निवासी हिंदू नगर, थाना कोतवाली नगर, जनपद एटा को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उसके कब्जे से 608 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शिकोहाबाद में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी के खिलाफ एटा जिले में भी एनडीपीएस एक्ट का एक मुकदमा पहले से दर्ज है।

# तालाब में डूबने से मृत युवक के परिजनों को मिलेगी 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**समाज जागरण**

सम्भल/बहजोई। जनपद सम्भल में तालाब में डूबने से एक युवक की मृत्यु के बाद पीड़ित परिवार को शासन की ओर से चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की स्वीकृति के बाद राहत राशि उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील सम्भल क्षेत्र के ग्राम रजाकपुर निवासी रंजीत पुत्र रामरतन सिंह (38 वर्ष) की 5 अगस्त 2026 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद नियमानुसार पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कराई गई। उत्तर प्रदेश शासन एवं भारत सरकार के राज्य आपदा मोचक निधि (SDRF) तथा राष्ट्रीय आपदा मोचक निधि (NDRF) के प्रावधानों के अनुसार मृतक के आश्रित परिवार को चार लाख रुपये की अनुग्रह सहायता प्रदान की जाती है।

इसी क्रम में जिलाधिकारी की स्वीकृति के उपरांत मृतक की पत्नी श्रीमती पूनम के पक्ष में 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत कर दी गई है। संबंधित विभाग को राहत राशि के शीघ्र भुगतान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आपदा प्रभावित परिवारों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि संकट की घड़ी में पीड़ित परिवार को तत्काल राहत मिल सके।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अलर्ट, 125 होटल-ढाबों का निरीक्षण, 81 खाद्य नमूने जांच को भेजे

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर, कांवड़ यात्रा-2026 के दृष्टिगत जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कांवड़ मार्ग पर स्थित होटल, ढाबों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। यात्रियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के साथ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जा रहे हैं।



सहायक आयुक्त (खाद्य) ने बताया कि सभी होटल एवं ढाबा संचालकों को प्रतिष्ठानों के बाहर रेट सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने, भोजन, चाय, दूध एवं अन्य खाद्य पदार्थों की शुद्धता बनाए रखने तथा खाद्य सामग्री को ढककर रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा कुट्टू के आटे, खोया एवं अन्य दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता और ताजगी बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी की जा रही है, ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की खाद्य जनित अप्रिय घटना न हो।

प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत अब तक खाद्य तेल, पनीर, दूध, मावा, ड्राई फ्रूट, आइसक्रीम, शरबत, मख्खन एवं आटा सहित 81 खाद्य नमूने एकत्र कर रासायनिक परीक्षण हेतु राजकीय प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

इसके अतिरिक्त कांवड़ मार्ग पर स्थित मेडिकल स्टोरों तथा कांवड़ सेवा शिविरों में वितरित की जाने वाली औषधियों का भी निरीक्षण किया गया है। खाद्य एवं पेय पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों की तैनाती की गई है। विभाग द्वारा अब तक 125 होटल, ढाबों एवं रेस्टोरेंटों का निरीक्षण कर स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने स्पष्ट किया है कि कांवड़ यात्रा के दौरान निगरानी, निरीक्षण एवं आवश्यक प्रवर्तन कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

# आवारा कुत्तों का आतंक,मासूम समेत तीन लोगों को काटा

समाज जागरण

कांधला।(फुरकान जंग)
कस्बे में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को अलग-अलग स्थानों पर आवारा कुत्तों ने एक 12 वर्षीय मासूम समेत तीन लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। सभी घायलों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाई। बुधवार को कस्बे के सरकारी अस्पताल के समीप रहने वाले वृद्ध मीनू ने बताया कि उनके मोहल्ले में घूम रहे एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर काट लिया। वहीं, मेन बाजार निवासी व्यापारी गौरव जैन भी आवारा कुत्ते के हमले में घायल हो गए।

इसके अलावा सलेमपुर मार्ग निवासी 12 वर्षीय अतिकुर रहमान को भी एक आवारा कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया।तीनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले लाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने सभी को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई। उन्होंने बताया कि घायलों की स्थिति सामान्य है और उन्हें आवारा जानवरों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई है।कस्बे में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमलों से लोगों में दहशत का माहौल है।

स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़ कर उनका बंध्याकरण कराने और समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। नगर पालिका के लिपिक अमरीश बाबू ने बताया कि नगर में पहले भी सैकड़ों आवारा कुत्तों का बंध्याकरण कराया जा चुका है। आवश्यकता के अनुसार आगे भी अभियान चलाया जाएगा।

# गंगेरू मार्ग पर फिसली बाइक, युवक घायल; जिला अस्पताल रेफर

समाज जागरण

कांधला।(फुरकान जंग)कस्बे के गंगेरू मार्ग पर बाइक फिसलने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम निवासी मोनू मंगलवार देर रात किसी कार्य से बाइक पर सवार होकर कस्बे में आ रहा था। जैसे ही वह गंगेरू मार्ग स्थित रजवाहे के समीप पहुंचा, अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर फिसल गई। हादसे में मोनू गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस कर्मचारियों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# वर्षों का इंतजार खत्म, सीएचसी में शुरू हुई एक्स-रे सुविधा, 50 मरीजों की जांच

समाज जागरण



कांधला।(फुरकान जंग)नगर एवं क्षेत्र के लोगों के लिए वर्षों बाद बड़ी राहत की खबर सामने आई है। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे इंतजार के बाद आखिरकार एक्स-रे मशीन का संचालन शुरू हो गया। सुविधा शुरू होने के पहले ही दिन करीब 50 मरीजों ने अस्पताल पहुंचकर एक्स-रे जांच कराई। इससे अब मरीजों को मामूली जांच के लिए शामली या निजी अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। नगर की सीएचसी में एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण मरीजों को जांच कराने के लिए जिला अस्पताल शामली या निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता था। इससे उन्हें आर्थिक बोझ के साथ-साथ समय की भी काफी परेशानी उठानी पड़ती थी। क्षेत्र के लोगों द्वारा लंबे समय से अस्पताल में एक्स-रे सुविधा शुरू कराने की मांग की जा रही थी। सीएचसी के चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने उच्चाधिकारियों से लगातार इस सुविधा को शुरू कराने का प्रयास किया। उनके प्रयासों के बाद बुधवार से अस्पताल में एक्स-रे मशीन का संचालन शुरू कर दिया गया।एक्स-रे टेक्नीशियन राजेश कुमार ने बताया कि करीब 50 मरीजों के एक्स-रे किए गए। उन्होंने कहा कि अब अस्पताल में यह सुविधा नियमित रूप से उपलब्ध रहेगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

# एक दशक पुराने चर्चित व्यापारी हत्याकांड का मुख्य आरोपी फुरकान पुलिस मुठभेड़ में ढेर

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग)करीब एक दशक पहले कैराना के चर्चित व्यापारी विनोद कुमार सिंघल की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या करने वाला कुख्यात अपराधी फुरकान आखिरकार पुलिस और एसओजी टीम के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। जनपद शामली के झिंझाना थाना क्षेत्र में हुई इस मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी बदमाश फुरकान के ढेर होने के साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश के चर्चित अपराधियों में शामिल एक बड़े नाम का अंत हो गया। मुठभेड़ के दौरान एसओजी के सिपाही हरवेंद्र के पेट में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।फुरकान का नाम वर्ष 2014 में उस समय पूरे प्रदेश में सुर्खियों में आया था, जब 16 अगस्त को उसने अपने साथियों के साथ कैराना के बेगमपुरा बाजार स्थित दुकान पर किराना व्यापारी विनोद कुमार सिंघल पर दिनदहाड़े ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी थीं। इस हमले में व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस जांच में सामने आया था कि व्यापारी से कथित तौर पर रंगदारी की मांग की गई थी और मांग पूरी न होने पर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया। भीड़भाड़ वाले बाजार में हुई इस सनसनीखेज घटना से व्यापारियों में दहशत फैल गई थी।वारदात के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी फुरकान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हालांकि जमानत पर रिहा होने के बाद भी वह लगातार आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय रहा।

उसके खिलाफ हत्या, रंगदारी, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट और मादक पदार्थ तस्करी समेत कई गंभीर धाराओं में दर्जनों मुकदमे दर्ज हुए। लगातार बढ़ते अपराधों को देखते हुए पहले उस पर 50 हजार रुपये और बाद में एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया।वर्ष 2017 में कांधला थाना क्षेत्र के आलदी के जंगल में पुलिस मुठभेड़ के दौरान फुरकान घायल अवस्था में गिरफ्तार हुआ था। इसके बाद वर्ष 2019 में एनडीपीएस एक्ट के मामले में उसे दोबारा गिरफ्तार किया गया। बाद में अदालत ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में दोषी ठहराते हुए उसे 10 वर्ष के सश्रम कारावास और एक लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई थी।बुधवार को झिंझाना थाना क्षेत्र के खानपुर कलां रंगना के जंगल में पुलिस और एसओजी की संयुक्त कार्रवाई के दौरान हुई मुठभेड़ में फुरकान मारा गया। पुलिस के अनुसार बदमाश के कब्जे से भी कार्बाइन, एक पिस्टल और बिना नंबर की एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है।फुरकान लंबे समय तक पुलिस और व्यापारियों के लिए चुनौती बना रहा। उसके मारे जाने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है। वहीं कैराना का चर्चित विनोद सिंघल हत्याकांड, जो आज भी जनपद के सबसे चर्चित आपराधिक मामलों में गिना जाता है, उसके मुख्य आरोपी का भी अंत हो गया।

# नाली विवाद में दंपति से मारपीट, दोनों घायल, कार्रवाई की मांग

समाज जागरण

कांधला।(फुरकान जंग) कस्बे के मोहल्ला मौलाना में नाली के पानी की निकासी को लेकर हुए विवाद में एक दंपति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।मारपीट में पति-पत्नी घायल हो गए। दोनों ने चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बुधवार को पीड़ित फारुख ने बताया कि मोहल्ले में नगर पालिका की ओर से



सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसी दौरान नाली के पानी की निकासी को लेकर पड़ोस के एक युवक से कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर युवक ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी।शोर सुनकर बीच-बचाव के लिए पहुंची उसकी पत्नी फैमीदा के साथ भी आरोपी ने मारपीट कर दी।मारपीट में दोनों घायल हो गए।

आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कराया। पीड़ित घायल दंपति ने अपना मेडिकल परीक्षण करने के बाद थाने पर पहुंच कर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह ने बताया कि मामले की शिकायत प्राप्त हो गई है। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है।जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# पुरानी रंजिश में युवक से मारपीट, घायल ने थाने में दी तहरीर

समाज जागरण

कांधला।(फुरकान जंग)

थाना क्षेत्र के गांव जसाला में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने रास्ते में रोककर युवक के साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित ने चिकित्सकीय परीक्षण कराने के बाद पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी अनिल कुमार ने बताया कि गांव का एक व्यक्ति कई वर्षों से उसके परिवार से रंजिश रखता है। आरोप है कि बुधवार को वह गांव स्थित शराब के ठेके पर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में आरोपी ने उसे रोक लिया और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। परिजनों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। इसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर देते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# मातृ वंदना योजना में उत्तर प्रदेश ने बनाया नया कीर्तिमान, लक्ष्य से अधिक हुआ पंजीकरण

## योगी सरकार के प्रभावी प्रयासों से मातृत्व कल्याण अभियान ने हासिल किया 102 प्रतिशत लक्ष्य

**31 जुलाई तक 3.97 लाख के लक्ष्य के मुकाबले 4.06 लाख महिलाओं का हुआ पंजीकरण**

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा बहू व डिजिटल मॉनिटरिंग के जरिये चलाया गया अभियान**

समाज जागरण

लखनऊ, 05 अगस्त। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के प्रभावी क्रियान्वयन में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में 31 जुलाई तक प्रदेश ने निर्धारित लक्ष्य का 102.13 प्रतिशत हासिल कर देश के अग्रणी राज्यों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। सरकार ने 3,97,567 गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के पंजीकरण का लक्ष्य तय किया था, जबकि विभागीय अधिकारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा बहुओं के समन्वित प्रयासों से 4,06,058 महिलाओं का पंजीकरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की मिशन मोड में कार्यशैली, मजबूत आंगनबाड़ी नेटवर्क और डिजिटल मॉनिटरिंग के कारण योजना का लाभ पात्र महिलाओं तक तेजी से पहुंच रहा है। इससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को मजबूत करने के साथ सरकारी योजनाओं की जमीनी पहुंच भी बढ़ी है।

### नियमित समीक्षा और ऑनलाइन मॉनिटरिंग से बढ़ी रफ्तार

योगी सरकार ने योजना को केवल औपचारिक प्रक्रिया तक सीमित न रखकर इसे अभियान का स्वरूप दिया। गांव-गांव और वार्ड-वार्ड तक पहुंचकर पात्र महिलाओं की पहचान और पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक नियमित समीक्षा बैठकों, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से निगरानी और समयबद्ध कार्रवाई ने पूरे अभियान को गति प्रदान की। इसके परिणामस्वरूप सभी जिलों में मिशन मोड में कार्य करते हुए लक्ष्य से अधिक उपलब्धि हासिल की गई।

### मातृत्व के दौरान पोषण और स्वास्थ्य जरूरतों को मिला आर्थिक संबल

योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को आर्थिक सहायता भी तेजी से उपलब्ध कराई जा रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 2,61,369 किस्तों के माध्यम से 86 करोड़ 55 लाख 62 हजार रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए भेजी जा चुकी है। पहली संतान पर दो चरणों में 5,000 रुपये तथा दूसरी संतान यदि बालिका हो तो 6,000 रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। इससे गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में आर्थिक सहयोग मिल रहा है।

### संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन संचालित की जा रही

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को पूरी तरह तकनीक आधारित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाया गया है। आवेदन, सत्यापन, स्वीकृति एवं लाभार्थियों के खातों में भुगतान की संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन संचालित की जा रही है। पारदर्शिता और शुचिता के लिए एफआरएस ( लाभार्थी का चेहरा उसके आधार से मैच करने के पश्चात) का उपयोग किया जा रहा है। इससे पात्र महिलाओं को समयबद्ध तरीके से लाभ उपलब्ध हो रहा है।डिजिटल मॉनिटरिंग व्यवस्था के माध्यम से प्रत्येक आवेदन की नियमित निगरानी की जा रही है, जिससे पात्र लाभार्थियों तक योजना का लाभ निर्धारित समय में पहुंचाना संभव हुआ है। लक्ष्य से अधिक नामांकन इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रही है। सतत मॉनिटरिंग, मजबूत जमीनी तंत्र, डिजिटल व्यवस्था और पारदर्शी भुगतान प्रणाली सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ शिशु के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। लीना जौहरी, अपर मुख्य सचिव, महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग

# भाई की हत्या ने बदल दी थी कुख्यात फुरकान की जिंदगी, मैकेनिक से बना पश्चिमी यूपी का चर्चित अपराधी

## --कभी पुलिस की वर्दी पहनने का देखता था सपना, भाई की हत्या के बाद बदले की आग में अपराध की दुनिया में उतरा, आखिरकार पुलिस मुठभेड़ में हुआ ढेर

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग)एक समय बाइक मैकेनिक का काम करने वाला और पुलिस में भर्ती होकर वर्दी पहनने का सपना देखने वाला फुरकान आखिरकार अपराध की उस दुनिया में पहुंच गया, जहां से उसकी वापसी नहीं हो सकी। वर्ष 2003 में बड़े भाई अशरफ की हत्या के बाद उसकी जिंदगी ने ऐसा मोड़ लिया कि वह धीरे-धीरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के चर्चित अपराधियों में शुमार हो गया। हत्या, रंगदारी, गैंगस्टर और मादक पदार्थ तस्करी जैसे गंभीर मामलों में उसका नाम सामने आता रहा और अंततः उसका आपराधिक सफर पुलिस मुठभेड़ में खत्म हो गया।स्थानीय लोगों के अनुसार, वर्ष 2002 के आसपास फुरकान बाइक मैकेनिक का काम करता था। उसे दौड़ने का शौक था और वह दोस्तों के साथ नियमित अभ्यास भी करता था। बताया जाता है कि उसका सपना पुलिस में भर्ती होकर वर्दी पहनने का था। लेकिन अगले ही वर्ष उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।वर्ष 2003 में प्रॉपर्टी विवाद के चलते उसके बड़े भाई अशरफ की हत्या कर दी गई। इस घटना ने फुरकान की जिंदगी की दिशा पूरी तरह बदल दी। परिजनों और स्थानीय लोगों के मुताबिक, भाई की हत्या का उस पर गहरा मानसिक प्रभाव पड़ा और धीरे-धीरे उसका झुकाव अपराध की ओर बढ़ने लगा। इसके बाद उसका नाम विभिन्न आपराधिक मामलों में सामने आने लगा और वह पुलिस की निगरानी में रहने लगा।

समय के साथ फुरकान के खिलाफ हत्या, रंगदारी, गैंगस्टर समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हुए। वर्ष 2014 में कैराना के व्यापारी विनोद कुमार सिंघल हत्याकांड में नाम आने के बाद वह प्रदेशभर में चर्चित हो गया। इसके बाद वह कई बार गिरफ्तार हुआ, जेल गया और विभिन्न मामलों में कानून का सामना करता रहा।स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ समय से वह अपने घर के बाहर किराना दुकान संचालित कर रहा था। सुरक्षा के मद्देनजर उसने घर और दुकान के आसपास कई सीसीटीवी कैमरे लगवा रखे थे।

घर आने-जाने वाले लोगों पर भी उसकी पैनी नजर रहती थी और वह अपनी सुरक्षा को लेकर हमेशा सतर्क रहता था।आखिरकार लंबे समय तक कानून से बचने की कोशिश करने वाला फुरकान पुलिस के शिकंजे से नहीं बच सका।

झिंझाना थाना क्षेत्र के खानपुर कलां-रंगाना के जंगल में हुई पुलिस मुठभेड़ में उसकी मौत हो गई। उसके अंत के साथ ही एक बार फिर यह चर्चा तेज हो गई कि यदि परिस्थितियां अलग होतीं तो शायद उसकी जिंदगी की कहानी कुछ और होती। लेकिन बदले की भावना और अपराध के रास्ते ने उसे उस मुकाम तक पहुंचा दिया, जहां अंत अक्सर जेल या मौत पर जाकर ही होता है।

# योगी सरकार ने बुनियादी शिक्षा के एकीकरण को दी नई रफ्तार, 15,613 आंगनबाड़ी केंद्र होंगे परिषदीय विद्यालय परिसरों में स्थानांतरित

- परिषदीय विद्यालयों से 200 मीटर की परिधि में स्थित गैरविभागीय भवनों में संचालित केंद्रों का 15 अगस्त तक मिशन मोड में होगा चरणबद्ध स्थानांतरण
- 1.89 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों की मैपिंग पूरी, 1.64 लाख से अधिक केंद्र पहले ही परिषदीय विद्यालय परिसरों से एकीकृत
- 3 से 6 वर्ष के बच्चों को सुरक्षित कक्षा-कक्ष, शुद्ध पेयजल, शौचालय, खेल का स्थान और अन्य आधारभूत सुविधाओं का मिलेगा लाभ
- महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी और निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार हर्षिता माथुर ने जारी किए दिशानिर्देश

समाज जागरण

लखनऊ, 05 अगस्त। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार 15 अगस्त तक 15,613 आंगनबाड़ी केंद्रों को परिषदीय विद्यालय परिसरों में स्थानांतरित करेगी, जिससे बुनियादी शिक्षा और प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के एकीकरण को नई गति मिलेगी। ये ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जो परिषदीय विद्यालयों से 200 मीटर की परिधि में स्थित होने के बावजूद वर्तमान में गैर-विभागीय भवनों में संचालित हो रहे हैं।

मिशन मोड में चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत बच्चों को परिषदीय विद्यालय परिसरों में सुरक्षित एवं निर्धारित कक्षा-कक्षों, शुद्ध पेयजल, शौचालय, खेल के स्थान, बिजली तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। प्रदेश में 1,89,208 आंगनबाड़ी केंद्रों की मैपिंग पूरी हो चुकी है, जिनमें से 1,64,480 केंद्र पहले ही परिषदीय विद्यालय परिसरों से एकीकृत किए जा चुके हैं। इस संबंध में महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी तथा निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार हर्षिता माथुर ने दिशानिर्देश जारी किए हैं।

संयुक्त दिशा-निर्देशों के अनुसार परिषदीय विद्यालयों से 200 मीटर की परिधि में स्थित ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र, जो वर्तमान में गैर-विभागीय भवनों में संचालित हैं, उन्हें संबंधित मैप्ड परिषदीय विद्यालय परिसरों में चरणबद्ध रूप से स्थानांतरित किया जाएगा। स्थानांतरण केवल उन्हीं विद्यालयों में किया जाएगा, जहां आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन के लिए बच्चों हेतु सुरक्षित एवं निर्धारित कक्षा-कक्ष, बिजली तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। इस पहल का उद्देश्य तीन से छह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्रारंभिक अवस्था से ही विद्यालयी वातावरण उपलब्ध कराना तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा और बुनियादी शिक्षा के बीच मजबूत समन्वय स्थापित करना है।

माना जा रहा है यह अभियान आंगनबाड़ी केंद्रों के स्थानांतरण के साथ-साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप बुनियादी शिक्षा और प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के प्रभावी एकीकरण की व्यापक पहल है। इससे बच्चों को शुरुआती वर्षों से ही बेहतर शैक्षिक वातावरण, विद्यालयी संसाधनों का लाभ और गुणवत्तापूर्ण अधिगम के अवसर उपलब्ध होंगे। साथ ही शिक्षा एवं बाल विकास विभागों के बीच समन्वय और संसाधनों के बेहतर उपयोग के माध्यम से प्रदेश में बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।

### बेहतर सुविधाओं के साथ मजबूत होगी बुनियादी शिक्षा

निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि संबंधित परिषदीय विद्यालयों में तीन से छह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए शुद्ध पेयजल, शौचालय, खेलने का पर्याप्त स्थान तथा अन्य आवश्यक भौतिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इससे बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ और गतिविधि आधारित शिक्षण वातावरण मिलेगा। साथ ही बाल वाटिका से कक्षा-1 तक सीखने की निरंतरता मजबूत होगी और स्कूल रेडिनेस को नई मजबूती मिलेगी। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप बच्चों की बुनियादी सीखने की क्षमता को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### मिशन मोड में होगा अभियान, संयुक्त रूप से भेजी जाएगी रिपोर्ट

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी तथा निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार हर्षिता माथुर ने सभी जिलों को इस अभियान को मिशन मोड में संचालित करने के निर्देश दिए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संयुक्त रूप से अभियान की निगरानी करेंगे। स्थानांतरण की कार्रवाई पूर्ण होने के बाद निर्धारित प्रारूप पर दोनों अधिकारियों के संयुक्त हस्ताक्षर से रिपोर्ट निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार तथा महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कार्यालय को भेजी जाएगी। सभी जिलों को 15 अगस्त 2026 तक चिह्नित आंगनबाड़ी केंद्रों का स्थानांतरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कोट राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का सबसे महत्वपूर्ण आधार प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा है।

आंगनबाड़ी केंद्रों को परिषदीय विद्यालय परिसरों में स्थानांतरित करने से छोटे बच्चों को बचपन से ही गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक वातावरण, गतिविधि आधारित अधिगम और विद्यालय की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इससे बाल वाटिका से कक्षा-1 तक सीखने की प्रक्रिया और अधिक सुदृढ़ होगी। प्रत्येक बच्चे को विद्यालय में प्रवेश से पहले सीखने के लिए पूरी तरह तैयार करना हमारा लक्ष्य है।

# देश में अव्वल: 38.8 मिलियन मीट्रिक टन दुग्ध उत्पादन के साथ उत्तर प्रदेश शीर्ष पर

## दुग्धशाला विकास विभाग की स्वर्ण जयंती वर्ष पर प्रदेश के सभी जनपदों में हुआ डेयरी कॉन्क्लेव

**दुग्ध उत्पादन में 16 प्रतिशत योगदान के साथ देश में प्रथम स्थान पर उत्तर प्रदेश**

**प्रदेश में योगी सरकार की विभिन्न योजनाओं में चयनित लोगों को वितरित किए गए चयन पत्र**

समाज जागरण

लखनऊ, 5 अगस्त : दुग्धशाला विकास विभाग की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को सभी 75 जनपदों में डेयरी कॉन्क्लेव-2026 आयोजित किया गया। दुग्धशाला विकास विभाग एवं पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम हुआ। दुग्ध आयुक्त धनलक्ष्मी के. ने बताया कि वर्ष 2024-25 में भारत लगभग 248 मिलियन मीट्रिक टन दुग्ध उत्पादन के साथ विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है, जिसमें उत्तर प्रदेश लगभग 38.8 मिलियन मीट्रिक टन दुग्ध उत्पादन एवं लगभग 16 प्रतिशत योगदान के साथ देश में प्रथम स्थान पर है। डेयरी क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन एवं किसानों की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम है।

उन्होंने बताया कि नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं से कुल 17,994 लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है तथा 4,951 प्रारम्भिक दुग्ध सहकारी समितियों के गठन से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 2.25 लाख रोजगार सृजित हुए हैं।

इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश में 2100 नव चयनित मुख्यमंत्री स्वदेशी गो-संवर्धन योजना, 1500 से अधिक मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना तथा 450 से अधिक नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना के लाभार्थियों को चयन पत्र वितरित किए गये हैं। साथ ही डेयरी क्षेत्र में 28,000 करोड़ रुपये से अधिक के 829 एमओयू किए गए हैं। उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति-2022 के अंतर्गत 39 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध प्रसंस्करण एवं अवशीतन क्षमता में वृद्धि हुई है तथा लगभग 10,000 रोजगार सृजित हुए हैं। निवेशकों को डीबीटी के माध्यम से लगभग 42 करोड़ रुपये का अनुदान भी उपलब्ध कराया गया है।

कॉन्क्लेव में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पशुपालन एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों, दुग्ध संघों के प्रतिनिधियों, प्रगतिशील दुग्ध उत्पादक किसानों, पशुपालकों, स्वयं सहायता समूहों तथा दुग्ध सहकारी समितियों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

विभागीय अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने आधुनिक डेयरी तकनीकों वैज्ञानिक पशुपालन, पशु स्वास्थ्य, संतुलित पशु आहार तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

# पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय सत्यपाल मलिक की प्रथम पुण्यतिथि पर हिसावदा में उमड़ा जनसैलाब

कांग्रेस नेताओं और खाप चौधरियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**समाज जागरण**

बागपत। किसानों के मसीहा और पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय सत्यपाल मलिक की प्रथम पुण्यतिथि पर बुधवार को बागपत जनपद के ऐतिहासिक गांव हिसावदा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में किसान, खाप प्रतिनिधि, कांग्रेस नेता और क्षेत्रीय लोग जुटे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के महासचिव नवाब अहमद हमीद, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, यूपी कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम और एनएसयूआई राजस्थान अध्यक्ष निर्मल चौधरी विशेष रूप से शामिल हुए। सभी नेताओं और उपस्थित जनसमुदाय ने स्वर्गीय सत्यपाल मलिक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके संघर्षपूर्ण जीवन को याद किया। सभा को संबोधित करते हुए यूपी कांग्रेस महासचिव नवाब अहमद हमीद ने कहा कि "स्वर्गीय सत्यपाल मलिक जी ने पूरे जीवन सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। उन्होंने किसानों, युवाओं और आमजन की आवाज को बिना किसी डर के बुलंद किया। उनकी स्पष्टवादिता और किसान हितों के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने भी सत्यपाल मलिक को किसान नेता और सच्चा जनप्रतिनिधि बताया। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने किसान आंदोलन, जवानों और आम जनता के मुद्दों पर हमेशा बेबाकी से बात की।

कार्यक्रम में विभिन्न खापों के चौधरी, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान-मजदूर भी मौजूद रहे। हवन और प्रार्थना सभा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजकों ने कहा कि स्वर्गीय सत्यपाल मलिक के विचार और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

# लिटिल रनवे स्टार्स रैंप वॉक की विजेता बनी स्मार्टी पंडित

**समाज जागरण बागपत।**




आगरा के फतेहाबाद रोड स्थित आईटीसी मुगल होटल में किस्से आगरा से संस्था द्वारा आयोजित लिटिल रनवे स्टार्स कार्यक्रम में प्रतिभाशाली बाल प्रतिभागी स्मार्टी पंडित ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का ध्यान आकर्षित करते हुए रैंप वॉक एवं कैटवॉक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए 45 बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अशोक ग्रुप की प्रमुख व जानी-मानी उद्योगपति डॉ रंजना बंसल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। उन्होंने विजेताओं को सम्मानित करते हुए बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और ऐसे आयोजनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम की संस्थापिका सुरुचि शर्मा तथा संस्था से जुड़े रोहन शर्मा ने कार्यक्रम की सफलता में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, प्रतिभागियों

और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में जीत दर्ज करने के बाद स्मार्टी पंडित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शुभचिंतकों को दिया। वहीं उनके परिजनों ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपनी बेटी की इस सफलता पर गर्व है और वे उसके उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। कार्यक्रम में निधि सिंह, स्पर्श बंसल, वैशाली भदौरिया, रिचा बंसल, कौशल मिश्रा, रजनी मिश्रा, अंजलि गोयल, शीना जैन, प्रतिभा भार्गव सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जिनवचन रुपी औषधि ही जन्म मृत्यु रोग का नाश करती है : आर्जव सागर

**समाज जागरण बागपत।**



बड़ौत नगर के अजितनाथ सभागार में धर्म प्रभावना करते हुए आचार्य श्री आर्जवसागर जी महाराज ने बताया कि प्रत्येक भव्य के जीवन में रत्नत्रय तरह के लाभ से मोक्ष की प्राप्ति संभव है। परन्तु वह भव्य आत्मा जीवन में सच्चा श्रोता होना चाहिए। उसका उद्देश्य कर्म निर्जरा करके मोक्ष पाने का होना चाहिए ना कि संसार में भ्रमण में फंसे रहने का। आचार्य श्री ने बताया कि लोग तीन प्रकार के होते हैं। एक तो श्रोता की तरह जो सुनता है, दूसरा सोता जो कि झपकियां लेता है और तीसरा सरोंता की तरह जो बातों को काटने वाला होता है। इन तीन में से हमें श्रोता बनना चाहिए। निर्ग्रन्थ साधु जो अपने आवश्यक में लीन रहते हैं। 28 मूलगुणों का सदैव पालन करते हैं। वैराग्य का चिंतन करते हैं। ऐसे वे गुरु आर्ष परंपरा से चली आई वीतराग वाणी को, भगवान की वाणी को देने वाले होते हैं। भगवान की वाणी सीधी- सीधी हम लोग ग्रहण नहीं कर सकते क्योंकि उसके लिए गणधर की आवश्यकता होती है। जिस प्रकार नहरों के बिना समुद्र का पानी प्राप्त नहीं किया जा सकता, उसी प्रकार गणधर परमेष्ठी के बिना मित्रा भगवान की वाणी को द्वादशांग रूप प्राप्त नहीं किया जा सकता। उस वाणी को द्वादशङ्ग रूप बनाकर हम तक पहुंचाते हैं। उसी वाणी को सद्गुणो के धारी निर्ग्रन्थ गुरु भव्य जीवों के कल्याण हेतु सुनाते हैं। गुरु का कर्तव्य होता है- स्वाध्याय करना। यह प्रवचन उपदेश भी उनके लिए स्वाध्याय में ही आता है।

गुरुओं की परंपरा से आई हुई वाणी को सच्चे श्रोता ही ग्रहण कर पाते हैं। सभा में ऋषिका दीदी ने भी मंगलाचरण प्रस्तुत किया। सभा में मुकेश जैन, प्रदीप जैन, नवीन जैन, वरदान जैन, अंकुर जैन, विकास जैन, ऋषभ जैन, संजय जैन, सुरेश जैन आदि उपस्थित थे।

# यज्ञ भारतीय संस्कृति का प्राण : डॉ तरुण तोमर

**समाज जागरण बागपत।**

चौधरी केहर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट के द्वारा संचालित महर्षि दयानंद सरस्वती वैदिक महाविद्यालय कोताना रोड बड़ौत में विशेष यज्ञ का आयोजन संपन्न हुआ।कैंसर विशेषज्ञ डॉ तरुण तोमर ने कहा आज का दिन हम सबके लिए ऐतिहासिक दिन है। महाविद्यालय के प्रांगण में आज से पूरे वर्ष के लिए दैनिक यज्ञ का शुभारंभ हो रहा है।यज्ञ भारतीय संस्कृति का प्राण है। यज्ञ ही




भारतीय संस्कृति का आधार है। महाविद्यालय के पावन प्रांगण में दैनिक यज्ञ कर हमें अपनी प्राचीन विश्व प्रसिद्ध वैदिक संस्कृति का निर्वहन करना है। यज्ञ आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक चेतना का केंद्र है। जहां से युवा पीढ़ी संस्कार और राष्ट्रभक्ति का संदेश समाज में पहुंचाएगी। नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और वेदों से जोड़ने का यह यज्ञ मध्यम बनेगा। यज्ञ प्राचीन काल से ही मानव जीवन का अभिन्न अंग रहा है। आज विश्वविद्यालयों में यज्ञ विज्ञान पर शोध ग्रंथ प्रकाशित हो रहे हैं। जिससे आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो सके। अच्छे विचारों से ही व्यक्ति को मानसिक शांति मिलती है। इस अवसर पर डॉ मनीष तोमर, डॉ शस्या तोमर, पुरोहित उदय मुनि, धर्मपाल सिंह त्यागी, प्रधानाचार्य रामपाल सिंह, रवि शास्त्री, योगाचार्य मुकेश विद्यालंकर, आर्यन, यामिनी, मीनाक्षी तोमर आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व सीएम हुड्डा का बड़ागांव मोड़ पर भव्य स्वागत

किसानों के रहबर को याद किया

**समाज जागरण**

खेकड़ा। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा का हिसावदा में स्व. सत्यपाल मलिक की पुण्यतिथि पर आयोजित किसान दिवस में शामिल होने जाते समय खेकड़ा के बड़ागांव मोड़ पर क्षेत्रवासियों ने फूल-मालाओं



से भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में संजय वशिष्ठ, अशोक कौशिक, चौधरी उमेश शर्मा सर्व खाप खेकड़ा 360, योगेंद्र ढाका, मनोज हुड्डा, किसान कांग्रेस प्रभारी राकेश शर्मा, देवेंद्र वशिष्ठ, अनिल देव त्यागी आदि शामिल रहे। इस दौरान चौधरी हुड्डा ने कहा कि आज किसानों-मजदूरों का कोई सच्चा रहबर नहीं रहा। स्व. सत्यपाल मलिक ने हमेशा किसानों की आवाज बुलंद की, उनके संघर्ष को हमेशा याद रखा जाएगा।

# अखिलेश यादव किसान, मजदूर व व्यापारियो के सच्चे हितैषी : मुखिया यादव

**समाज जागरण बागपत।**



मुखिया यादव ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से शिष्टाचार भेंट की। समाज के सभी वर्गों को सम्मान, समान अवसर और न्याय दिलाने की दिशा में अखिलेश यादव का विजन सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की एक महत्वपूर्ण पहल है। उनका नेतृत्व समाज के वंचित और कमजोर वर्गों की आवाज को मजबूती प्रदान करता है। मुखिया यादव ने कहा कि अखिलेश यादव ने हमेशा सामाजिक सौहार्द, शिक्षा, रोजगार और संविधान के मूल्यों को प्राथमिकता दी है। उनका संदेश समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मुखिया यादव ने सभी कार्यकताओं और समर्थकों से आह्वान किया कि वे सामाजिक न्याय, भाईचारे और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर कार्य करें। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने, समाजवादी विचारधारा को मजबूती से आगे बढ़ाने तथा जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने का संदेश दिया। उन्होंने संगठन की एकजुटता और कार्यकताओं की भूमिका को पार्टी की सबसे बड़ी ताकत बताया। मुलाकात के बाद मुखिया यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही प्रदेश के हर वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य कर रही है और आने वाले समय में जनता के विश्वास को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

# चौधरी हरलाल मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा शिवभक्त कांवड़ियों के लिए सेवा शिविर शुरू

9 अगस्त तक चलेगा सेवा एवं मेडिकल शिविर, भंडारे के साथ होगा समापन

**समाज जागरण**



बागपत। सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय चौधरी हरलाल मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा गुफा वाले बाबा मंदिर के समीप शिवभक्त कांवड़ियों के लिए सेवा शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और "बोल बम" के जयघोष के बीच समाजसेवी सुमित सैनी, अरुण सैनी, प्रिया चौधरी और अजयवीर प्रधान ने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। समाजसेवी सुमित सैनी ने बताया कि शिविर में कांवड़ियों के लिए शीतल पेयजल, भोजन, विश्राम और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। ट्रस्ट का उद्देश्य दूर-दूर से आने वाले शिवभक्तों की निस्वार्थ सेवा करना है, जिसे हमारी संस्कृति में सबसे बड़ा पुण्य माना जाता है। ट्रस्ट के चेयरमैन एडवोकेट रणवीर चौधरी ने बताया कि सेवा एवं मेडिकल शिविर 9 अगस्त तक चलेगा। समापन 9 अगस्त को भोलेनाथ की कृपा से विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का संकल्प लिया। सभी ने शिवभक्तों का स्वागत करते हुए देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। ट्रस्ट ने क्षेत्रवासियों से भी इस पुण्य कार्य में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में राजेश चौहान, टीना चौधरी, रणबीर सिंह, सुभाष सैनी, रवि चौधरी, इति चौधरी, बिट्टू ठेकेदार, तन्नू और सचिन अहलावत सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हजरत मौलाना महमूद मदनी के आह्वान पर सद्भावना मंच ने किया भव्य वृक्षारोपण

"एक पौधा लगाना इबादत है" - उलेमा ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**समाज जागरण**



बागपत। हजरत मौलाना महमूद मदनी साहब के विशेष निर्देश पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर सद्भावना मंच, जमीयत यूथ क्लब एवं दीनी तालीमी बोर्ड जनपद बागपत के संयुक्त तत्वावधान में भव्य वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हरित एवं समृद्ध भारत के निर्माण के साथ आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त वातावरण देना था। वक्ताओं ने कहा कि यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं, बल्कि जनजागरण और नैतिक शिक्षा का भी माध्यम है। इस्लामी शिक्षाओं का हवाला देते हुए उलेमा ने कहा कि इस्लाम में पेड़-पौधों और पूरी सृष्टि के संरक्षण की शिक्षा है। एक वृक्ष लगाना सदका-ए-जारिया और महान इबादत है, जिसका सवाब दुनिया और आखिरत दोनों में मिलता है। बढ़ते प्रदूषण और वृक्षों की अंधाधुंध कटाई को गंभीर समस्या बताते हुए सामूहिक प्रयास से समाधान की अपील की गई। कार्यक्रम में जनपद के उलेमा, समाजसेवी, चिकित्सक, शिक्षक, छात्र और गणमान्य लोग शामिल हुए। बच्चों ने वृक्षारोपण पर कविता और गीत प्रस्तुत कर सभी को पर्यावरण बचाने की प्रेरणा दी।इस मौके पर मास्टर बशीर, कोहिनूर साहब, डॉ. शराफत, डॉ. नूर, हाफिज मुजफ्फर हुसैन, मोहम्मद असद, कारी मोहम्मद साजिद हक़्क़ी, नफीस और सईद साहब सहित कई लोगों ने पौधे लगाकर उनकी देखभाल का संकल्प लिया। वक्ताओं ने अपील की कि हर नागरिक कम से कम एक पौधा लगाए।

अंत में देश की खुशहाली, पर्यावरण सुरक्षा और हरियाली के लिए सामूहिक दुआ की गई। सभी ने संकल्प लिया कि यह अभियान आगे भी जन-आंदोलन के रूप में चलता रहेगा।

# देश में अव्वल: 38.8 मिलियन मीट्रिक टन दुग्ध उत्पादन के साथ उत्तर प्रदेश शीर्ष पर

दुग्धशाला विकास विभाग की स्वर्ण जयंती वर्ष पर प्रदेश के सभी जनपदों में हुआ डेयरी कॉन्क्लेव

दुग्ध उत्पादन में 16 प्रतिशत योगदान के साथ देश में प्रथम स्थान पर उत्तर प्रदेश

प्रदेश में योगी सरकार की विभिन्न योजनाओं में चयनित लोगों को वितरित किए गए चयन पत्र

**समाज जागरण**

लखनऊ, 5 अगस्तः दुग्धशाला विकास विभाग की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को सभी 75 जनपदों में डेयरी कॉन्क्लेव-2026 आयोजित किया गया। दुग्धशाला विकास विभाग एवं पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम हुआ। दुग्ध आयुक्त धनलक्ष्मी के. ने बताया कि वर्ष 2024-25 में भारत लगभग 248 मिलियन मीट्रिक टन दुग्ध उत्पादन के साथ विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है, जिसमें उत्तर प्रदेश लगभग 38.8 मिलियन मीट्रिक टन दुग्ध उत्पादन एवं लगभग 16 प्रतिशत योगदान के साथ देश में प्रथम स्थान पर है। डेयरी क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तीकरण, रोजगार सृजन एवं किसानों की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम है।

उन्होंने बताया कि नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं से कुल 17,994 लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है तथा 4,951 प्रारम्भिक दुग्ध सहकारी समितियों के गठन से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 2.25 लाख रोजगार सृजित हुए हैं। इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश में 2100 नव चयनित मुख्यमंत्री स्वदेशी गो-सवंर्धन योजना, 1500 से अधिक मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना तथा 450 से अधिक नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना के लाभार्थियों को चयन पत्र वितरित किए गये हैं। साथ ही डेयरी क्षेत्र में 28,000 करोड़ रुपये से अधिक के 829 एमओयू किए गए हैं। उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति-2022 के अंतर्गत 39 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध प्रसंस्करण एवं अवशीतन क्षमता में वृद्धि हुई है तथा लगभग 10,000 रोजगार सृजित हुए हैं। निवेशकों को डीबीटी के माध्यम से लगभग 42 करोड़ रुपये का अनुदान भी उपलब्ध कराया गया है। कॉन्क्लेव में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पशुपालन एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों, दुग्ध संघों के प्रतिनिधियों, प्रगतिशील दुग्ध उत्पादक किसानों, पशुपालकों, स्वयं सहायता समूहों तथा दुग्ध सहकारी समितियों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विभागीय अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने आधुनिक डेयरी तकनीकों वैज्ञानिक पशुपालन, पशु स्वास्थ्य, संतुलित पशु आहार तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

# 12 से 15 अगस्त तक भारत मंडपम में होगा भव्य भारत व्यापार महोत्सव : हरीश गर्ग

**समाज जागरण बागपत।**




कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) चंडीगढ़ चैप्टर द्वारा एक प्रेस वार्ता में आगामी 12 से 15 अगस्त तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले भारत व्यापार महोत्सव की विस्तृत जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों के साथ साझा की गई। प्रेस वार्ता में बताया गया कि यह महोत्सव केवल एक व्यापारिक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल और लोकल टू ग्लोबल के राष्ट्रीय अभियान का एक सशक्त माध्यम है। कैट चंडीगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष हरीश गर्ग ने कहा कि आज भारत विश्व की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था बन रहा है और भारतीय व्यापारी इस परिवर्तन के सबसे महत्वपूर्ण भागीदार हैं। भारत व्यापार महोत्सव देश के छोटे, मध्यम और बड़े व्यापारियों, उद्योगपतियों, स्टार्टअप उद्यमियों और स्वदेशी उत्पाद निर्माताओं को एक ऐसा मंच प्रदान करेगा, जहाँ वे अपने उत्पादों और सेवाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुँचा सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वोकल फॉर लोकल और मेक इन इंडिया अभियान ने भारतीय व्यापार को नई दिशा और नई पहचान दी है। भारत व्यापार महोत्सव इसी सोच को आगे बढ़ाने का एक ऐतिहासिक प्रयास है, जो देश के व्यापारियों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने का कार्य करेगा। महासचिव भीमसेन ने बताया कि इस वर्ष महोत्सव में प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और अत्याधुनिक बनाया गया है। आमंत्रण पत्र पर दिए गए विशेष क्यूआर कोड को स्कैन करते ही पंजीकरण फॉर्म खुल जाएगा और फॉर्म भरने के तुरंत बाद प्रतिभागी को डिजिटल पुष्टिकरण एवं प्रवेश पहचान प्राप्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इस स्कैनर आधारित व्यवस्था से हजारों व्यापारियों और आगंतुकों का प्रवेश बिना किसी परेशानी के तेज, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित किया जा सकेगा। यह पहल प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया अभियान को भी मजबूती प्रदान करेगी। उपाध्यक्ष नरेश गर्ग और राजकुमार सिंगला ने कहा कि भारत व्यापार महोत्सव भारतीय व्यापार जगत के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा। इस मंच पर व्यापारियों को आधुनिक तकनीक, नए बाजार, निवेशक, निर्यातक और देश-विदेश के उद्योगपतियों से सीधे संवाद का अवसर मिलेगा। कोषाध्यक्ष उमेश गुप्ता ने कहा कि यह महोत्सव भारत की आर्थिक शक्ति, उद्यमिता और स्वदेशी उत्पादों की गुणवत्ता को विश्व के सामने प्रस्तुत करेगा तथा लाखों व्यापारियों के लिए नए व्यापारिक अवसर पैदा करेगा।

प्रेस वार्ता में उपस्थित पदाधिकारियों ने देशभर के व्यापारियों, उद्योगपतियों, युवाओं और नागरिकों से अपील की कि वे इस ऐतिहासिक महोत्सव में भाग लेकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और अधिक मजबूत बनाएं तथा भारतीय व्यापार को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# योगी सरकार की खेल क्रांति: गोरखपुर का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम मात्र तीन महीने में लगभग 20% तैयार

भूमिपूजन के बाद युद्धस्तर पर काम, पाइल फाउंडेशन पूरा

46 एकड़ में 30 हजार दर्शकों की क्षमता वाला बनेगा स्टेडियम

स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय मानकों की आधुनिक खेल सुविधाएं होंगी उपलब्ध

पूर्वांचल को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का नया केंद्र

**समाज जागरण**

लखनऊ 5 अगस्त। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में खेल अवसंरचना को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में गोरखपुर में निमार्णाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण निर्धारित समय-सीमा के अनुसार तेजी से आगे बढ़ रहा है। महज तीन महीने में ही करीब 392.94 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का लगभग 20 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो गया है। इस स्टेडियम के बन जाने से पूर्वांचल में न केवल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों का आयोजन संभव होगा, बल्कि स्थानीय खेल प्रतिभाओं को विश्वस्तरीय सुविधाएं और रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। भूमिपूजन के तीन महीने बाद निर्माण ने पकड़ी रफ्तार स्टेडियम का 16 मई 2026 को भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया गया था। इसके बाद लोक निर्माण विभाग ने ईपीसी मोड पर निर्माण कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। मुख्य स्टेडियम परिसर की लेवलिंग और पाइल फाउंडेशन का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि बाहरी क्षेत्र में लेवलिंग, सड़क निर्माण और अन्य आधारभूत कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। अब तक परियोजना के लिए 110 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जारी की जा चुकी है। सरकार का लक्ष्य है कि स्टेडियम का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित 24 माह की अवधि में पूरा कराया जाए। 46 एकड़ में 30 हजार दर्शकों की क्षमता वाला बनेगा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में इस परियोजना के लिए 50 करोड़ रुपये की दूसरी किश्त भी स्वीकृत कर जारी कर दी है। इससे पहले 63.39 करोड़ रुपये की पहली किश्त जारी की जा चुकी थी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि परियोजना की लागत और समय-सीमा में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा निर्माण कार्य की नियमित निगरानी की जा रही है। करीब 46 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाला यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम 30 हजार दर्शकों की क्षमता वाला होगा। विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस होगा स्टेडियम स्टेडियम का निर्माण ग्राउंड प्लस टू फ्लोर मॉडल पर किया जा रहा है।

इसमें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप क्रिकेट पिच, आधुनिक आउटफील्ड, हाई-मास्ट फ्लड लाइट्स, अत्याधुनिक ब्रॉडकास्टिंग सुविधाएं, खिलाड़ियों के लिए विश्वस्तरीय ड्रेसिंग रूम, अभ्यास सुविधाएं और दर्शकों के लिए आधुनिक बैठने की व्यवस्था विकसित की जाएगी।

स्टेडियम की सभी तकनीकी व्यवस्थाएं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो, इसके लिए खेल निदेशक की अध्यक्षता में विषय विशेषज्ञों की एक उच्चस्तरीय तकनीकी समिति गठित की गई है। यह समिति पिच के आयाम, आउट फील्ड, लाइटिंग, सिटिंग व्यवस्था और प्रसारण सुविधाओं सहित सभी तकनीकी पहलुओं की निगरानी कर रही है। आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम के साथ पारदर्शिता और गुणवत्ता पर विशेष जोर निर्माण कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट अनिवार्य किया गया है। परियोजना में वित्तीय किश्तों का भुगतान भी गुणवत्ता परीक्षण से जोड़ा गया है और न्यूनतम पांच स्थलीय निरीक्षण रिपोर्टों के आधार पर ही अगली किश्तें जारी की जाएंगी।

इससे निर्माण की गुणवत्ता पर लगातार निगरानी बनी रहेगी। स्टेडियम का क्षेत्र अपेक्षाकृत लो-लाइंग है, इसलिए भविष्य में जलभराव की किसी भी संभावना से बचने के लिए आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जा रहा है। साथ ही सभी आवश्यक पर्यावरणीय और वैधानिक स्वीकृतियां भी सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि भविष्य में संचालन के दौरान किसी प्रकार की बाधा न आए।

कोट गोरखपुर में निमार्णाधीन क्रिकेट स्टेडियम शासन व सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। शासन स्तर से इसकी प्रगति पर सतत निगरानी रखी जा रही है। भविष्य में यह स्टेडियम पूर्वांचल क्षेत्र के महत्वपूर्ण क्रीड़ा स्थल के रूप में विकसित होगा। कुमार विनीत, विशेष सचिव, खेल विभाग

# गोल्डन ऑवर में जीवन बचाने की नई उम्मीद: सदर अस्पताल में शुरू हुई आईसीयू सेवा

## 10 बेड वाले आईसीयू का जिला पदाधिकारी नवीन कुमार व सदर विधायक कमरुल होदा ने किया उद्घाटन, फिलहाल दो वेंटिलेटर युक्त बेड से होगी शुरूआत

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

05 अगस्त। गंभीर मरीजों को समय पर जीवनरक्षक उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में किशनगंज सदर अस्पताल ने एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। अस्पताल में स्थापित 10 बेड वाले आधुनिक गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) का बुधवार को सदर विधायक कमरुल होदा एवं जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। प्रथम चरण में दो वेंटिलेटर युक्त बेड से सेवाएं शुरू की गई हैं। शेष बेड आवश्यक उपकरणों एवं प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध होने के बाद चरणबद्ध तरीके से संचालित किए जाएंगे।



चिकित्सा विज्ञान के अनुसार सड़क दुर्घटना, हृदयाघात, मस्तिष्काघात, अत्यधिक रक्तस्राव, गंभीर संक्रमण, श्वसन विफलता तथा प्रसव संबंधी जटिल परिस्थितियों में उपचार का पहला घंटा, जिसे 'गोल्डन ऑवर' कहा जाता है, मरीज के जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। अब तक किशनगंज में आईसीयू सुविधा नहीं होने के कारण गंभीर मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर करना पड़ता था, जिससे उपचार में देरी होती थी और कई बार मरीजों की स्थिति और गंभीर हो जाती थी।

नई आईसीयू सुविधा शुरू होने से अब गंभीर मरीजों को जिले में ही वेंटिलेटर सहायता, गहन निगरानी तथा जीवनरक्षक उपचार उपलब्ध हो सकेगा। अस्पताल प्रशासन ने आईसीयू के संचालन के लिए प्रशिक्षित पैरामेडिकल कर्मियों की 24 घंटे ड्यूटी सुनिश्चित की है। साथ ही जनरल सर्जन एवं एनेस्थेटिस्ट की सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। इस सुविधा का सबसे बड़ा लाभ जटिल प्रसूति मामलों में मिलेगा। पहले उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं एवं जटिल सिजेरियन प्रसव के मामलों को आईसीयू सुविधा के अभाव में बाहर रेफर करना पड़ता था। अब ऐसी परिस्थितियों में सदर अस्पताल में ही बेहतर उपचार संभव होगा, जिससे सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा मिलेगा और मातृ एवं नवजात मृत्यु दर कम करने में मदद मिलेगी।

उद्घाटन समारोह में जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक नागरिक को उसके अपने जिले में गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि आईसीयू शुरू होने से गंभीर मरीजों को गोल्डन ऑवर के भीतर आवश्यक उपचार मिल सकेगा, अनावश्यक रेफरल कम होंगे तथा लोगों का समय, धन और जीवन—तीनों की रक्षा होगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल दो वेंटिलेटर युक्त बेड से सेवाएं प्रारंभ की गई हैं और जल्द ही सभी 10 बेड पूर्ण क्षमता के साथ संचालित किए जाएंगे।

सिविल सर्जन ने कहा कि आईसीयू के लिए प्रशिक्षित पैरामेडिकल कर्मियों का 24 घंटे का रोस्टर तैयार किया गया है। जनरल सर्जन एवं एनेस्थेटिस्ट की उपलब्धता से ट्रॉमा केयर, क्रिटिकल केयर, जटिल सर्जरी तथा सुरक्षित मातृत्व सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी।

सदर अस्पताल में आईसीयू की शुरुआत केवल एक नई चिकित्सा इकाई का उद्घाटन नहीं, बल्कि जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है। इससे गंभीर मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध होगा और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएं पहले की तुलना में अधिक सुलभ, प्रभावी एवं भरोसेमंद बन सकेंगी।

# PHC बेलवा में सिविल सर्जन के आदेश की अनदेखी का आरोप, करोड़ों के सरकारी लेन-देन पर उठे सवाल

## सीमांचल सेवा फाउंडेशन ने डीएम को सौंपा तीन पृष्ठों का शिकायत पत्र, अभिलेख जब्त कर उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

5 अगस्त। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) बेलवा में सिविल सर्जन के आदेश के कथित अनुपालन नहीं होने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सामाजिक संस्था सीमांचल सेवा फाउंडेशन (पंजीकृत) ने जिलाधिकारी को तीन पृष्ठों का विस्तृत शिकायत पत्र सौंपकर आरोप लगाया है कि आदेश जारी होने के बावजूद पूर्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी का प्रभाव समाप्त नहीं हुआ है, जिससे सरकारी कार्यप्रणाली और वित्तीय व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।




शिकायत के अनुसार, 20 जुलाई 2026 को सिविल सर्जन-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा जारी आदेश में डॉ. आफताब आलम की प्रतिनियुक्ति समाप्त करते हुए उनकी प्रशासनिक एवं वित्तीय शक्तियां (डीडीओ सहित) वापस लेने तथा नए प्रभारी को विधिवत प्रभार सौंपने का निर्देश दिया गया था। संस्था का आरोप है कि आदेश के बावजूद उसका पूर्ण पालन नहीं हुआ और सरकारी कार्यों में अनधिकृत हस्तक्षेप की स्थिति बनी हुई है।

शिकायत में कहा गया है कि यदि आदेश के बाद भी किसी प्रकार की वित्तीय स्वीकृति, भुगतान, निकासी अथवा सरकारी अभिलेखों का संचालन पूर्व प्रभारी के प्रभाव में हुआ है, तो करोड़ों रुपये की सरकारी राशि के उपयोग और वित्तीय अनुशासन पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं। संस्था ने आशंका जताई है कि समय रहते कार्रवाई नहीं होने पर महत्वपूर्ण अभिलेखों से छेड़छाड़ या वित्तीय अनियमितताओं की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

शिकायत पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि डॉ. आफताब आलम के विरुद्ध पूर्व में भी भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अनियमितताओं तथा कर्मचारियों से कथित अवैध वसूली जैसे आरोप उठ चुके हैं। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि सक्षम प्राधिकारी द्वारा कराई जाने वाली जांच के बाद ही हो सकेगी।

सीमांचल सेवा फाउंडेशन ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, संबंधित वित्तीय एवं प्रशासनिक अभिलेखों को तत्काल सुरक्षित रखने, बैंक खातों और वित्तीय लेन-देन की जांच कराने तथा जांच में आरोप सही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी विभागीय एवं विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

संस्था का कहना है कि यह मामला केवल प्रभार हस्तांतरण तक सीमित नहीं है, बल्कि सरकारी आदेशों की गरिमा, वित्तीय पारदर्शिता, प्रशासनिक जवाबदेही और आम जनता के स्वास्थ्य अधिकारों से जुड़ा है। ऐसे में जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की अपेक्षा की गई है।

# कोल्था पंचायत सहयोग शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़, 48 नए आवेदनों में 27 का मौके पर हुआ निपटारा

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

5 अगस्त। पोठिया प्रखंड के कोल्था पंचायत में बुधवार को जिला पदाधिकारी नवीन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी जनसमस्याओं की सुनवाई कर कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया।



शिविर में बुधवार को कुल 48 नए आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 27 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। वहीं, कोल्था पंचायत में अब तक कुल 91 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 45 आवेदन राजस्व विभाग से संबंधित हैं। अधिकांश मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। जिला पदाधिकारी ने शेष लंबित आवेदनों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सहयोग शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिविर का लाभ उठा सकें। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पंचायत सरकार भवन में सभी कार्यपालक सहायक नियमित रूप से बैठकर आरटीपीएस से संबंधित सेवाओं का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने नशामुक्ति अभियान, अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान, गोपनीय सूचनाओं के आधार पर की जा रही कार्रवाई तथा थाना स्तर पर हो रही छापेमारी की जानकारी दी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी बल दिया।

शिविर के दौरान जिला पदाधिकारी ने अंचलाधिकारी, पोठिया को कोल्था पंचायत सरकार भवन की चारदीवारी पर हुए अतिक्रमण को तत्काल हटाने का निर्देश दिया। साथ ही ग्रामीणों द्वारा उठाई गई रास्ता एवं नदी कटाव की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

सहयोग शिविर से पूर्व जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पोठिया स्थित प्रस्तावित सीआईएसएफ परिसर के लिए चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जिन 22 लाभुकों का बंदोबस्ती पर्चा स्वीकृत हो चुका है, उन्हें शीघ्र पर्चा वितरित कर संबंधित भूमि पर आवास निर्माण के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही भूमि को अतिक्रमणमुक्त कर प्रस्तावित सीआईएसएफ परिसर के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। अंत में जिला पदाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को जनसमस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करते हुए सहयोग शिविर को आमजन के लिए प्रभावी जनसेवा मंच के रूप में संचालित करने का निर्देश दिया।

# हाईवे पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 279 लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, स्कॉर्पियो जब्त

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

5 अगस्त। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत किशनगंज पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए पाठामारी थाना क्षेत्र से 279 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। कार्रवाई के दौरान शराब की खेप ले जा रही एक स्कॉर्पियो को जब्त किया गया तथा दो अंतरजिला तस्करों को गिरफ्तार किया गया।



पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देश पर जिले में अवैध शराब एवं अन्य मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर पाठामारी थाना पुलिस ने अमलझाड़ी स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान सिलिगुड़ी की ओर से आ रही स्कॉर्पियो (बीआर-01जेपी-1033) को रोककर तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान वाहन से 279 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। मौके से चालक आकाश कुमार (24 वर्ष) एवं रोहित कुमार (26 वर्ष), दोनों निवासी बेउर, पटना, को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने शराब के साथ स्कॉर्पियो और दो मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए।

इस मामले में पाठामारी थाना कांड संख्या 38/2026 दर्ज करते हुए बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2022 की धारा 30(ए) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपितों ने बताया कि शराब की खेप सिक्किम से बिहार लाई जा रही थी। पुलिस अब बरामद शराब के फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेज की जांच कर तस्करी नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की पहचान में जुटी है। साथ ही अवैध कारोबार से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर उसे जब्त करने की भी कार्रवाई की जाएगी।

इस छापेमारी अभियान का नेतृत्व पाठामारी थानाध्यक्ष गंगा प्रसाद गुप्ता ने किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ आगे भी इसी तरह सघन अभियान जारी रहेगा।

# विकास विद्यालय ने अनन्या श्रीवास्तव के माता-पिता को 'बेस्ट पेरेंट्स' सम्मान से किया सम्मानित

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर विकास विद्यालय के वार्षिक समारोह में उस समय भावुक और प्रेरणादायी माहौल देखने को मिला, जब विद्यालय की पूर्व छात्रा अनन्या श्रीवास्तव के उत्कृष्ट संस्कार, अनुशासन और व्यक्तित्व निर्माण के लिए उनके माता-पिता मृत्युंजय श्रीवास्तव एवं उनकी धर्मपत्नी अन्नपूर्णा श्रीवास्तव को "बेस्ट पेरेंट्स" सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विद्यालय की ओर से उन अभिभावकों को दिया गया, जिन्होंने अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास में परिवार और शिक्षा के मूल्यों का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।




इस अवसर पर मृत्युंजय श्रीवास्तव ने कहा कि यह सम्मान केवल उनके और उनकी पत्नी का नहीं, बल्कि उनके पूर्वजों, माता-पिता, गुरुओं तथा विकास विद्यालय परिवार द्वारा दिए गए संस्कारों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि किसी भी बच्चे का व्यक्तित्व केवल विद्यालय में नहीं बनता, बल्कि उसकी नींव परिवार में रखी जाती है और विद्यालय उसे सही दिशा प्रदान करता है।

उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री अनन्या श्रीवास्तव नर्सरी से लेकर कक्षा 10 तक लगातार 13 वर्षों तक विकास विद्यालय की छात्रा रही। इस पूरे शैक्षणिक सफर में उसने अनुशासन, विनम्रता, अध्ययनशीलता और उत्कृष्ट व्यवहार के माध्यम से शिक्षकों, सहपाठियों तथा विद्यालय प्रबंधन का विश्वास और स्नेह अर्जित किया। यही कारण है कि विद्यालय ने उसके व्यक्तित्व निर्माण में अभिभावकों की भूमिका को सम्मानित करने का निर्णय लिया।

मृत्युंजय श्रीवास्तव ने कहा कि संस्कार किसी एक दिन में नहीं बनते, बल्कि पीढ़ियों से प्राप्त जीवन मूल्यों, परिवार के वातावरण और गुरुओं के मार्गदर्शन से विकसित होते हैं। जब घर के संस्कार और विद्यालय की शिक्षा एक ही दिशा में आगे बढ़ते हैं, तब एक सुसंस्कृत, जिम्मेदार और चरित्रवान नागरिक का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला ऐसे ही संस्कारित बच्चों पर टिकी होती है।

उन्होंने वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज जब देश के विभिन्न हिस्सों में कुछ विद्यार्थियों के अनुचित व्यवहार की घटनाएं अभिभावकों और समाज को चिंतित करती हैं, ऐसे समय में विकास विद्यालय जैसे शैक्षणिक संस्थान संस्कार, अनुशासन और नैतिक शिक्षा का आदर्श प्रस्तुत कर रहे हैं। ऐसे सम्मान न केवल अभिभावकों का उत्साहवर्धन करते हैं, बल्कि समाज को भी सकारात्मक संदेश देते हैं कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में परिवार और विद्यालय की साझी भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है।

उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को केवल भौतिक सुविधाएं उपलब्ध कराना ही पर्याप्त नहीं है। उन्हें अच्छे संस्कार, नैतिक मूल्य, अनुशासन और मानवीय संवेदनाएं देना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बच्चों के भीतर मौजूद संस्कार रूपी बीज की निरंतर देखभाल करनी चाहिए, ताकि वह भविष्य में एक विशाल वटवृक्ष के रूप में विकसित होकर समाज और राष्ट्र का मार्गदर्शन कर सके।

समारोह के दौरान विद्यालय के शिक्षकों, प्रबंधन समिति तथा उपस्थित अभिभावकों ने भी इस सम्मान को परिवार और विद्यालय के बीच मजबूत संबंध का प्रतीक बताया। सभी ने अनन्या श्रीवास्तव की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अंत में मृत्युंजय श्रीवास्तव ने विकास विद्यालय के सभी शिक्षकों, प्रबंधन, कर्मचारियों एवं शुभचिंतकों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सबसे बड़ी विरासत धन-संपत्ति नहीं, बल्कि संस्कार होते हैं। संस्कार ही चरित्र का निर्माण करते हैं और चरित्र ही एक सशक्त समाज तथा समृद्ध राष्ट्र की नींव रखता है।

# सन शाइन कॉम्प्लेक्स व एट्रीयम सोसाइटी पहुंचीं मेयर सुधा गुप्ता, जल जमाव, सफाई और बिजली समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर मानगो नगर निगम की मेयर श्रीमती सुधा गुप्ता ने बुधवार को क्षेत्र के सन शाइन कॉम्प्लेक्स एवं एट्रीयम सोसाइटी का दौरा कर स्थानीय नागरिकों की समस्याओं का मौके पर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में सोसाइटी के निवासी उपस्थित रहे और उन्होंने जल जमाव, बिजली के पोल, साफ-सफाई, जल निकासी तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को विस्तार से मेयर के समक्ष रखा। मेयर ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने तथा समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान मेयर ने पाया कि बरसात के मौसम में समुचित जल निकासी व्यवस्था नहीं होने के कारण परिसर और आसपास के क्षेत्रों में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इससे न केवल लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, बल्कि मच्छरों के प्रकोप और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा भी बढ़ जाता है। इस पर उन्होंने नगर निगम के अभियंताओं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल तकनीकी निरीक्षण कर जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा स्थायी समाधान के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया।

सोसाइटी के निवासियों ने बिजली के पोल की जर्जर स्थिति और उससे उत्पन्न संभावित दुर्घटनाओं की आशंका को भी मेयर के समक्ष प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर बिजली के पोल और उससे जुड़े उपकरण सुरक्षा की दृष्टि से चिंता का विषय बने हुए हैं। इस पर मेयर श्रीमती सुधा गुप्ता ने संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक मरम्मत एवं सुरक्षा संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

मेयर ने क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम की स्वच्छता शाखा के अधिकारियों को नियमित रूप से कचरा उठाव, नालियों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था को प्रभावी बनाने तथा सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण नागरिकों का अधिकार है और नगर निगम की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक वार्ड में बेहतर सफाई व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान मेयर ने स्थानीय लोगों से संवाद भी किया और उनकी समस्याओं तथा सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि नगर निगम की प्राथमिकता केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि धरातल पर उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की सभी समस्याओं का चरणबद्ध और समयबद्ध समाधान कराया जाएगा तथा संबंधित विभागों के कार्यों की नियमित समीक्षा भी की जाएगी।

इस अवसर पर मेयर श्रीमती सुधा गुप्ता ने कहा, "मानगो नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक की समस्या हमारी प्राथमिकता है। नगर निगम केवल कार्यालय तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझेगा और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करेगा। जल जमाव, सफाई, सड़क, पेयजल एवं बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें तथा प्रगति से मुझे नियमित रूप से अवगत कराएं।"

मेयर के क्षेत्र भ्रमण और समस्याओं के प्रति गंभीर पहल से स्थानीय निवासियों में संतोष का माहौल देखने को मिला। लोगों ने उम्मीद जताई कि नगर निगम के सक्रिय प्रयासों से लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा। उन्होंने मेयर श्रीमती सुधा गुप्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों का इस प्रकार स्वयं क्षेत्र में पहुंचकर समस्याओं का निरीक्षण करना सकारात्मक पहल है, जिससे प्रशासन और जनता के बीच विश्वास और संवाद मजबूत होता है।

निरीक्षण के दौरान नगर निगम के संबंधित अधिकारी, अभियंता, स्वच्छता शाखा के कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय परशुराम परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुबर चौबे टीम के साथ बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना

**अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 05 अगस्त 2026: सुल्तानगंज से गंगा जल लेकर बैद्यनाथ धाम की पद यात्रा में राष्ट्रीय परशुराम परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुबर चौबे और



राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय परशुराम परिषद के सभी पदाधिकारीयों के साथ यात्रा में निकलें है। बता दें कि ग्रुप के सभी सदस्य में लगातार कई वर्षों से पैदल यात्रा कर बाबा पर जल अर्पण करते हुए आते हैं।भगवान शिव से समाज को सुख शांति समृद्धि और उत्थान का संकल्प लिया है। इस यात्रा में मुख्य रूप से शिवदास चक्रवर्ती, गौतम दूबे,पिंकी नाग, विकास तिवारी, गोपीनाथ सतपती, गिरीश ओझा और १५ बम टीम लेकर जा रहें है।

# साकची में नए 'व्हर्लपूल शॉपी' का भव्य शुभारंभ, 20 अगस्त तक ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर और उपहारों की सौगात

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर शहर के साकची स्थित मान सरोवर लाइन में गुजराती स्कूल के समीप बुधवार को नए 'व्हर्लपूल शॉपी' का भव्य शुभारंभ किया गया। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस शोरूम का उद्घाटन समाजसेवी शिव शंकर सिंह एवं मारवाड़ी समाज के वरिष्ठ सदस्य दिनेश अग्रवाल (मुन्ना) ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के साथ ही क्षेत्र के लोगों में नए शोरूम को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में ग्राहक एवं शहर के गणमान्य लोग समारोह में शामिल हुए और नई शुरूआत के लिए शुभकामनाएं दीं।

उद्घाटन समारोह के दौरान अतिथियों ने कहा कि शहर में आधुनिक घरेलू उपकरणों की बढ़ती मांग को देखते हुए इस तरह के सुव्यवस्थित शोरूम ग्राहकों के लिए काफी उपयोगी साबित होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि यह नया व्हर्लपूल शॉपी ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पादों के साथ उत्कृष्ट सेवा उपलब्ध कराएगा और शहरवासियों का भरोसा जीतने में सफल रहेगा।



इस अवसर पर शोरूम के संचालक सुनील अग्रवाल ने बताया कि उद्घाटन के उपलक्ष्य में ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि व्हर्लपूल कंपनी के विभिन्न घरेलू उत्पादों पर आकर्षक कीमतों के साथ विशेष छूट उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे ग्राहक कम कीमत में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद खरीद सकेंगे। इसके अलावा विभिन्न बैंकों के सहयोग से आसान फाइनेंस की सुविधा भी दी जा रही है, ताकि ग्राहक बिना किसी आर्थिक परेशानी के अपनी पसंद के घरेलू उपकरण खरीद सकें।

उन्होंने बताया कि ग्राहकों को खरीदारी के साथ आकर्षक उपहार भी दिए जा रहे हैं। विशेष ऑफर के तहत डबल डोर रेफ्रिजरेटर खरीदने वाले ग्राहकों को मिक्सर ग्राइंडर उपहार स्वरूप मिलेगा। वहीं वाशिंग मशीन की खरीद पर आयरन और इंडक्शन कुकटॉप, एयर कंडीशनर के साथ इंडक्शन तथा माइक्रोवेव ओवन की खरीद पर मिक्सर ग्राइंडर उपहार के रूप में प्रदान किया जाएगा। इन आकर्षक ऑफरों का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर खरीदारी अनुभव उपलब्ध कराना है।

सुनील अग्रवाल ने बताया कि उद्घाटन के अवसर पर शुरू किया गया यह विशेष ऑफर 20 अगस्त तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस सीमित अवधि के ऑफर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और व्हर्लपूल के विश्वसनीय एवं आधुनिक घरेलू उत्पादों को विशेष छूट और उपहारों के साथ अपने घर ले जाएं।

उन्होंने कहा कि शोरूम में रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर, माइक्रोवेव ओवन सहित व्हर्लपूल के अन्य आधुनिक घरेलू उपकरणों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। ग्राहकों को उत्पादों की पूरी जानकारी देने के लिए प्रशिक्षित स्टाफ भी मौजूद रहेगा, जो उनकी जरूरत और बजट के अनुसार सही उत्पाद चुनने में सहायता करेगा।

उद्घाटन समारोह में कृष्णा अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल, व्हर्लपूल कंपनी के कई अधिकारी, व्यवसायी, समाजसेवी एवं शहर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने नए शोरूम के शुभारंभ पर सुनील अग्रवाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा इसके सफल संचालन की कामना की। समारोह के दौरान अतिथियों का स्वागत किया गया और उपस्थित लोगों ने नए शोरूम का अवलोकन करते हुए उपलब्ध उत्पादों एवं सुविधाओं की सराहना की। उद्घाटन के साथ ही साकची क्षेत्र में व्हर्लपूल के ग्राहकों के लिए एक नए और आधुनिक खरीदारी केंद्र की शुरुआत हो गई है।

# पँचशिवाला शिव मंदिर दर्शन से कष्ट होते हैं दूर: पुजारी मिथलेश

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।वाराणसी जिला मुख्यालय से 16 किमी दूर पंचकोशी परिक्रमा यात्रा के तीसरे पड़ाव रामेश्वर महादेव मन्दिर से आगे 500 मीटर पंचकोशी मार्ग के किनारे अति प्राचीन पँचशिव महादेव (पँचशिवाला) मन्दिर स्थापित है।इसकी ख्याति व महात्म्य वर्षपर्यन्त यहां श्रद्धालुओं को खींच लाता है। मयार्दा श्री राम की पगधुली और महाभारत काल के पांडवों की शरणस्थली और तपस्थली का केंद्र बिंदु है।



किसी समय यह स्थान अंग्रेजो द्वारा नील की खेती से नील बनाया जाता था जिसका गोदाम आज भी अस्तित्व की झलक देखने को मिलती है।

मन्दिर का इतिहास- पौराणिक मान्यता है कि महाभारत काल मे पांचों पांडवों ने यहाँ शरण ली थी। और शिवलिंग की स्थापना कर नित्य पूजन कर कौरव दल से अपनी रक्षा की थी। घना जंगल व वरुणा नदी का कछार क्षेत्र पांडवों के लिए वरदान साबित हुआ। कभी इस स्थल को 'भूलनी बारी' यानि घने जंगलों का क्षेत्र कहा जाता रहा। पुरनिये आज भी 'भूलनी बारी' ही कहते हैं। लगभग 200 वर्ष पूर्व काशी नरेश द्वारा धन देकर 'जूरी' बाबू साहब द्वारा विशाल मंदिर ,चार बीघे में तालाब लखौरी ईट से नक्काशीदार शिल्पकला से बनवाया था।

मन्दिर की विशेषता- विशाल मंदिर के मध्य शिवलिंग की स्थापना सहित चार अन्य जुड़े शिवालय में गणेश ,सूर्यदेव, हनुमान, राम लक्ष्मण जानकी ,भैरव विग्रह सहित मण्डप बना हुआ है। 12 फीट आकर्षक ऊंची शिवलिंग ,विशाल अमृत सरोवर ,पिकनिक स्पॉट है। प्राचीन लोटा -भंटा मेला यहां का प्रमुख स्नान पर्व व मेला है।पँचशिवाला चौराहा पुरानेपन को दूर कर नए कलेवर के रूप में आधुनिक परिधान का वरण कर लिया है। जहां मन्दिर का जीर्णोद्धार कर नए मूर्तियों की स्थापना,पुराने खण्डित विग्रह को म्यूजियम में सुरक्षित रखते हुए तालाब के आधुनिक घाट और चहारदीवारी ,पाथवे निर्माण संग फूल पौधों सहित पेड़ों की हरियाली ,रंगीन फौब्बारा ,मोटर वोट ,सुसज्जित ग्राम सचिवालय, सामुदायिक शौचालय सहित मन्दिर के चारो तरफ टीनशेड लगाकर दिव्य और भव्य पिकनिक स्पॉट बना दिया गया है। तीर्थयात्री ,कांवरिया टीम के साथ देशी -विदेशी मेहमान दर्शन -पूजन व घूमने के लिए नियमित आ रहे है। अब यह पँचशिवाला स्थल धार्मिक धरोहर का केंद्र बन गया है।



मिथलेश गोश्वामी मुख्य पुजारी- प्राचीनता के साथ आधुनिकता के दौर में यह धार्मिक तीर्थ धाम आस्था ,विश्वास के संगम के साथ धार्मिक केंद्र बन गया है।मन्दिर प्रबन्धन की ओर से आने वाले कांवरियो व शिवभक्तों को हर तरह की सुविधाएं प्रदान किया जा रहा है। साथ ही दर्शन पूजन के दौरान किसी भी भक्त को असुविधा का सामना न करना पड़े। वैवाहिक कार्यक्रम नित यहाँ होते रहते हैं जिसमे वर-वधु दोनो पक्षों को समान सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। असहाय व निराश्रित जनों की मदद की जाती है।



कैलाश यादव (ग्राम प्रधान) सदस्य पँचशिव महादेव मंदिर प्रबंधन समिति- पँचशिवाला महादेव मंदिर ग्राम पंचायत रसूलपुर विकास खण्ड पिंडरा, वाराणसी का प्राणस्थली है जहां क्षेत्र के हर वर्ग,जाति ,सम्प्रदाय ,समाज का सामुदायिक जीवन जुड़ा हुआ है। यहाँ ग्राम पंचायत के सदस्य से लेकर ग्राम स्तरीय कर्मचारियों व युवा स्वयंसेवक सेवा की भावना से जुड़कर कार्य करते व समय देकर सुरक्षा व्यवस्था देखते हैं। तीर्थ यात्रियों ,कांवरियों की हर प्रकार से सुविधा प्रदान कर व्यवस्था दी जाती है। प्रबन्ध संचालन के नेतृत्व की जिम्मेदारी स्वयं लेकर दायित्व का निर्वहन कर सेवा निभा रहे हैं।

# एक पेड़-एक माँ अभियान के तहत हुआ पौधारोपण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी अभ्युदय सेवा समिति एवं ट्राइ-एस क्लासेस के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को पिंडरा तहसील परिसर में 'एक पेड़ एक माँ' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर ने स्वयं पौधा लगाकर किया।

पौधारोपण के पश्चात अभ्युदय सेवा समिति के अधिवक्ता अभिताभ दुबे एवं सदस्यों द्वारा उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर को अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने समिति द्वारा समाज हित में चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों जैसे रक्तदान महादान और हेलमेट जागरूकता अभियान की खुले दिल से सराहना की। उन्होंने समिति के सामाजिक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी हर संभव प्रशासनिक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।



इस अवसर पर संस्था के अधिवक्ता मनीष कुमार पांडेय सिंटू पांडेय, संतोष सिंह, अनुपम सिंह, सुनील पाल, विजय कुमार शर्मा, मनीष पांडेय, अधिवक्ता प्रीतम, विशाल सिंह और अतुल सिंह समेत कई सदस्य व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# मया बाबा मंदिर में सो रहे कांवरिये का मोबाइल चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत काजीसराय बाजार स्थित वरद आंजनेय हनुमान मंदिर के समीप 'मया बाबा मंदिर' में विश्राम कर रहे एक कांवरिये का मोबाइल चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित कांवरिये ने हरहुआ पुलिस चौकी पहुंचकर लिखित तहरीर दी है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार के सहरसा जिले से चार कांवरिये 3 जुलाई को पैदल यात्रा पर निकले हैं। उनका उद्देश्य विभिन्न धार्मिक स्थलों पर दर्शन-पूजन करते हुए कुल 11 प्रमुख तीर्थों की यात्रा करना है। यात्रा के दौरान उन्होंने बटेश्वर धाम, पटना के महावीर मंदिर, पटन देवी, अंबिका भवानी, सोनपुर हरिहरनाथ मंदिर, काशी विश्वनाथ एवं संकट मोचन मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद वे अयोध्या की ओर प्रस्थान पर हैं।मंगलवार की रात लगभग 12 बजे सभी काजीसराय बाजार स्थित 'मया बाबा मंदिर' पहुंचकर कांवरिया प्रीतम यादव, नीतीश कुमार, रुपेश धावन और प्रधान यादव मंदिर परिसर में ही विश्राम कर रहे थे। बुधवार सुबह पांच बजे मंदिर के पुजारी ने उन्हें जगाया। इसके बाद सभी कांवरिये सामान मन्दिर परिसर में छोड़कर शौच के लिए चले गए।

लौटने पर नीतीश कुमार ने देखा कि उनके सामान में रखा मोबाइल फोन गायब है। काफी खोजबीन करने के बावजूद मोबाइल का कोई पता नहीं चला। उन्होंने मंदिर के पुजारी तथा आसपास मौजूद लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

इसके बाद नीतीश कुमार ने हरहुआ पुलिस चौकी पहुंचकर घटना की लिखित तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# स्कूल के पास छात्राओं से छेड़छाड़ करने वाला युवक गिरफ्तार

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। कपसेठी थाना की मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के मद्देनजर मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम क्षेत्र में नियमित भ्रमण एवं सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि कपसेठी स्थित एनवीएस स्कूल के पास एक युवक आने-जाने वाली छात्राओं पर अश्लील इशारे कर रहा है और उन पर अभद्र फब्तियां कसकर उन्हें परेशान कर रहा है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आवश्यक बल प्रयोग करते हुए आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसकी पहचान छोटू पुत्र नखडू, निवासी ग्राम नेहावनीपुर, थाना कपसेठी, जनपद वाराणसी, उम्र लगभग 24 वर्ष के रूप में हुई।

कपसेठी पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो अभियान लगातार चलाया जा रहा है तथा इस प्रकार की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# रक्तदान सबसे बड़ा महादान :राहुल सिंह

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जिले में आयोजित एक रक्तदान शिविर में रक्तदान करने के बाद बरेमा गांव निवासी समाजसेवी राहुल सिंह गोलू ने कहा कि रक्तदान का कोई मूल्य नहीं है। इस महादान करने से हम लोगों की अमूल्य जिदगियों को बचा सकते हैं। मानवता की भलाई के इस कार्य में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए।साथ अपने आस पास के लोगों सहयोग से संस्कारों से, सेवाभाव से और समर्पण भाव से यह सब कार्य करते रहना चाहिए। रक्तदान करना हम सब का नैतिक कर्तव्य बनता है और समय-समय पर हम सबको रक्तदान करते रहना चाहिए। सैकड़ों जिदगी हमारे खून देने से बच सकती है।



# छत की छज्जा गिरने से महिला की मौत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। कपसेठी थाना क्षेत्र के बेलवा गांव में बुधवार प्रातः एक मकान का छज्जा गिरने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला छज्जे के नीचे सो रही थीं, तभी यह हादसा हुआ।मृतका की पहचान 74 वर्षीय इमरता देवी, पत्नी स्वर्गीय सिंगार चौहान के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि इमरता देवी रोज की तरह घर के बाहर छज्जे के नीचे सो रही थीं।भोर में बारिश हो रही थी, उसी दौरान मकान का छज्जा अचानक टूटकर उनके ऊपर गिर पड़ा। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं और परिजनों के अस्पताल ले जाने से पहले ही उनकी मृत्यु हो चुकी थी।घटना की जानकारी मिलते ही कपसेठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगा रही है।

# राजगढ़ में जला ट्रांसफार्मर 4 दिन से गांव अंधेरे में

**समाज जागरण**

मीरजापुर / विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बिजली न होने से गांव अंधेरे में। गांव के ग्रामीण अजय मौर्य ने बताया कि 4 दिन से गांव का ट्रांसफार्मर जल गया है लेकिन विजली विभाग के द्वारा अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं बदल गया जिससे गांव अंधेरे में डूबा हुआ है ग्रामीण ने ऑनलाइन शिकायत किया और इसकी सूचना राजगढ़ पावर हाउस पर दिए। राजगढ़ पावर हाउस के के राजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से सूचना प्राप्त की।ग्रामीणों ने कहा कि 4 दिन से ट्रांसफार्मर जल जाने से चारों तरफ अंधेरा छाया हुआ है रात में मच्छरों ने जीना दुश्वार कर दिया। सरकार की योजना है कि ट्रांसफार्मर जलने के 72 घंटे के अंदर नया ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा।लेकिन सब खोखला साबित हो रहा है बुजुर्ग और बच्चे इस गर्मी में परेशान हो रहे हैं। लेकिन बिजली विभाग के पास समय नहीं है राजगढ़ पावर हाउस के जेई ने ग्रामीणों से बताया कि हमारा तीन जगह का चार्ज है हम कहां-कहां देखेंगे। अब ग्रामीण अपनी शिकायत किससे कहेंगे।



# प्रस्तावित मूल्यांकन सूची पर 20 अगस्त तक दर्ज करा सकेंगे आपत्तियां

## जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं और वसीका नवीसों सहित आम नागरिकों से सुझाव एवं आपत्तियां आमंत्रित

**समाज जागरण**

मीरजापुर। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनोद कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली-2013 तथा उसके संशोधित प्रावधानों के अनुसार संपत्तियों की मूल्यांकन सूची का प्रतिवर्ष पुनरीक्षण किया जाना है। इसी क्रम में जनपद की प्रस्तावित मूल्यांकन सूची तैयार कर संबंधित तहसीलों एवं उप निबंधक कार्यालयों में अवलोकन के लिए उपलब्ध करा दी गई है।

उन्होंने बताया कि प्रस्तावित मूल्यांकन सूची पर यदि किसी भी नागरिक, जनप्रतिनिधि, वसीका नवीस, अधिवक्ता अथवा अन्य संबंधित व्यक्ति को कोई आपत्ति या सुझाव हो तो वह 20 अगस्त 2026 तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

आपत्तियां संबंधित तहसील के उप जिलाधिकारी, उप निबंधक अथवा जिला स्तर पर जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं सहायक महानिरीक्षक निबंधन के समक्ष किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत की जा सकती हैं। अपर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पक्षों से अपील की है कि प्रस्तावित मूल्यांकन सूची का अवलोकन कर यदि कोई आपत्ति या सुझाव हो तो निर्धारित तिथि के भीतर प्रस्तुत करें, ताकि नियमानुसार उनका परीक्षण कर आवश्यक निर्णय लिया जा सके।

# दैत्रा वीर बाबा का वार्षिक श्रृंगार आज

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। आराजी लाइन विकास खण्ड के ग्राम पंचायत कनेरी में गुरुवार यानी 6 अगस्त 2026 को दैत्रा वीर बाबा मंदिर प्रांगण में वार्षिक श्रृंगार उत्सव एवं विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया जा रहा है।धार्मिक परंपराओं व रीति-रिवाजों के अनुसार इस अवसर पर बाबा का आकर्षक एवं दिव्य श्रृंगार किया जाएगा तत्पश्चात महाआरती का आयोजन होगा।श्रृंगार व पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे (प्रसाद वितरण) की व्यवस्था की गई है।आयोजन कर्ता समस्त ग्रामीणों ने सभी क्षेत्रीय भक्तों व श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर बाबा का दिव्य दर्शन करें महाआरती में सम्मिलित हों और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बनें।आयोजकों ने बताया कि दैत्रा वीर बाबा का यह प्राचीन मंदिर क्षेत्र में आस्था का प्रमुख केंद्र है,जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं।इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए स्थानीय लोगों ने एक टीम बनाकर हर वर्ष वार्षिक पूजन श्रृंगार और भंडारे का आयोजन करने का संकल्प लिया है।वही ग्राम प्रधान प्रत्याशी कनेरी दिनेश सिंह पटेल (जय सिंह) ने शोसल मीडिया इंटरनेट प्लेटफार्म पर एक तस्वीर शेयर कर श्रद्धालुओं से बढ़ चढ़कर बाबा के श्रृंगार व भंडारे में शामिल होने का अपील किया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन बीते 5 से 6 सालों से किया जा रहा है इस आयोजन में सभी ग्रामीणों का अपार सहयोग रहता है,सभी युवा बुजुर्ग माता-पिता बहन भाई ने आर्थिक व शारीरिक मदद सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाते है और बाबा सभी भक्तों पर अपना आशीर्वाद बनाये रखते है और सभी श्रद्धालु बाबा के दरबार मे मत्था टेककर आशीर्वाद लेते है।



# संभल हिंसा पूर्व नियोजित साजिश का परिणाम, न्यायिक आयोग की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

## रिपोर्ट में कई लोगों की भूमिका का उल्लेख, पुलिस कार्रवाई को बताया संयमित और प्रभावी

**समाज जागरण**

सम्भल। सम्भल हिंसा मामले की जांच कर रहे न्यायिक आयोग ने अपनी रिपोर्ट में घटना को पूर्व नियोजित साजिश का परिणाम बताया है। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में सांसद जिया-उर-रहमान बर्क, विधायक इकबाल महमूद के पुत्र सुहेल इकबाल सहित कई लोगों की भूमिका का उल्लेख किया है।

रिपोर्ट के अनुसार मस्जिद के सर्वे को लेकर मुस्लिम समुदाय के बीच भ्रामक और गलत जानकारी फैलाई गई, जिसके चलते 24 नवंबर 2024 को मस्जिद के बाहर बड़ी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई। इसके बाद स्थिति हिंसक हो गई और पथराव, गोलीबारी तथा आगजनी की घटनाएं हुईं।

आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंसा में चार लोगों की मृत्यु हुई थी, लेकिन मृतकों को लगी गोलियां पुलिस की नहीं थीं। वहीं हिंसा के दौरान 28 पुलिसकर्मी घायल हुए, जिनमें सात पुलिसकर्मियों को गोली लगी। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि उपद्रवियों ने पुलिस के हथियार और अन्य सरकारी सामान लूटने का प्रयास किया।

जांच आयोग ने जिला प्रशासन और पुलिस की कार्रवाई को प्रभावी, संतुलित और संयमित बताया है। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए न्यायालय के आदेशों का सम्मान करने, कानून का पालन सुनिश्चित करने तथा अफवाहों पर रोक लगाने की आवश्यकता पर बल दिया है।

# हत्या के आरोपी पर रासुका की कार्रवाई, मीरजापुर डीएम ने जारी किया निरोधात्मक आदेश

## जमानत पर रिहाई की आशंका के बीच लोक व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया कदम

**समाज जागरण**

मीरजापुर। थाना कोतवाली कटरा में दर्ज हत्या के एक मामले के आरोपी के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका/NSA) के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक की संस्तुति पर जिला मजिस्ट्रेट ने आरोपी के विरुद्ध रासुका लगाने का आदेश पारित किया है।

पुलिस के अनुसार थाना कोतवाली कटरा में दर्ज मुकदमा संख्या 97/2026, धारा 103(2), 352, 351(3), 3(5) बीएनएस, 7 सीएलए एक्ट एवं 3/25 आयुध अधिनियम के अभियुक्त राजेन्द्र सोनकर निवासी देवरी, थाना विंध्याचल, जनपद मीरजापुर ने जेल से रिहाई के लिए न्यायालय में जमानत याचिका दाखिल की थी।

पुलिस का कहना है कि अभियुक्त के जमानत पर रिहा होने की स्थिति में लोक व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 की धारा 3(2) के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की संस्तुति की थी। इसके बाद जिला मजिस्ट्रेट मीरजापुर ने 4 अगस्त 2026 को अभियुक्त के विरुद्ध रासुका लगाने का आदेश पारित किया। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध हत्या, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, दंगा तथा अन्य गंभीर धाराओं में पूर्व से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# भगवान की दिव्य लीलाओं और आध्यात्मिक रहस्यों के श्रवण से भावविभोर हुए श्रद्धालु

**समाज जागरण**

चन्दौसी। सीता रोड स्थित गीता सत्संग भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ के तृतीय दिवस श्रीधाम वृंदावन से पधारे प्रख्यात कथाव्यास पं. प्रशांत कुमार मिश्र ने श्रीमद्भागवत के तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्कंध के विविध प्रसंगों का सरस, तात्त्विक एवं भावपूर्ण निरूपण किया। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भगवान की दिव्य लीलाओं एवं आध्यात्मिक रहस्यों का रसपान कर भावविभोर हो उठे।

कथा का प्रारंभ सृष्टि वर्णन से करते हुए कथाव्यास ने कहा कि परब्रह्म परमात्मा स्वरूप से निर्गुण, निराकार एवं पूर्णकाम हैं, लेकिन अपनी दिव्य लीला तथा जीवों के कल्याण के लिए इस सृष्टि की रचना करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान समय-समय पर विभिन्न अवतार धारण कर भक्तों को आनंद और मोक्ष का मार्ग प्रदान करते हैं।

कपिलोपाख्यान का वर्णन करते हुए उन्होंने भगवान कपिल के सांख्य दर्शन का सार समझाया। उन्होंने कहा कि मनुष्य के बंधन और मोक्ष दोनों का कारण उसका मन है। विषयों में आसक्त मन बंधन का कारण बनता है, जबकि भगवान की कथा, सत्संग और भक्ति से निर्मल हुआ मन मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। उनके अनुसार भगवत्कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण मन को संयमित करने का सर्वोत्तम साधन है।

सती चरित्र का मार्मिक प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि पिता दक्ष द्वारा भगवान शिव के अपमान से आहत होकर माता सती ने योगाग्नि में अपने प्राण त्याग दिए। इसके बाद भगवान शिव के क्रोध से वीरभद्र ने दक्ष के यज्ञ का विध्वंस किया, किंतु अंततः भगवान शिव की करुणा और क्षमाशीलता से दक्ष को जीवनदान मिला तथा यज्ञ की पूणार्हुति संपन्न हुई। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने अहंकार के दुष्परिणाम और भगवान शिव की करुणामयी प्रकृति का संदेश दिया। भारतवर्ष की महिमा का वर्णन करते हुए कथाव्यास ने कहा कि देवता भी भारतभूमि में जन्म लेने की इच्छा रखते हैं, क्योंकि यही वह पुण्यभूमि है जहां भगवत्कथा रूपी गंगा का अखंड प्रवाह होता है और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि जो मनुष्य भारत में जन्म लेकर भी भगवान की भक्ति और आत्मकल्याण का प्रयास नहीं करता, वह दुर्लभ मानव जीवन का सदुपयोग नहीं कर पाता।

# मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के लाभार्थियों को चयन पत्र बांटे

**- योजना का लाभ पाने वालों में 14 महिला व 14 पुरुष**

**- 2 स्वदेशी गायों की डेयरी स्थापित करने पर मिलेगा 80 का अनुदान**

**समाज जागरण**

मीरजापुर /प्रदेश की योगी सरकार द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के प्रयास के तहत बुधवार को विकास भवन स्थित सभागार में डेयरी कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के 28 लाभार्थियों को चयन पत्र वितरित किए गए व उन्नत नस्ल के पशुपालन, पशु रोग के रोकथाम, डेयरी एवं पशुपालन की विभागीय योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई।



नंदबाबा दुग्ध मिशन के नोडल अधिकारी मनोज दुबे ने कहा कि प्रदेश सरकार गो-सरंक्षण, संवर्धन के साथ-साथ आमजन मानस को रोजगार से भी जोड़ने का प्रयास कर रही है। उन्होंने सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार के छोटे से प्रयास से उनकी आर्थिक समृद्धि के द्वार खुलेंगे। इस अवसर डीसी मनरेगा श्वेतांक सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी संदीप सिंह, पशु विज्ञान एवं पशु संकाय विभाग बीएचयू के प्रोफेसर धनंजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# सहानपुर चौकी प्रभारी कुलवीर सिंह ने बड़े हादसे को दी मात

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। थाना क्षेत्र के साहनपुर में स्थित चौकी प्रभारी कुलवीर की सूझबूझ और तत्परता से साहनपुर क्षेत्र के होली फैमिली स्कूल के समीप एक सूखे पेड़ में तार टच होने से उसमें अचानक आग लगने से एक बड़ा हादसा टल गया। चौकी प्रभारी ने तत्काल ही फायर ब्रिगेड की टीम बुलाई जिससे बढ़ती आग पर काबू पाया गया। स्थानीय लोगों ने साहनपुर चौकी प्रभारी के इस सराहनीय कार्य की जमकर प्रशंसा की। हरिद्वार से गंगा जल लेकर लौट रहे शिवभक्तों की सुरक्षा को लेकर जहां पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। वही मंगलवार को साहनपुर क्षेत्र स्थित होली फैमिली स्कूल के समीप खड़े सूखे पेड़ में बिजली के तार टच होने से अचानक आग लग गई जिसे देख अपनी ड्यूटी को बखूबी निभा रहे साहनपुर चौकी प्रभारी कुलवीर सिंह ने तत्काल ही फायर ब्रिगेड को बुलाया साथ ही कांवड़ मार्ग होने के कारण पेड़ के चारों और सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए पुलिस कर्मियों को खड़ा कर दिया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाई साथ ही उपनिरीक्षक कुलवीर सिंह ने शिव भक्तों की सुरक्षा को देखते हुए आग लगने वाले सूखे पेड़ को ऊपर से कटवा दिया। जिससे आगे को कोई घटना ना घट सके। स्थानीय लोगों ने कावंड़ लेकर जा रहे यात्रियों की सुरक्षा में अपनी पैनी नजर बनाए हुए साहनपुर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कुलवीर की जमकर प्रशंसा की।




# मैजिक बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक घायल

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। मंडावर चुंगी के पास बुधवार की सुबह मैजिक और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बुधवार की सुबह बाइक सवार युवक मंडावर की ओर से बिजनौर की तरफ जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार युवक मंडावर चुंगी के पास पहुंचा तो तभी सामने से आ रहे मैजिक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार युवक सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची मंडावर थाना पुलिस ने घायल युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।



# आखिर कब मुक्त होंगे पातालेश्वर महादेव? कोर्ट के आदेश के बाद भी अमरकंटक का रंगमहल मंदिर पूजा-अर्चना से वंचित

## भगवा पार्टी ने उठाई आवाज, कहा आस्था के केंद्र को पुरातत्व विभाग के नियंत्रण से मुक्त कर श्रद्धालुओं के लिए खोला जाए; कोर्ट के आदेश के पालन की मांग तेज

**समाज जागरण**
**अमरकंटक/अनूपपुर।**
मां नर्मदा की पावन नगरी अमरकंटक स्थित प्राचीन कलचुरीकालीन रंग महल मंदिर एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। मंदिर में विराजमान पातालेश्वर महादेव, भगवान विष्णु, सत्यनारायण एवं अन्य देवस्थानों में नियमित पूजा-अर्चना शुरू न होने को लेकर धार्मिक संगठनों और श्रद्धालुओं में असंतोष व्याप्त है। भगवा पार्टी ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए मांग की है कि न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित कराया जाए तथा श्रद्धालुओं को निर्बाध दर्शन और पूजा का अधिकार मिले।

भगवा पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल मिश्र ने कहा कि रंगमहल मंदिर निजी धार्मिक संपत्ति है तथा यहां पूजा-अर्चना का अधिकार न्यायालय द्वारा भी मान्य किया जा चुका है। इसके बावजूद मंदिर का बड़ा हिस्सा आज भी प्रभावी रूप से आम श्रद्धालुओं के लिए सुलभ नहीं हो पाया है। उन्होंने मांग की कि मंदिर को पुरातत्व विभाग के नियंत्रण से मुक्त कर धार्मिक परंपराओं के अनुरूप पूजा-अर्चना की व्यवस्था बहाल की जाए।

गौरतलब है कि मां नर्मदा मंदिर के सामने स्थित यह प्राचीन रंगमहल मंदिर लंबे समय तक पूजा-अर्चना से वंचित रहा। इस विषय को लेकर ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने रंगमहल मंदिर में पूजा-अर्चना के अधिकार को लेकर न्यायालय में कानूनी लड़ाई लड़ी थी। इस प्रकरण में उनकी ओर से अधिवक्ता मुरलीधर शर्मा एवं श्रीधर शर्मा ने प्रभावी पैरवी की थी। न्यायालय में दोनों अधिवक्ताओं द्वारा प्रस्तुत तर्कों के आधार पर द्वारका शारदा पीठ के पक्ष में निर्णय आया, जिसमें मंदिर की देखरेख एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना का अधिकार पीठ को प्रदान किया गया। इसके बावजूद स्थानीय श्रद्धालुओं का आरोप है कि न्यायालय के आदेश का पूर्ण रूप से पालन अब तक नहीं हो पाया है, जिससे धार्मिक आस्था से जुड़े लोगों में निराशा और असंतोष बना हुआ है। कानूनी लड़ाई लड़ी थी। उनके पक्ष में आए निर्णय के बाद मंदिर में विधि-विधान से पूजा प्रारंभ होने की उम्मीद जगी थी। हालांकि स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्णय की भावना के अनुरूप व्यवस्था आज तक पूरी तरह लागू नहीं हो सकी है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रंगमहल परिसर स्थित पातालेश्वर महादेव का विशेष महत्व है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि श्रावण मास में यहां दिव्य आध्यात्मिक महत्व से जुड़े धार्मिक अनुष्ठान और परंपराएं जुड़ी रही हैं। ऐसे में वर्षों से पूजा-अर्चना प्रभावित रहने को लेकर क्षेत्र के लोगों में निराशा है।

वर्तमान में मंदिर परिसर में बद्री विशाल भगवान की पूजा एक साध्वी द्वारा किए जाने की जानकारी सामने आई है, जबकि पातालेश्वर महादेव, विष्णु मंदिर, हनुमान मंदिर सहित अन्य प्राचीन देवस्थानों में नियमित पूजा व्यवस्था शुरू कराने की मांग लगातार उठ रही है।

भगवा पार्टी ने राज्य एवं जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि न्यायालय के आदेश की समीक्षा कर उसके प्रभावी पालन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि सनातन आस्था के इस महत्वपूर्ण केंद्र पर श्रद्धालुओं को धार्मिक परंपराओं के अनुसार पूजा-अर्चना का अवसर मिल सके।

# कोतमा डिजनीलैंड मेले में नियम ताक पर? पार्किंग अव्यवस्थित, सुरक्षा पर सवाल, टिकट व्यवस्था भी कटघरे में

**समाज जागरण**

कोतमा। पेट्रोल पंप के पास राजा मंच में संचालित कोतमा डिजनीलैंड मेला इन दिनों लोगों की भीड़ आकर्षित कर रहा है, लेकिन मेले की कई व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल भी खड़े हो रहे हैं। प्रचार-प्रसार के लिए जारी पोस्टर में मेले का समय शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक दशार्या गया है, जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि मेला देर रात करीब 12 बजे तक संचालित होता है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या निर्धारित समय के बाद संचालन की अनुमति संबंधित विभागों से प्राप्त है? मेले में प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं और परिवार पहुंच रहे हैं, लेकिन पार्किंग में खड़े वाहनों की सुरक्षा के लिए अलग से कोई सुरक्षा गार्ड तैनात नजर नहीं आया। स्थानीय लोगों का कहना है कि टिकट देखने वाले कर्मचारी को ही सुरक्षा की जिम्मेदारी दे दी गई है। ऐसे में यदि वाहन चोरी जैसी कोई घटना हो जाए तो उसकी जिम्मेदारी आखिर किसकी होगी? मेले में लगे झूलों पर भारी संख्या में लोग सवार हो रहे हैं, लेकिन झूलों के सुरक्षा प्रमाणपत्र (सेफ्टी सर्टिफिकेट) सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं दिखे। वहीं आग जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए फायर सेफ्टी के पर्याप्त इंतजाम भी स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दिए। पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने से वाहन खुले में खड़े किए जा रहे हैं, जिससे अव्यवस्था और चोरी जैसी घटनाओं की आशंका बनी रहती है। टिकट व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। मेले में उपलब्ध राइड टिकटों पर GSTIN, टिकट का मूल्य, आयोजक का पूरा नाम-पता तथा कर (GST) संबंधी स्पष्ट जानकारी अंकित नहीं मिली। वहीं टिकट पर केवल "FUN WORLD EXHIB ITION" और राइड का नाम दर्ज है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या टिकटों का वितरण नियमानुसार किया जा रहा है और क्या उपभोक्ताओं को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। इतना ही नहीं, मेले के पोस्टर पर "कोतमा डिजनीलैंड मेला", प्रवेश द्वार पर ""International Jalpari Show" और राइड टिकट पर "FUN WORLD EXHIBITION" अंकित है। एक ही आयोजन से जुड़े पोस्टर, प्रवेश द्वार और टिकट पर तीन अलग-अलग नाम होने से यह सवाल भी उठ रहा है

कि मेले का वास्तविक एवं अधिकृत नाम क्या है और संबंधित विभागों से अनुमति आखिर किस नाम से प्राप्त की गई है। सवाल केवल नाम तक सीमित नहीं हैं।

यह भी जानना आवश्यक है कि क्या नगर पालिका एवं जिला प्रशासन से विधिवत अनुमति ली गई है? यदि अनुमति मिली है तो किन शर्तों पर मिली और क्या उनका पालन किया जा रहा है? क्या झूलों की तकनीकी जांच कराई गई है? क्या अग्निशमन विभाग ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया है? और यदि कोई दुर्घटना, आगजनी या वाहन चोरी जैसी घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी?

अब लोगों की निगाहें नगर पालिका, पुलिस, अग्निशमन विभाग, वाणिज्यिक कर (GST) विभाग और जिला प्रशासन पर हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर स्थिति स्पष्ट की जाए कि मेले का संचालन सभी निर्धारित नियमों और सुरक्षा मानकों के अनुरूप हो रहा है या नहीं।

यदि सभी व्यवस्थाएं नियमानुसार हैं तो उन्हें सार्वजनिक किया जाए और यदि कहीं कोई कमी है तो समय रहते उसे दूर किया जाए, ताकि मनोरंजन के साथ लोगों की सुरक्षा और उपभोक्ता अधिकार भी सुरक्षित रह सकें।

# अनूपपुर में महिला - बाल सुरक्षा पर बड़ी पहल, मिशन वात्सल्य के तहत समझाए कानूनी अधिकार

## पॉक्सो, दहेज प्रतिषेध, POSH, घरेलू हिंसा और साइबर अपराध पर विशेषज्ञों ने दी विस्तार से जानकारी

**समाज जागरण**

अनूपपुर। महिलाओं एवं बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मिशन वात्सल्य के अंतर्गत जिला अनूपपुर में कानूनी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री रत्नाकर झा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में पॉक्सो अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण संबंधी POSH अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम तथा साइबर अपराध से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई।




कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर के सचिव श्री रावेन्द्र कुमार सोनी उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न कानूनों और उनमें महिलाओं एवं बच्चों को प्रदान किए गए अधिकारों व संरक्षण के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कानून की जानकारी होना अपने अधिकारों की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, हिंसा अथवा अपराध की स्थिति में पीड़ित को चुप रहने के बजाय उपलब्ध कानूनी व्यवस्था और संबंधित संस्थाओं की सहायता लेनी चाहिए। पॉक्सो अधिनियम और बच्चों की सुरक्षा पर विशेष जोर

कार्यशाला के दौरान बच्चों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण प्रदान करने वाले पॉक्सो अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों पर चर्चा की गई। बाल संरक्षण से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने तथा पीड़ित बच्चों को आवश्यक सहयोग एवं संरक्षण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी साझा की गई। इसी तरह दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत दहेज से संबंधित कानूनी प्रावधानों तथा महिलाओं को प्राप्त संरक्षण की जानकारी दी गई। घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत पीड़ित महिलाओं के अधिकारों और उपलब्ध कानूनी सहायता के संबंध में भी विस्तार से बताया गया। कार्यस्थल पर उत्पीड़न और साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी कार्यशाला में कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम से संबंधित POSH कानून के प्रावधानों की जानकारी देते हुए महिलाओं को शिकायत और निवारण की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इसके साथ ही वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों को लेकर भी प्रतिभागियों को जागरूक किया गया। महिलाओं को ऑनलाइन माध्यमों का सावधानी पूर्वक उपयोग करने तथा साइबर अपराध की स्थिति में संबंधित माध्यमों से शिकायत करने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं और सेवाओं की जानकारी भी महिलाओं को दी गई, ताकि जरूरत पड़ने पर वे इनका लाभ प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती संजीता भगत, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती मंजूषा शर्मा, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी श्री अशोक कुमार त्रिपाठी सहित बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यगण, पॉक्सो सपोर्ट पर्सन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला के माध्यम से महिलाओं एवं बाल संरक्षण से जुड़े हितधारकों को कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करते हुए समाज में महिलाओं और बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करने का संदेश दिया गया।

# चार वर्ष पुराने अंधे कत्ल का तीसरा आरोपी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार, अमरपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**समाज जागरण**

उमरिया। उमरिया जिले के इंदवार थाना अंतर्गत अमरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम बगहिया में वर्ष 2022 में हुए चर्चित रामखेलावन जायसवाल हत्याकांड में अमरपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लंबे समय से फरार चल रहे तीसरे आरोपी प्रमोद कुमार मौर्य को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के घेरावल, जिला सोनभद्र से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, मृतक राम खेलावन जायसवाल का जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने सुनियोजित ढंग से हत्या की साजिश रची। जांच में सामने आया कि सह-आरोपियों ने अपने साथी प्रमोद कुमार मौर्य पिता कृष्ण मुरारी मौर्य को बुलाकर योजना बनाई। यह जानते हुए कि रामखेलावन प्रतिदिन जंगल के रास्ते से आता-जाता था, आरोपियों ने उसी स्थान पर उसे रोक लिया और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गहन जांच और पूछताछ की। जांच में हत्या की साजिश का खुलासा होने पर मामले में शामिल पिता-पुत्र को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, जबकि तीसरा आरोपी प्रमोद कुमार मौर्य फरार चल रहा था। लगातार प्रयासों और मुखबिर तंत्र की सहायता से अमरपुर पुलिस ने आरोपी का पता लगाकर उसे घेरावल, जिला सोनभद्र (उत्तर प्रदेश) से गिरफ्तार किया।

बुधवार को आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में अमरपुर चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह एवं गौरव तिवारी सहित पुलिस टीम की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस की इस सफलता से लंबे समय से लंबित इस चर्चित हत्याकांड में न्यायिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

# योगी सरकार की खेल क्रांति: गोरखपुर का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम मात्र तीन महीने में लगभग 20% तैयार

**भूमिपूजन के बाद युद्धस्तर पर काम, पाइल फाउंडेशन पूरा**
**46 एकड़ में 30 हजार दर्शकों की क्षमता वाला बनेगा स्टेडियम**
**स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय मानकों की आधुनिक खेल सुविधाएं होंगी उपलब्ध**
**पूर्वांचल को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का नया केंद्र**

**समाज जागरण**

लखनऊ 5 अगस्त। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में खेल अवसंरचना को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में गोरखपुर में निमार्णाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण निर्धारित समय-सीमा के अनुसार तेजी से आगे बढ़ रहा है। महज तीन महीने में ही करीब 392.94 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का लगभग 20 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो गया है। इस स्टेडियम के बन जाने से पूर्वांचल में न केवल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों का आयोजन संभव होगा, बल्कि स्थानीय खेल प्रतिभाओं को विश्वस्तरीय सुविधाएं और रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। भूमिपूजन के तीन महीने बाद निर्माण ने पकड़ी रफ्तार स्टेडियम का 16 मई 2026 को भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया गया था। इसके बाद लोक निर्माण विभाग ने ईपीसी मोड पर निर्माण कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। मुख्य स्टेडियम परिसर की लेवलिंग और पाइल फाउंडेशन का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि बाहरी क्षेत्र में लेवलिंग, सड़क निर्माण और अन्य आधारभूत कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। अब तक परियोजना के लिए 110 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जारी की जा चुकी है। सरकार का लक्ष्य है कि स्टेडियम का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित 24 माह की अवधि में पूरा कराया जाए। 46 एकड़ में 30 हजार दर्शकों की क्षमता वाला बनेगा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम

प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में इस परियोजना के लिए 50 करोड़ रुपये की दूसरी किश्त भी स्वीकृत कर जारी कर दी है। इससे पहले 63.39 करोड़ रुपये की पहली किश्त जारी की जा चुकी थी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि परियोजना की लागत और समय-सीमा में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा निर्माण कार्य की नियमित निगरानी की जा रही है। करीब 46 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाला यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम 30 हजार दर्शकों की क्षमता वाला होगा। विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस होगा स्टेडियम स्टेडियम का निर्माण ग्राउंड प्लस टू फ्लोर मॉडल पर किया जा रहा है।

इसमें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप क्रिकेट पिच, आधुनिक आउट फील्ड, हाई-मास्ट फ्लडलाइट्स, अत्याधुनिक ब्रॉडकास्टिंग सुविधाएं, खिलाड़ियों के लिए विश्वस्तरीय ड्रेसिंग रूम, अभ्यास सुविधाएं और दर्शकों के लिए आधुनिक बैठने की व्यवस्था विकसित की जाएगी। स्टेडियम की सभी तकनीकी व्यवस्थाएं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो, इसके लिए खेल निदेशक की अध्यक्षता में विषय विशेषज्ञों की एक उच्चस्तरीय तकनीकी समिति गठित की गई है। यह समिति पिच के आयाम, आउटफील्ड, लाइटिंग, सिटिंग व्यवस्था और प्रसारण सुविधाओं सहित सभी तकनीकी पहलुओं की निगरानी कर रही है।

आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम के साथ पारदर्शिता और गुणवत्ता पर विशेष जोर निर्माण कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट अनिवार्य किया गया है। परियोजना में वित्तीय किश्तों का भुगतान भी गुणवत्ता परीक्षण से जोड़ा गया है और न्यूनतम पांच स्थलीय निरीक्षण रिपोर्टों के आधार पर ही अगली किश्तें जारी की जाएंगी। इससे निर्माण की गुणवत्ता पर लगातार निगरानी बनी रहेगी। स्टेडियम का क्षेत्र अपेक्षाकृत लो-लाइंग है, इसलिए भविष्य में जलभराव की किसी भी संभावना से बचने के लिए आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जा रहा है। साथ ही सभी आवश्यक पर्यावरणीय और वैधानिक स्वीकृतियां भी सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि भविष्य में संचालन के दौरान किसी प्रकार की बाधा न आए।

कोट गोरखपुर में निमार्णाधीन क्रिकेट स्टेडियम शासन व सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। शासन स्तर से इसकी प्रगति पर सतत निगरानी रखी जा रही है। भविष्य में यह स्टेडियम पूर्वांचल क्षेत्र के महत्वपूर्ण क्रीड़ा स्थल के रूप में विकसित होगा। कुमार विनीत, विशेष सचिव, खेल विभाग

# सुनियोजित साजिश का परिणाम थी संभल हिंसा, सपा सांसद बर्क की रही बड़ी भूमिका

**न्यायिक जांच आयोग ने सरकार को सौंपी 857 पेज की विस्तृत रिपोर्ट**
**सपा सांसद समेत कई लोगों पर साजिश और भड़काने का आरोप**
**हिंसा पर त्वरित एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए जांच आयोग ने जिला प्रशासन की सराहना की**
**जामा मस्जिद सर्वे से पहले ही रची गई थी हिंसा की साजिश, आयोग की रिपोर्ट में खुलासा**
**पहले वीडियो से फैलाया गया भ्रम, उसके बाद पथराव-गोलीबारी की गई**
**19 नवंबर के सर्वे आदेश के बाद रची गई बड़ी साजिश, फिर 24 नवंबर को सुनियोजित हिंसा**

**समाज जागरण**

लखनऊ/संभल, 5 अगस्त। संभल की जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर विवाद में 24 नवंबर 2024 को सर्वे के दौरान हुई हिंसा सुनियोजित साजिश का परिणाम थी। घटना के बाद गठित किए गए तीन-सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट ने इसकी पुष्टि की है। पूरे मामले की गहन छानबीन और तमाम साक्ष्यों के आधार पर तैयार की गई इस रिपोर्ट के मुताबिक हिंसा किसी अचानक उपजे विवाद का परिणाम नहीं थी, बल्कि इसके पीछे पहले से रची गई साजिश और उकसावे की भूमिका थी। आयोग ने हिंसा के दौरान पुलिस-प्रशासन पर पथराव, गोलीबारी, हथियार और दंगा नियंत्रण सामग्री लूटे जाने, वाहनों व संपत्ति को आग के हवाले किए जाने का भी उल्लेख किया है। रिपोर्ट में लोगों को उकसाने एवं भड़काने में सपा सांसद जिया-उर-रहमान बर्क समेत कई लोगों का नाम शामिल है। आयोग ने हिंसा व आगजनी की इस घटना पर तत्परता से काबू पाने के लिए जिला प्रशासन की प्रशंसा की है।

### सर्वे से पहले ही तैयार हो गई थी हिंसा की जमीन

आयोग की रिपोर्ट के अनुसार 24 नवंबर 2024 की हिंसा पूर्व नियोजित थी। रिपोर्ट में हिंसा के लिए प्रमुख रूप से सपा सांसद जिया-उर-रहमान बर्क, संभल विधायक पुत्र सोहेल इकबाल, इंतजामिया कमेटी जामा मस्जिद संभल के सदर जफर अली, एडवोकेट कासिम जमाल, इंतजामिया कमेटी के सचिव मशहूद अली फारूकी एडवोकेट, इंतजामिया कमेटी के उपसदर लहदन खान और इंतजामिया समिति के अन्य सदस्यों के बीच रची गई साजिश व उकसावे को हिंसा का परिणाम बताया गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इन लोगों में 19 नवंबर 2024 को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) द्वारा पारित जामा मस्जिद सर्वे आदेश को लेकर नाराजगी थी। ये लोग मस्जिद की गतिविधियों में किसी तरह के हस्तक्षेप के पक्ष में नहीं थे।

### वीडियो के जरिए फैलाया गया भ्रम, फिर भड़काई गई हिंसा

न्यायिक जांच में सामने आए तथ्यों के मुताबिक, कुछ असामाजिक तत्वों ने वीडियो के माध्यम से भ्रामक संदेश फैलाकर लोगों को यह विश्वास दिलाने की कोशिश की कि सर्वे के बहाने जामा मस्जिद को हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। इसके बाद 24 नवंबर को सर्वे के दौरान माहौल बिगड़ा और हिंसक घटनाएं हुईं। रिपोर्ट में मस्जिद में दिए गए कथित भड़काऊ भाषणों के बाद नारेबाजी, पथराव, आगजनी और गोलीबारी का भी विस्तार से उल्लेख किया गया है।

### पुलिस पर पथराव, गोलीबारी और वाहनों में आगजनी

आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि भीड़ ने सुनियोजित तरीके से पुलिस पर पथराव और गोलीबारी की। इसके साथ ही हथियार और दंगा नियंत्रण सामग्री लूटने, वाहनों व संपत्ति को आग के हवाले करने की घटनाएं भी हुईं। इस दौरान 28 पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी घायल हुए। वहीं घटना में चार लोगों की मौत का भी रिपोर्ट में जिक्र है। आयोग के अनुसार, 24 नवंबर की हिंसा में हुई चारों मौतों को मुस्लिम पक्ष की ओर से सुनियोजित गोलीबारी का परिणाम बताया गया है। मृतकों के परिजनों की ओर से भी पुलिस फायरिंग से मौत का दावा नहीं किया गया। एफएसएल और सीन री-क्रिएशन रिपोर्ट में भी यही तथ्य सामने आए हैं। बर्क और सोहेल इकबाल के राजनीतिक वर्चस्व में उग्र हुई हिंसा आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक जिया-उर-रहमान बर्क, सोहेल इकबाल, जफर अली,

कासिम जमाल और मशहूद अली फारूकी आदि ने मुकदमा संख्या 182/2024 के तथ्यों को छिपाकर ऐसा भ्रामक प्रचार किया कि हिंदू मस्जिद को ढहाना चाहते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि बर्क और सोहेल इकबाल राजनीतिक वर्चस्व बनाए रखने व सरकार-पुलिस को बदनाम करने के लिए लोगों को उकसाना चाहते थे। दोनों के बीच पुरानी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता भी थी। जिले में मुस्लिमों के तुर्क और पठान गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई भी हिंसक माहौल का कारण बनी। जांच में सामने आया कि घटनास्थल से 12-बोर के कारतूस मिले थे। हिंसा में स्थानीय व बाहरी उपद्रवी भी शामिल थे।

### तीन सदस्यीय आयोग ने की जांच

हिंसा की जांच के लिए शासन के 28 नवंबर 2024 के पत्र के माध्यम से इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग गठित किया गया था। आयोग का गठन 24 नवंबर की हिंसक घटना के कारणों और उससे जुड़े पहलुओं की जांच के लिए किया गया था। रिपोर्ट में हिंसा की पृष्ठभूमि से लेकर भीड़ के व्यवहार, पुलिस पर हमले, आगजनी, गोलीबारी और मौतों से जुड़े पहलुओं को सामने रखा गया है। आयोग के निष्कर्षों ने 24 नवंबर की घटना को अचानक हुई हिंसा के बजाय पूर्व नियोजित साजिश और सुनियोजित उकसावे की कार्रवाई से जोड़ते हुए पूरे घटनाक्रम पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

### प्रशासन की भूमिका की सराहना

हिंसा के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के घायल होने के बावजूद जिला प्रशासन और पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तत्परता से कार्रवाई की। इस प्रभावी कार्रवाई के लिए जांच आयोग ने जिला प्रशासन की भूमिका की प्रशंसा की है।

# सिनेमाटोग्राफ (संशोधन) अधिनियम और आईटी ढांचा पायरेसी विरोधी प्रवर्तन को मजबूत करते हैं। 4,996 टेलीग्राम चैनलों और 1,263 वेबसाइटों सहित 7,393 यूआरएल निष्क्रिय किए गए।

सरकार ने सिनेमाई फिल्मों की ऑनलाइन पायरेसी से निपटने के लिए कानूनी और संस्थागत ढांचे को मजबूत किया है। जिसमें टेलीग्राम के माध्यम से फिल्मों का अनधिकृत प्रसार भी शामिल है। सिनेमाई अधिनियम, 1952 को सिनेमाई (संशोधन) अधिनियम, 2023 के माध्यम से संशोधित किया गया ताकि फिल्मों की अनधिकृत रिकॉर्डिंग और प्रदर्शन पर अंकुश लगाने के लिए विशिष्ट प्रावधान शामिल किए जा सकें। नवगठित धारा 7(1ख)(ii) सरकार को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 79(3) के अंतर्गत पायरेटेड सामग्री होस्ट करने वाले मध्यस्थों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार देती है। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 79(3)(ख) के अंतर्गत उपयुक्त सरकारों द्वारा मध्यस्थों को अवैध सामग्री को हटाने/उस तक पहुंच को अक्षम करने के लिए अधिसूचना जारी करने का प्रावधान है। सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 के अंतर्गत, मध्यस्थों को किसी भी ऐसी सामग्री को हटाना अनिवार्य है

# सीएम योगी गुरुवार को घुमंतू समाज से करेंगे संवाद, विकास बोर्ड गठन के पर जताया जाएगा आभार

**लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर डीएनटी समाज के प्रतिनिधियों से होगी मुलाकात**
**समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण व विभागीय अधिकारी भी रहेंगे मौजूद**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 5 अगस्त। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार (6 अगस्त) को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर डीनोटिफाइड, नोमैडिक एवं सेमी-नोमैडिक ट्राइब्स समाज के प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, डीएनटी समाज के प्रतिनिधि उत्तर प्रदेश घुमंतू विकास बोर्ड के गठन के निर्णय पर सीएम का आभार व्यक्त करेंगे। प्रतिनिधिमंडल सीएम का स्वागत एवं सम्मान करेगा, जिसके बाद मुख्यमंत्री समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे और उनके सामाजिक-आर्थिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। इस दौरान समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के साथ समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

घुमंतू विकास बोर्ड के गठन के बाद आयोजित होने वाली यह पहली महत्वपूर्ण बैठक मानी जा रही है। उत्तर प्रदेश घुमंतू विकास बोर्ड का गठन विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के उद्देश्य से किया गया है। बोर्ड इन समुदायों की पहचान, सूचीकरण, सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, नीतिगत सुझाव, समस्याओं के समाधान तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय का कार्य करेगा।

# पिछले एक वर्ष में सार्वजनिक प्रसारकों की सम्पादकीय स्वायत्तता या कार्यप्रणाली के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है

सरकार ने प्रसार भारती के प्रसारण अवसंरचना के विकास, आधुनिकीकरण और उन्नयन के लिए वर्ष 2021-26 के लिए प्रसारण अवसंरचना एवं नेटवर्क विकास (बीआईएनडी) केंद्रीय क्षेत्र योजना को मंजूरी दी है। इस योजना को 31.3.2027 तक बढ़ा दिया गया है। बजट में आवंटित धनराशि, वास्तविक व्यय और राजस्व सृजन की जानकारी प्रसार भारती की वेबसाइट पर उपलब्ध है। मुख्य सम्पादक और वरिष्ठ सम्पादकीय टीम द्वारा सम्पादकीय मामलों की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है। आवश्यकता पड़ने पर, प्रसार भारती की सम्पादकीय नीतियों और कार्यक्रम संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए समाचारों की गुणवत्ता, सटीकता, संतुलन और प्रस्तुति में सुधार के लिए मार्गदर्शन और सुधारात्मक उपाय किए जाते हैं। सम्पादकीय सामग्री से संबंधित शिकायतों सहित दर्शकों की शिकायतों या प्रतिक्रियाओं को नियमानुसार उचित कार्रवाई के लिए संबंधित सम्पादकीय दल को भेजा जाता है। पिछले एक वर्ष में, सार्वजनिक प्रसारकों की स्वायत्तता, नियुक्तियों या सम्पादकीय कार्यप्रणाली के संबंध में पत्रकारों, कर्मचारियों या मीडिया निकायों से कोई औपचारिक शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। हालांकि, आवेदकों से नियुक्ति संबंधी 7 शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

# तियरा स्टेडियम को संवारेगा यूपीआरएनएसएस, जल्द शुरू होगा जीर्णोद्धार का कार्य, योगी सरकार खर्च करेगी 6.73 करोड़ रुपये

## शासन ने जिला प्रशासन के तियरा स्टेडियम के जीर्णोद्धार संबंधी प्रस्ताव को दी स्वीकृत

**ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**



सोनभद्र। खेल सुविधाओं के विस्तार और खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में तियरा स्टेडियम के जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण के 6 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि के प्रस्ताव को शासन ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए शासन द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण संघ लिमिटेड (यूपीआरएनएसएस) को नामित किया गया है। अब जल्द ही तियरा स्टेडियम के कायाकल्प का कार्य शुरू हो जाएगा और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह स्टेडियम सोनभद्र की नई पहचान बनकर उभरेगा। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि जनपद में खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से तियरा स्टेडियम में के जीर्णोद्धार व आधुनिकीकरण से संबंधित 673 .69 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। जिस पर शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान करते हुए स्टेडियम में विकास कार्य कराने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण संघ लिमिटेड को नामित किया गया है। बताया कि स्टेडियम के जीर्णोद्धार को लेकर जनपद के जनप्रतिनिधियों की सक्रियता का परिणाम ही है कि तियरा स्टेडियम सोनभद्र की नई पहचान बनने जा रहा है। जल्द ही स्टेडियम में विकास कार्य शुरू कराया जाएगा। स्टेडियम के जीर्णोद्धार से स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और अवसर प्राप्त होंगे।

**स्टेडियम में यह कार्य कराए जाएंगे**

पवैलियन बिल्डिंग के जीर्णोद्धार के साथ ही क्षतिग्रस्त छत की मरम्मत की जाएगी। वॉलीबाल कोर्ट की फेंसिंग दुरुस्तीकरण के साथ ही सेंथेटिक फ्लोरिंग कराई जाएगी। बाउंड्रीवॉल पर कटीले तारों की फेंसिंग लगाई जाएगी। दर्शक दीर्घा का सुद्दरीकरण कराया जाएगा। छात्रावासों व दर्शक दीर्घा का रंगरोगन कराया जाएगा। बास्केटबॉल व टेबल टेनिस कोर्ट का निर्माण कराया जाएगा। समुचित जलनिकासी के लिए नाली का निर्माण कराया जाएगा।

रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। खिलाड़ियों के लिए आवश्यक फर्नीचर की खरीद की जाएगी। डीएम ने किया स्टेडियम का निरीक्षण, निर्माण एजेंसी को दिए जरूरी निर्देश जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बुधवार को तियरा स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यूपीआरएनएसएस की तरफ से मौजूद प्रतिनिधि को विकास कार्य संबंधी कई जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्टेडियम के छात्रावास भवन में सभी खिड़कियां एक जैसी लगाई जाएं। सभी कमरों व आवश्यक स्थानों पर टाइल्स लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने खिलाड़ियों की सुविधा के लिए बास्केटबॉल कोर्ट व टेबल टेनिस कोर्ट को आधुनिक तरह से विकसित करने व वहां समुचित प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही स्टेडियम परिसर की पेंटिंग उच्च गुणवत्ता के साथ कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की सुविधा व उनकी खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से कराए जा रहे कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने स्टेडियम परिसर में सीसी सड़क का निर्माण कराने के भी निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)वागीश कुमार शुक्ला, जिला क्रीड़ा अधिकारी शमीम अहमद,अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# लोकायुक्त जांच में घिरी आदर्श नगर पंचायत चोपन, अभिलेख न मिलने पर टीम नाराज

**समाज जागरण**



चोपन/सोनभद्र। आदर्श नगर पंचायत चोपन में भवन नंबरिंग शुल्क, संस्कार भवन और सूचना के अधिकार (आरटीआई) से जुड़े कथित अनियमितताओं की जांच के लिए लोकायुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त मिजार्पुर, संयुक्त निदेशक और वित्त विभाग की संयुक्त टीम ने नगर पंचायत कार्यालय तथा काली मंदिर स्थित संस्कार भवन का निरीक्षण किया। जांच के दौरान शिकायत से जुड़े कई महत्वपूर्ण अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए जा सके, जिस पर अधिकारियों ने नाराजगी जताते हुए अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह को मूल पत्रावलियों सहित मिजार्पुर कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए।

संस्कार भवन का ताला तोड़कर किए गए निरीक्षण में भवन की छत से पानी रिसने, दीवारों में नमी और जर्जर स्थिति सामने आई। अधिकारियों ने छत का भी निरीक्षण किया। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि छत मरम्मत के लिए करीब 14.70 लाख रुपये का टेंडर प्रस्तावित है, जबकि शिकायतकर्ता और स्थानीय लोगों ने पूरे भवन की खराब हालत का हवाला देते हुए

केवल छत मरम्मत पर इतनी राशि खर्च करने पर सवाल उठाए। यह जांच सोनभद्र निवासी संजय कुमार जैन की शिकायत पर शुरू हुई है, जिसमें भवन नंबरिंग शुल्क वसूली, आरटीआई में विरोधाभासी जवाब और संस्कार भवन के निर्माण, रखरखाव व मरम्मत में अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। हालांकि जांच अभी जारी है और अंतिम निष्कर्ष रिपोर्ट व उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही तय होगा।

# बिजली संकट को लेकर सपा युवजन सभा का प्रदर्शन, समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

**समाज जागरण/**
**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। बिजली संकट, किसानों की सिंचाई, छात्रों की पढ़ाई, रोजगार और अन्य जनसमस्याओं को लेकर समाजवादी युवजन सभा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष बबलू धांगर के नेतृत्व में कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने जिले में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने, किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने तथा युवाओं और छात्रों की समस्याओं के समाधान की मांग की।

**ऊर्जा उत्पादन जिले में भी बिजली संकट का आरोप-**

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बबलू धांगर ने कहा कि यह विडंबना है कि सोनभद्र जैसे ऊर्जा उत्पादन करने वाले जिले के लोगों को ही पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब छात्र पढ़ाई करने बैठते हैं तो बिजली चली जाती है और जब लोग सोने जाते हैं तब बिजली आती है। सुबह महिलाओं को भोजन बनाने और बच्चों को स्कूल भेजने के समय भी बिजली आपूर्ति बाधित रहती है, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**हिंदूवारी फीडर के किसानों का उठाया मुद्दा-**

बबलू धांगर ने कहा कि जिले को "धन का कटोरा" कहा जाता है, लेकिन किसानों को सिंचाई के लिए समय पर बिजली नहीं मिल रही है। उन्होंने विशेष रूप से हिंदूवारी फीडर का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि इस क्षेत्र के किसानों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। उनका कहना था कि यदि किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिलेगी तो धान की खेती प्रभावित होगी और उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो जाएगा।

**बिजली आपूर्ति का शेड्यूल जारी करने की मांग-**

उन्होंने मांग की कि जिला प्रशासन तत्काल बिजली आपूर्ति का निर्धारित शेड्यूल जारी करे तथा हिंदूवारी फीडर सहित सभी ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो जिलेभर में बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**सरकार के वादों पर भी उठाए सवाल-**

प्रदर्शन के दौरान सपा नेताओं ने बिजली संकट के अलावा अन्य जनसमस्याओं को भी उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने, गिट्टी-बालू सस्ता करने और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने जैसे वादे किए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात लगातार खराब हो रहे हैं। साथ ही जल, जंगल और जमीन से जुड़े मुद्दों पर भी सरकार को घेरते हुए स्थानीय लोगों के हितों की अनदेखी का आरोप लगाया।

**रोजगार और शिक्षा के मुद्दे भी उठाए-**

सपा नेताओं ने कहा कि जिले का किसान सिंचाई, नौजवान रोजगार और छात्र शिक्षा की समस्याओं को लेकर आक्रोशित है। उनका आरोप था कि स्कूलों के विलय और बिजली की अनियमित आपूर्ति से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने सरकार से शिक्षा, रोजगार और किसानों के हितों को प्राथमिकता देने की मांग की।

**आंदोलन की चेतावनी-**

प्रदर्शन के अंत में सपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ और युवाओं के मुद्दों पर गंभीरता नहीं दिखाई गई तो समाजवादी पार्टी जिलेभर में व्यापक आंदोलन करेगी।

# 13 से 15 अगस्त तक जनपद में धूमधाम से मनाया जाएगा हर घर तिरंगा अभियान : जिलाधिकारी

**समाज जागरण**



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में 13 से 15 अगस्त तक जनपदभर में हर घर तिरंगा अभियान-2026 को व्यापक जनसहभागिता के साथ मनाने की रूपरेखा तय की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढ़ाना है।

अभियान के तहत सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, शहीद स्मारकों, अमृत सरोवरों तथा आवासीय भवनों पर तिरंगा फहराया जाएगा। नागरिकों को तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करने के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा प्रमुख स्थानों पर सेल्फी बूथ भी स्थापित होंगे।

जनपद में तिरंगा यात्रा, बाइक रैली, तिरंगा मेला, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। विद्यालयों में प्रभात फेरी, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों, वृद्धाश्रमों और बाल सुधार गृहों में भी विशेष आयोजन किए जाएंगे। स्वतंत्रता दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों, शहीदों के परिजनों एवं पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन माह से खराब पड़ी हाईमास्ट लाइट, ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध

**समाज जागरण/**
**आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



कोटा/ सोनभद्र। चोपन ब्लॉक के अंतर्गत कोटा ग्राम पंचायत के कोटा खास बाजार में लगी हाईमास्ट स्ट्रीट लाइट करीब तीन माह से खराब होकर बंद पड़ी है। लंबे समय से लाइट खराब होने के बावजूद मरम्मत नहीं कराए जाने से ग्रामीणों एवं बाजार आने-जाने वाले लोगों में नाराजगी है। रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि कोटा खास बाजार क्षेत्र में हाईमास्ट लाइट लगने से रात के समय बाजार और आसपास के इलाके में पर्याप्त रोशनी रहती थी। लेकिन पिछले करीब तीन महीने से लाइट खराब होने के कारण पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब जाता है। इससे दुकानदारों, राहगीरों और स्थानीय निवासियों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने विरोध-प्रदर्शन करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले में हस्तक्षेप करते हुए खराब हाईमास्ट लाइट की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर लगी इस लाइट के खराब होने से लोगों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है। निर्भय चौधरी लोकेश प्रजापति मनीष जायसवाल बच्चा जायसवाल नरेश यादव राजू सनी मुलायम यादव ने मांग उठाई कि संबंधित विभाग द्वारा मौके का निरीक्षण कर हाईमास्ट लाइट को तत्काल दुरुस्त कराया जाए, ताकि रात के समय बाजार क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हो सके।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे दोबारा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# सीएम हेल्पलाइन पर एक्शन, वन भूमि कब्जामुक्त कर रोपे 300 पौधे

**ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

सोनभद्र। वन विभाग ने जिले के बभनी क्षेत्र स्थित खैराडीह गांव में वन भूमि पर हुए अवैध कब्जे को हटा दिया है। विभाग ने इस भूमि पर सागौन, कट सागौन और गम्हार के पौधे रोपे हैं। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर पृथ्वीलाल पुत्र भगत सिंह, निवासी खैराडीह, बभनी, दुद्धी, सोनभद्र द्वारा की गई शिकायत के बाद हुई। शिकायत में खैराडीह की वन भूमि पर अवैध कब्जे का जिक्र था। शिकायत के अनुसार, ग्राम बरवें के मूल निवासी लालू प्रसाद यादव (पुत्र नान्हु यादव) द्वारा खैराडीह की सरकारी वन भूमि पर



अवैध रूप से घर बनाकर खेती की जा रही थी। ग्रामीणों ने पहले भी बभनी वन रेंज और रेणुकूट वन प्रभाग कार्यालयों में शिकायतें दर्ज कराई थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। अवैध कब्जे के कारण खैराडीह की वन भूमि पर पशुओं के चारागाह समाप्त हो गए थे। शिकायत में यह भी बताया गया था कि अतिक्रमणकारी गांव वालों के मना करने पर धमकी दे रहा था। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज होने के बाद, वन विभाग के अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर सख्त कार्रवाई की। विभाग ने 25 बिस्वा जमीन को कब्जे से मुक्त कराकर उस पर सागौन और कट सागौन के पौधे लगाए। बभनी वन क्षेत्र के रेंजर प्रेम प्रकाश चौबे इस क्षेत्र की विशेष निगरानी रखेंगे। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लगाए गए पौधों को नुकसान न पहुंचे और भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न हो।

# दुग्ध स्वर्ण महोत्सव के अंतर्गत जनपद स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव का आयोजन, विशेषज्ञों ने किया मार्गदर्शन

## शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र पशुपालक तक पहुंचाने पर दिया गया बल

**ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार दुग्ध स्वर्ण महोत्सव के अंतर्गत आज विकास भवन सभागार, सोनभद्र में जनपद स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी, सोनभद्र ने की। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सोनभद्र सहित पशुपालन विभाग, दुग्ध विकास विभाग के अधिकारी, संबंधित विभागों के प्रतिनिधि, पशु चिकित्सा धिकारी, दुग्ध उत्पादक किसान, पशुपालक, स्वयं सहायता समूहों एवं दुग्ध सहकारी समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि डेयरी क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण आधार है। वैज्ञानिक पशुपालन, संतुलित पशु आहार, नियमित टीकाकरण तथा आधुनिक डेयरी तकनीकों को अपनाकर पशुपालक दुग्ध उत्पादन के साथ-साथ अपनी आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से समन्वित रूप से कार्य करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र पशुपालक तक पहुंचाने का आह्वान किया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य प्रबंधन, संक्रामक रोगों की रोकथाम, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन, कृत्रिम गभार्धान, संतुलित पशु पोषण तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ पशु ही गुणवत्तापूर्ण एवं अधिक दुग्ध उत्पादन का आधार हैं,

इसलिए नियमित टीकाकरण, समय पर उपचार तथा वैज्ञानिक प्रबंधन अपनाना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक डेयरी प्रबंधन, दुग्ध गुणवत्ता सुधार, पशु कल्याण तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले दुग्ध उत्पादकों को सम्मानित भी किया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। उपस्थित सभी पशुपालकों से अपील की गई कि वे विभागीय योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाते हुए वैज्ञानिक एवं व्यावसायिक पशुपालन को अपनाएं तथा दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर अपनी आय में वृद्धि करें।

# वही बारिश जो आसमान से आती है, बूंदों में गाती है, पहाड़ों से फिसलती है...फिर भी सावन के पावन महीने मे सूखे हैं ताल - पोखरे

**सिर्फ अन्नदाता ही नही' जलाशय भी हो रहे इन्द्रदेव के कोपभाजन का शिकार**

**आसमान में उमड़ते - घुमड़ते काले-कजरारे बादलों की ओर निहारते, टकटकी लगाए हैं लोग**

**लोगों की चिंताएं बढ़ जाती है जब गर्मी की भांति आसमान मे दिखने लगते हैं सूर्य देव**

**समाज जागरण/**
**अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। वही बारिश... वही बारिश जो आसमान से आती है,बूंदों में गाती है, पहाड़ों से फिसलती है, नदियों में चलती है, नहरों में मचलती है, कुंओ-पोखर से मिलती है, खपरैलों पर गिरती है, गलियों में फिरती है, मोड पर संभलती है, फिर आगे निकलती है वही बारिश यह बारिश अक्सर गीली होती है,इसे पानी भी कहते हैं। जी हां!सावन में इन्द्रदेव के कोपभाजन का शिकार सिर्फ अन्नदाता ही नहीं' जलाशय भी हो रहे हैं। जिस महीने में ताल-पोखरे पानी से लबालब होने चाहिए, उस महीने में वह सूखे पड़े हैं। पानी भी है तो नाममात्र का। इससे सभी की चिंतायें बढ़ने लगी है। लोग आसमान में उमड़ते - घुमड़ते काले-कजरारे बादलों की ओर निहार रहे हैं। मगर उन्हें निराशा ही हाथ लग रही है ।उनकी चिंताएं तो और उस समय बढ़ जा रही है जब गर्मी की भांति आसमान में सूर्यदेव दिखने लग जा रहे हैं। बताते चलें कि सावन का महीना भी सप्ताह भर हो गया। किन्तु अभी तक मेघ ऐसी बारिश नहीं किये जिससे धान की रोपाई पूरी तरह हो सके। यहीं नहीं ताल - पोखरे भी इस माह में सूखे पड़े हैं। इसमें पानी भी नहीं के बराबर है। जो थोड़ा- बहुत है भी वह सूखता जा रहा है। इस वर्ष अधिक मास की बात की जाए तो यह महीना सावन नहीं, बल्कि भादो माना जाएगा। लेकिन अभी तक इस इलाके में मूसलाधार बरसात नहीं हुई। जिस कारण प्राकृतिक पहाड़ी नाले पर आश्रित जनपद के अधिकांश ग्राम पंचायतों के आदर्श तालाब आज भी पानी के अभाव में सूखे पड़े हुए है। मानसून के शुरूआती दौर में हुई मामूली बरसात से इसमें जो कुछ पानी भरा भी था वह भी सूखता चला जा रहा है। नहरे खुली, पानी भी आया, मगर उक्त तालाब में पानी नहीं गया। नतीजन गाँवो के मुख्य तालाब आज भी पानी की कमी से सूखे का दंश झेलने को मजबूर है। ताल-पोखरों में पानी नहीं होने की वजह से पशु-पक्षियों को भी अपनी प्यास बुझाने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। गाँव के बुजुर्ग बच्चालाल मौर्य, रामगती दुबे, भुवनेश्वर, तपेश्वर आदि कहते हैं कि इन्द्र भगवान कभी-कभी रूठ जाते हैं। अबके समय में काफी गलीमत है। पहले की स्थिति अधिक खराब थी। किसानों को अक्सर सूखे नहीं अकाल का सामना करना पड़ता था। पीने के पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ती थी। हालांकि सावन के महीने में झमाझम पानी नहीं बरसना किसी को अच्छा नहीं लग रहा है। पानी के अभाव में धान की रोपाई भी बाधित है। कठिन परिश्रम कर वहीं' किसान धान ही रोपाई कर रहे है जिनके पास सिंचाई का निजी साधन है। वर्षा ऋतु में भी तमाम गाँवों के सिवान धान की खेती के बिना विरान पड़े हैं। संबंधित किसानों के चेहर पर मायूसी नजर आ रही है। अच्छी बरसात नहीं हुई तो खिसकेगा जलस्तर ! जानकारों की माने तो अगर अच्छी यानी झमाझम पानी नहीं बरसा तो जलस्तर नीचे की ओर खिसक सकता है। जिसके चलते पेयजल का भी संकट उत्पन्न हो सकता है। आम जनजीवन को अपनी प्यास बुझाने के लिए परेशान होना पड़ सकता है। जलाशयों में पानी नदारद होने के कारण पशु-पक्षियों को भी मुश्किले उठाती पड़ेगी। कुल मिलाकर बरसात (मौसम) का यदि हालात इसी तरह रहा तो भविष्य में पानी के लिए त्राहि-त्राहि मच सकता है ।

# फ्लाई ऐश राख परिवहन से ढह गई पुलिया दीवार, कभी भी हो सकते है बड़ा हादसे

**अकबर अली/ समाज जागरण**




अनपरा/ सोनभद्र। अनपरा थाना परिक्षेत्र के सिंगरौली राष्ट्रीय राज मार्ग से एमटीसी से होकर कुबरी जाने वाले मार्ग में पूर्व में बनी पुलिया दीवार भार क्षमता से अधिक फ्लाई ऐश राख परिवहन से हो गया हैं । औडीमोड़ बिछड़ी फ्लाई ऐश राख बांध से राख ढुलाई का कार्य किया जा रहा हैं। बिछड़ी से मिर्चधुरी तक सड़क मार्ग गड्ढों में तब्दील हो गया हैं जिससे सड़क मार्ग पर चलने वाले राहगीरों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा हैं इतना ही नहीं ओवरलोड राख भरी गाड़ियों कि गतिसीमा 25 आबादी क्षेत्र में होना चाहिए परन्तु गतिसीमा 50 से अधिक होने के कारण हमेशा दुर्घटना कि संभावना बनी रहती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे ऑटो/पिकअप गाड़ियां सवारी भरकर लाती है कभी भी बड़ा हादसा होने की संभावना बनी रहती हैं। गर्मी के दिनों में मिर्चधुरी स्टेशन के पास इकठ्ठा भंडारण फ्लाई ऐश राख हुआ था उड़ने से आसपास ग्रामीणों का बुरा हाल हो गया था प्रदूषण फैलने से राहगीरों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता रहा हैं। वर्तमान समय में भी तिरपाल ठीक से न बंधे होने के कारण राख उड़ने से प्रदूषण फैल रहा हैं। बिछड़ी से कौवानाला आबादी क्षेत्र से ट्रेलर तीव्रागति से संचालित होने से एक आईटीआई कॉलेज के सामने राख परिवहन में लगी गाड़ी कि चपेट मे आ गया और मौके पर मौत मौत हो गई थी। राख बांध से कौवानाला तक सुरक्षा के मद्देनजर जगह जगह सुरक्षा प्रहरी भी तैनात नहीं किया गया हैं। दुर्घटना के बाद राख परिवहन का कार्य कराने वाले ठेकेदार ने अनपरा थाने में कौवानला रहवासियों से लिखित रूप से भरोसा दिया था गाड़ियों कि गतिसीमा 25 आबादी क्षेत्र में होगी और जगह जगह सुरक्षा प्रहरी तैनात रहेंगे। वर्तमान में उन सभी शर्तों को तोड़कर राख परिवहन का कार्य करने वाले ठेकेदार के द्वारा तीव्रागति से संचालित हो रहा हैं जो कभी भी हादसे को जन्म दे सकता हैं। कोई भी सुरक्षा प्रहरी और झंडीमैन में नहीं लगाया है। फ्लाई ऐश राख परिवहन से सड़क मार्ग पर राख गिरने से प्रदूषण फैल रहा हैं कभी भी ग्रामीण बड़ा विरोध कर सकते है। राख एक बिजली कंपनी से ऐश राख बांध से कौवानाला होकर मुख्य सड़क मार्ग से होकर कुबरी होकर मिर्चधुरी स्टेशन तक जा रही है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि पूर्व में लिखित रूप से समझौता के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा हैं जिससे दुर्घटना कि संभावना बनी रहती हैं।

# पटना के फुलवारीशरीफ में कोचिंग जाने के लिए घर से निकला छात्र लापता, परिजनों ने थाने में दर्ज कराई गुमशुदगी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बेऊर थाना क्षेत्र के चिलबिल्ली इलाके से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 17 वर्षीय छात्र अविनाश कुमार संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक लापता हो गया है। छात्र के तय समय पर घर नहीं लौटने से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजनों ने बेऊर थाने में लिखित आवेदन देकर बेटे की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, लापता छात्र अविनाश कुमार शंभू रविदास का पुत्र है। वह 4 अगस्त की शाम करीब चार बजे बधमपुर स्थित 'सीमा निकेतन' कोचिंग सेंटर में पढ़ाई के लिए घर से निकला था, लेकिन देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों की चिंता बढ़ने लगी। इसके बाद जब परिजनों ने कोचिंग संचालक दीपक कुमार से संपर्क साधा, तो उन्होंने बताया कि अविनाश उस दिन कोचिंग आया ही नहीं था।

शंका होने पर परिजनों ने बधमपुर बाजार स्थित उस जिम में भी पूछताछ की जहां वह जाया करता था, लेकिन जिम संचालक ने भी उसके वहां नहीं आने की बात कही। इसके बाद रिश्तेदारों, दोस्तों और संभावित ठिकानों पर उसकी तलाश की गई, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। अविनाश का मोबाइल फोन भी लगातार बंद आ रहा है, जिससे अनहोनी की आशंका को लेकर परिवार की बेचैनी और अधिक बढ़ गई है। इस घटना से माता-पिता और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बेऊर थाना पुलिस से मांग की है कि त्वरित कार्रवाई करते हुए छात्र की खोजबीन की जाए। साथ ही, परिवार के लोगों ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी भी व्यक्ति को अविनाश कुमार के संबंध में कोई भी जानकारी मिले, तो वे तुरंत बेऊर थाने या उसके परिजनों को सूचित करें, ताकि छात्र को सुरक्षित घर वापस लाया जा सके।

# पटना के मसौढ़ी में दूसरी बार शराब तस्करी करते स्कूटी सवार महिला गिरफ्तार

## 50 लीटर महुआ शराब हुआ बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पुनपुन थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए स्कूटी से अवैध शराब की ढुलाई कर रही एक महिला को 50 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब के साथ-साथ तस्कर की स्कूटी को भी जब्त कर लिया है। गिरफ्तार महिला की पहचान नालंदा जिले के बिहारशरीफ थाना क्षेत्र की रहने वाली प्रियंका कुमारी के रूप में की गई है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक महिला स्कूटी के जरिए भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर इलाके से गुजरने वाली है। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत सतर्कता बरतते हुए संदिग्ध रास्तों पर घेराबंदी कर दी। जब महिला स्कूटी से वहां से गुजर रही थी, तो पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली।

तलाशी के दौरान स्कूटी पर रखे गए कंटेनरों से करीब 50 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस पूछताछ में यह बात सामने आई है कि प्रियंका कुमारी पहले भी शराब तस्करी के आरोप में जेल जा चुकी है। उसके खिलाफ पूर्व में पुनपुन थाना कांड संख्या 121/26 के तहत बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत एक नया मामला दर्ज कर लिया है और कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह शराब कहां से लाती थी और किसे आपूर्ति करने जा रही थी। इस कार्रवाई से क्षेत्र के शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है।

# पटना के बिहटा में रिटायर्ड एएसआई पर जानलेवा हमला लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से पीटा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के रामूबीघा गांव में बुधवार की शाम जमीनी विवाद को लेकर एक सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में बिहार पुलिस से हाल ही में रिटायर हुए एएसआई अजय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। आरोप है कि उनके ही चाचा के बेटों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से उन पर बेरहमी से प्रहार किया। घायल अजय सिंह ने बताया कि बुधवार शाम वे अपने खेत की जुताई कराने गए थे। उसी दौरान आरोपितों ने वहां पहुंचकर जमीन उनकी होने का दावा किया और उन्हें वहां से भगाने का प्रयास किया। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपितों ने उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार, उनकी करीब चार कट्ठा जमीन पर आरोपितों ने पिछले कई वर्षों से अवैध कब्जा कर रखा है। उन्होंने हाल ही में 31 जुलाई को बिहार पुलिस के एएसआई पद से सेवानिवृत्ति ली है। उनके बाकी भाई भी सरकारी नौकरी में होने के कारण बाहर रहते हैं, जिसका फायदा उठाकर आरोपितों ने उनकी जमीन पर कब्जा जमाया हुआ है।

घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में घायल एएसआई को अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित की शिकायत पर बिहटा थाना पुलिस ने लिखित आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# आईआईटी पटना में 687 से अधिक छात्रों को मिले जॉब ऑफर

## बीटेक का मीडियन पैकेज बढ़कर 18 लाख हुआ

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बैश्विक रोजगार बाजार की चुनौतियों के बीच आईआईटी पटना ने वर्ष 2026 के प्लेसमेंट सत्र में नया रिकॉर्ड कायम किया है। संस्थान के क्लास ऑफ 2026 के छात्रों को देश-विदेश की 230 से अधिक कंपनियों ने 687 से अधिक जॉब ऑफर मिले हैं। इस सत्र में कई नई कंपनियों ने भी कैंपस प्लेसमेंट में हिस्सा लिया। संस्थान के अनुसार, बीटेक और बीएस छात्रों के मीडियन वेतन में पिछले वर्ष की तुलना में 38.46 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो 13 लाख से बढ़कर अब 18 लाख रुपये वार्षिक हो गया है। वहीं, औसत वेतन 17.02 प्रतिशत बढ़कर 23.17 लाख रुपये वार्षिक पर पहुंच गया है। इसके अलावा प्री-प्लेसमेंट ऑफर (पीपीओ) भी 94 से बढ़कर 122 हो गए हैं। गूगल, एडोबी, अमेजन, डीई शॉ, सैमसंग, रिलायंस, टाटा मोटर्स जैसी दिग्गज कंपनियों के साथ-साथ गेल, एचपीसीएल और बीपीसीएल जैसे सार्वजनिक उपक्रमों ने भी छात्रों का चयन किया है। स्नातकोत्तर स्तर पर एमटेक का कुल प्लेसमेंट 80.35 प्रतिशत रहा, जबकि मैथेमेटिक्स एंड कंप्यूटिंग, वीएलएसआई और मैटेरियल्स साइंस जैसे विभागों में शत-प्रतिशत प्लेसमेंट दर्ज किया गया। एमएससी के भौतिकी, रसायन और गणित विषयों में भी लगातार दूसरे वर्ष सभी विद्यार्थियों को नौकरियां मिली हैं। उद्योग जगत में आईआईटी पटना के छात्रों की बढ़ती स्वीकार्यता ने संस्थान के शैक्षणिक और तकनीकी स्तर को एक बार फिर साबित कर दिया है।

# पटना जंक्शन पर ट्रेनों में सक्रिय चोरों का आतंक तीन यात्रियों के लैपटॉप और गहने चोरी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जंक्शन और ट्रेनों में सक्रिय चोरों के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामलों में बदमाशों ने अलग-अलग ट्रेनों से यात्रा कर रहे तीन रेल यात्रियों के लैपटॉप, कीमती गहने और अन्य सामान उड़ा लिए। पीड़ितों की शिकायत पर पटना जंक्शन रेल थाने (जीआरपी) में मामले दर्ज कर लिए गए हैं, और पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। नयी दिल्ली निवासी मो. हमदान अख्तर पटना जंक्शन के प्लेटफॉर्म पर खड़ी तेज राजधानी एक्सप्रेस में अपनी सीट पर बैग रखकर शौचालय गए थे। महज पांच मिनट बाद लौटने पर उनका बैग गायब मिला। बैग में लैपटॉप, क्रेडिट कार्ड, 800 रुपये नकद और जरूरी दस्तावेज थे। वही आरा के बिहिया की रहने वाली निशु कुमारी अपने पति के साथ गरीब रथ एक्सप्रेस से आरा जा रही थीं। पटना जंक्शन के आसपास सफर के दौरान उन्हें नींद आ गई, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने उनका पर्स चुरा लिया। पर्स में कीपैड फोन, चांदी की पायल और पांच सौ रुपये नकद रखे हुए थे। जबकि बक्सर के सिमरी निवासी चंदन कुमार पटना से बक्सर जाने के लिए पटना-कोटा एक्सप्रेस में सवार हुए थे। पटना जंक्शन पर ही ट्रेन रुकने के दौरान किसी शातिर ने उनका लैपटॉप बैग चोरी कर लिया। इन तीनों वारदातों के बाद यात्रियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। जीआरपी पुलिस अज्ञात चोरों की पहचान के लिए प्लेटफॉर्म पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# पटना के रामकृष्ण नगर में हाईटेंशन करंट की चपेट में आने से बिजली मिस्त्री गंभीर रूप से घायल, आईसीयू में भर्ती

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के रामकृष्ण नगर बिजली आपूर्ति क्षेत्र अंतर्गत सिपारा रोड स्थित स्वयंवर मैरिज गार्डन के समीप मंगलवार की देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रांसफार्मर के हाईटेंशन फ्यूज और एलटी केबल की मरम्मत के दौरान बिजली मिस्त्री बिट्टू कुमार करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल 35 वर्षीय बिट्टू कुमार (पिताः विवेकानंद) नदौल मठिया का निवासी है। हादसे के बाद उसे फौरन एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और आईसीयू में उसका इलाज चल रहा है। परिजनों के मुताबिक उसे अभी तक होश नहीं आया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मरम्मत कार्य के दौरान अचानक तेज करंट लगने से बिट्टू कुमार खंभे या ऊंचाई से नीचे आ गिरा। इस दुर्घटना में उसका सिर फट गया है, हाथ बुरी तरह झुलस गया है और छाती में भी गंभीर चोटें आई हैं।

घायल के परिजनों और स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि संबंधित जूनियर इंजीनियर (जेई) के निर्देश पर काम शुरू हुआ था, लेकिन जिस फीडर पर मरम्मत होनी थी, वहां बिजली बंद करने के बजाय किसी अन्य फीडर का शटडाउन ले लिया गया। चालू लाइन में काम करने के कारण यह हादसा हुआ। घायल के बहनोई ने भी स्थिति नाजुक होने की बात कही है। दूसरी ओर, रामकृष्ण नगर बिजली विभाग के जेई अमित कुमार ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि शटडाउन प्रक्रिया में कोई चूक नहीं हुई थी। उनके अनुसार कार्य के दौरान तार छिटकने से यह दुर्घटना हुई और मिस्त्री मामूली रूप से घायल हुआ है। हालांकि, परिजनों ने जेई के दावे को झूठा बताते हुए निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और घायल मिस्त्री के बेहतर इलाज की मांग की है। इस संबंध में बेऊर थानाध्यक्ष मोहम्मद अफसर हुसैन ने बताया कि उन्हें फिलहाल इस घटना की आधिकारिक सूचना नहीं मिली है।

# नबीनगर: सिंदुरिया गांव के पास उत्तर कोयल नहर में डूबा युवक, तलाश में जुटी पुलिस और ग्रामीण

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) बुधवार की सुबह नबीनगर प्रखंड के रामपुर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सिंदुरिया गांव के समीप उत्तर कोयल नहर में एक युवक डूबकर लापता हो गया। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है। मिली जानकारी के अनुसार युवक की पहचान कैमूर जिले के सोनहन थाना क्षेत्र के हथियाबांध गांव निवासी रविंद्र तिवारी के 20 वर्षीय पुत्र बीटल उर्फ रत्नाकर तिवारी के रूप में हुई है। एक दिन पूर्व युवक अपने फूफा के घर सिंदुरिया गांव आया हुआ था। जानकारी के अनुसार युवक का पैर फिसलने से वह नहर में जा गिरा। इसी दौरान गहरे पानी में जाने से वह डूब गया और लापता हो गया। स्थानीय लोगों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही टंडवा थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह और सीओ नबीनगर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन की टीम ने गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कर दी है। हालांकि नहर का जलस्तर कम कर तलाशी अभियान चलाया गया। लेकिन देर शाम तक युवक का कोई पता नहीं चल सका था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पटना के मनेर में शेरपुर के प्राथमिक विद्यालय में उत्पात, प्रधानाध्यापक ने पुलिस से लगाई गुहार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ जिले के मनेर प्रखंड अंतर्गत शेरपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय, जंगली महादेव में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा और उनका उत्पात लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे परेशान होकर प्रधानाध्यापक ने पुलिस से इसकी औपचारिक शिकायत की है। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने मनेर थाना पुलिस और प्रखंड शिक्षा कार्यालय को लिखित आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि इस एक ही परिसर में तीन-तीन विद्यालय– प्राथमिक विद्यालय जंगली महादेव, प्राथमिक विद्यालय दोस्त नगर मुसहरी और उत्क्रमित मध्य विद्यालय दोस्त नगर संचालित होते हैं। लेकिन कुछ उपद्रवी तत्व विद्यालय के शैक्षणिक माहौल को लगातार बिगाड़ने में लगे हैं।

आवेदन के अनुसार, ये असामाजिक तत्व कभी स्कूल के तालों में फेवीक्विक डालकर उन्हें जाम कर देते हैं, तो कभी चहारदीवारी फांदकर परिसर में घुसते हैं। वे शौचालयों में तोड़फोड़ करने के साथ ही वहां लगे बिजली के बल्ब तक निकालकर ले जा रहे हैं। हद तो तब हो जाती है जब विद्यालय के मुख्य रास्ते पर ही शौच कर दिया जाता है, जिससे शिक्षकों और मासूम छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रधानाध्यापक ने प्रशासन और शिक्षा विभाग से विद्यालय को सुरक्षा प्रदान करने तथा उपद्रवियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# केंद्रीय मंत्री का पीएस बनकर जेल आईजी को धमकाने वाला जालसाज गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह का निजी सचिव (पीएस) बनकर बिहार के कारा महानिरीक्षक (आईजी) को फोन करने वाले एक शातिर जालसाज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी भागलपुर मंडल कारा में बंद एक कैदी को बेऊर जेल ट्रांसफर करने के लिए लगातार दबाव बना रहा था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अरवल के मेहंदिया थाना क्षेत्र निवासी और हाल में लखीसराय के पंचवटी कॉलोनी में रहने वाले धीरज कुमार के रूप में हुई है, जिसे पुलिस ने लखीसराय से दबोचा है। सिटी एसपी मध्य ममता कल्याणी ने बताया कि चार अगस्त 2026 को सचिवालय थाना को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति खुद को केंद्रीय मंत्री का पीएस बताकर कारा आईजी को फोन कर रहा है और बंदी भरत सिंह के स्थानांतरण का निर्देश दे रहा है। मामले की गंभीरता को भांपते हुए जब केंद्रीय मंत्री से संपर्क किया गया, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी तरफ से ऐसा कोई निर्देश नहीं दिया गया था। इसके बाद कारा आईजी के आप्त सचिव के लिखित आवेदन पर सचिवालय थाना में मामला दर्ज किया गया। तकनीकी अनुसंधान की मदद से पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी धीरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह खुद को कभी मंत्रियों का पीएस तो कभी बड़े अधिकारियों का करीबी बताकर विभिन्न सरकारी विभागों में फोन करता था और धौंस जमाकर अपने अवैध काम निकलवाने की कोशिश करता था। फिलहाल, पुलिस इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच कर रही है।

# पटना में नकली कॉस्मेटिक्स का बड़ा भंडाफोड़: बेलवरगंज से लाखों के डुप्लीकेट उत्पाद बरामद

**समाज जागरण**



राजधानी पटना के गांधी मैदान थाना पुलिस ने नकली कॉस्मेटिक्स और अन्य उत्पादों के अवैध कारोबार का बड़ा खुलासा किया है. ब्रांड प्रोटेक्शन प्राइवेट लिमिटेड से मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बेलवरगंज-लोदीपुर इलाके में एक किराए के मकान पर छापेमारी कर लाखों रुपये के डुप्लीकेट उत्पाद बरामद किए हैं.

छापेमारी के दौरान पुलिस ने डाबर हेयर ऑयल, इमामी नवरत्न तेल, सिप्ला शैंपू, विभिन्न कंपनियों के कॉस्मेटिक उत्पाद और कफ सिरप की दवाएं भारी मात्रा में जब्त की हैं. प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि इस मकान में पिछले करीब छह महीने से बड़े पैमाने पर नकली सामान तैयार कर उनकी पैकिंग और बिक्री का अवैध धंधा चलाया जा रहा था.



एसडीपीओ टाउन-2 (गांधी मैदान) कामख्या नारायण सिंह ने बताया कि ब्रांड प्रोटेक्शन प्राइवेट लिमिटेड के कर्मियों की सूचना पर यह कार्रवाई की गई. जब्त किए गए उत्पादों की कीमत लाखों में आंकी गई है. पुलिस अब इस गिरोह के सरगना और अन्य सदस्यों की पहचान करने में जुटी है. साथ ही यह भी खंगाला जा रहा है कि इन नकली उत्पादों की सप्लाई पटना के अलावा किन-किन जिलों और बाजारों में की जाती थी. पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है.

# पटना के दानापुर में पेट्रोल पंप मालिक से 1.16 लाख की ठगी

## कैंट का जवान बन साइबर ठगों ने दिया घटना को अंजाम

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना में साइबर अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वे सेना के नाम पर भी ठगी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला पटना का है, जहां दानापुर कैंट का जवान बनकर साइबर ठगों ने भिखारीपुर स्थित 'एसआर फ्यूल स्टेशन' के मालिक शंभू कुमार सिन्हा को अपना शिकार बनाते हुए उनके खाते से 1.16 लाख रुपये की बड़ी रकम उड़ा ली। इस सनसनीखेज घटना के बाद पीड़ित ने पटना साइबर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, एक शातिर ठग ने खुद को दानापुर कैंट का सैनिक (संजय सिंह) बताकर पेट्रोल पंप पर डीजल खरीदने के लिए फोन किया था। पीड़ित का भरोसा जीतने के लिए उसने अपने एक अन्य साथी से बात कराई, जिसे उसने अपना वरिष्ठ अधिकारी 'संदीप रावत' बताया। बातचीत के दौरान आरोपियों ने ऑनलाइन भुगतान करने की प्रक्रिया का झांसा दिया और बातों-बातों में पेट्रोल पंप के बैंक खाते से अलग-अलग ट्रांजैक्शन के माध्यम से कुल 1,16,056 रुपये अवैध रूप से निकाल लिए। पीड़ित पंप मालिक ने ठगी में इस्तेमाल किए गए दोनों मोबाइल नंबरों (संजय सिंह और कथित अधिकारी के नंबर), बैंक खाते से हुई संदिग्ध निकासी का पूरा विवरण, ट्रांजैक्शन नंबर और यूटीआर (UTR) नंबर पुलिस को सौंप दिया है। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की तकनीकी जांच शुरू कर दी है। पुलिस मोबाइल नंबरों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (CDR) और बैंक खातों के माध्यम से आरोपियों की पहचान करने और उन्हें जल्द पकड़ने के प्रयास में जुटी है।

# नवीनगर पुलिस की कार्रवाई धोखाधड़ी के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार )नवीनगर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि धोखाधड़ी के कांड में वांछित अभियुक्त *ग्राम रजबरिया में छिपा हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम ने रजबरिया गांव में छापेमारी की।छापेमारी के दौरान पुलिस ने अभियुक्त अभिमन्यु चौबे को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभिमन्यु चौबे से पूछताछ कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# पटना के नासरीगंज गंगा घाट पर जहाज सेवा शुरू

## शिक्षकों और छात्रों में खुशी की लहर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ के नासरीगंज गंगा घाट से जहाज (स्टीमर) का परिचालन शुरू होने पर दानापुर दियारा क्षेत्र के प्राथमिक से लेकर उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं में भारी खुशी का माहौल है। इस आधुनिक और सुरक्षित परिवहन सेवा के शुरू होने से गंगा पार कर रोजाना विद्यालय आने-जाने वाले शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिली है।

विशेषकर बरसात के मौसम में उफनती गंगा नदी में पारंपरिक नावों से आवागमन करना बेहद जोखिम भरा होता था। ऐसे में प्रशासन द्वारा शुरू की गई यह जहाज सेवा क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान साबित होगी, जो अब पूरी तरह सुरक्षित और सुगम आवागमन सुनिश्चित करेगी।बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष नित्यानंद सिंह तथा दियारा क्षेत्र के शिक्षक अनोज कुमार, संतोष कुमार, संजय कुमार, मधुमिता कुमारी, शत्रुघ्न कुमार और अरुण कुमार लंबे समय से नियमित जहाज सेवा शुरू करने की मांग कर रहे थे। मांग पूरी होने पर सभी शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन, संबंधित विभाग, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव तथा जहाज के कप्तान गोपाल मंडल के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है। शिक्षकों ने इस पहल को शिक्षा और जनहित के क्षेत्र में उठाया गया एक बेहद सराहनीय और महत्वपूर्ण कदम बताया है, जिससे अब बच्चों की पढ़ाई और शिक्षकों के आवागमन में मौसम की बाधाएं रोड़ा नहीं बनेंगी।

# मारपीट एवं हत्या के प्रयास के मामले में 2 अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार )नरारीकला खुर्द थाना पुलिस ने मारपीट एवं हत्या के प्रयास के एक मामले में फरार चल रहे 2 अभियुक्तों को उनके घर से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि नरारीकला खुर्द थाना कांड संख्या 68/26 के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त कृष्णा पांडेय पिता स्व. देवनंदन पांडेय और श्रीकांत पांडेय पिता कृष्णा पांडेय, ग्राम-सुदरी, थाना नरारीकला खुर्द को उनके घर से गिरफ्तार किया है।गिरफ्तारी एसआई अमरेश दास के नेतृत्व में की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है

# नवीनगर पुलिस ने एनबीडब्ल्यू वारंटी रामनगर से गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) नवीनगर थाना पुलिस ने न्यायालय से निर्गत एनबीडब्ल्यू वारंट के आधार पर एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष द्वारा अजानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने नवीनगर थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने वारंटी राकेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी को आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में फरार अभियुक्तों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## पटना में एयरपोर्ट ऑफिसर बन 1.75 लाख की ठगी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना में साइबर अपराधियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामलों में बदमाशों ने शातिर तरीके से दो अलग-अलग घटनाओं को अंजाम देकर लोगों को लाखों रुपये का चूना लगाया है। पीड़ितों ने इस संबंध में साइबर थाने में मामला दर्ज करा दिया है, जिसके बाद पुलिस छानबीन में जुट गई है। पहली घटना परसा बाजार इलाके की है, जहां साइबर बदमाशों ने खुद को बिहटा एयरपोर्ट का ऑफिसर बताकर अमरनाथ कुमार से 1.75 लाख रुपये की ठगी कर ली।

# रवि आजाद के जन्मदिन पर बहल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 5 अगस्त। बहल क्षेत्र में 9 अगस्त को किसान नेता रवि आजाद के जन्मदिन के अवसर पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर चौधरी ब्रह्मदत्त मैमोरियल हॉल, अलख मंदिर के निकट, बहल में आयोजित किया जाएगा।

इस पुनीत कार्य का आयोजन किसान नेता रवि आजाद की टीम द्वारा किया जा रहा है, जिसकी अध्यक्षता रवि आजाद की धर्मपत्नी मंजू आजाद द्वारा की जाएगी। रवि आजाद, जो किसान हितों की आवाज उठाने के लिए जाने जाते हैं, फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। उनके समर्थकों और परिजनों ने उनके जन्मदिन को उत्सव के रूप में न मनाकर, इसे समाज सेवा और मानवता की सेवा के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, ताकि इस दिन का सदुपयोग जरूरतमंदों की मदद के लिए किया जा सके।

आयोजकों का मानना है कि सेवा और एकता ही किसान की असली ताकत है, और यही भावना इस आयोजन के मूल में है उसी संकल्प के साथ यह जन्मदिन मनाया जाएगा। रक्तदान एक महान मानवीय कार्य है, जो अनेक लोगों की जान बचाने में सहायक होता है। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी लोगों, विशेषकर युवाओं से अपील की है कि वे बढ़-चढ़कर इस शिविर में भाग लें और रक्तदान कर पुण्य के इस कार्य में सहभागी बनें। शिविर में चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम मौजूद रहेगी, जो पूरी सावधानी और स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप रक्तदान की प्रक्रिया संपन्न कराएगी। दान किया गया रक्त क्षेत्र के अस्पतालों को उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर सहायता मिल सके। आयोजकों ने सभी सामाजिक संगठनों, ग्रामीणों और शुभचिंतकों से इस नेक पहल में सहयोग की अपील की है।

# कालांवाली में कलश बंदन यात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया

**समाज जागरण**



कालांवाली 5 अगस्त 2026 ( सुरेश जोरासिया) भारतीय जनता पार्टी के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर संत शिरोमणी जगतगुरू श्रीगुरू रविदास महाराज जी के 650वां प्रकाश उत्सव को लेकर उत्तर प्रदेश के काशी (बनारस) जन्म स्थली की पावन पवित्र धरा से चरणों की माटी कलश बंदन यात्रा महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम देश के प्रत्येक शहर गांवो में श्रीगुरू रविदास महाराज जी के विचारों को घर घर तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसा चाहू राज मैं जहां मिले सभी भन अन्न, छोट बड़े सम बैसअ रविदास रहे प्रसन्न । इस कड़ी में सिरसा से चलकर कलश बंदन यात्रा गांव रोड़ी से गांव कालांवाली में पंहुचने पर ग्रावासीयों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। कलश बंदन यात्रा में जिलाध्यक्ष रेनू शर्मा, चरनजीत सिंह रोड़ी, महेश आजद मंडलमहामंत्री, वीर सिंह शक्ति प्रमुख भाजपा, सुतोख सिंह बूथ प्रमुख भाजपा, चरणदास चन्नी समाजसेवी व पूर्व मंडलध्यक्ष, हरद्वारी लाल जिंदल, ओमप्रकाश वाजपई, गगनदीप सिंह भाजपा कालांवाली पहुंचने पर ढ़ोल नगाड़ो के साथ भव्य स्वागत किया गया। सभा के उपाध्यक्ष सुरेश जोरासिया पत्रकार ने गुरूजी की पावन कलश को नमन कर सिर पर धारण किया कलश बंदन यात्रा के साथ संगतो ने जय गुरूदेव धन गुरूदेव के जयघोष किया जिससे पुरा वातावरण भगतिमय हो गया। धर्मप्रेमीयों, कीर्तिन महिला मंडली के द्वारा भजन करते हुऐ श्रीगुरू रविदास मंदिर पहुंचकर कलश स्थापित कर सारी संगत ने गुरूजी का आर्शिवाद प्राप्त किया। इस मौके पर सभा के प्रधान अश्वनी नूना, उपाध्यक्ष सुरेश जोरासिया पत्रकार, चिरंजी लाल, नरेश कुमार, बलवीर सिंह, जसवीर सिंह पंच चांद राम, होशियार जाटीवाल, अशोक कुमार, चुनमुन बाबू राम, लालचंद, राजेन्द्र कुमार समस्त सदस्य एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

# पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंढोली कलां का जिला शिक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण

## शैक्षणिक गुणवत्ता, रिकॉर्ड और व्यवस्थाओं का लिया जायजा, अधिकारियों ने किया स्वागत

**हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया सम्मान**



**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल। बहल क्षेत्र के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मंढोली कलां में जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया ने विभागीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार एवं वरिष्ठ प्रवक्ता राजेश पहाड़ी ने जिला शिक्षा अधिकारी को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देशों एवं मार्गदर्शन का पूरी गंभीरता से पालन किया जाएगा।

जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक अभिलेखों तथा बुनियादी सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर प्राचार्य कृष्णा यादव, प्रधानाचार्य सनील कुमार, जेई सतीश कुमार, वरिष्ठ प्रवक्ता राजेश पहाड़ी, प्रवक्ता अनिल कुमार, गुड्डी देवी, मंजू ठाकन, अशोक, विजय, ऋषिकेश, जयप्रकाश, ओमवीर, अध्यापक आनंद, सुरेश भालोठिया, रमेश, सोनू रंग सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# महेंद्रगढ़ की स्वर्णिम बेटी शमीर्ला धनखड़ का 08 अगस्त को होगा भव्य सम्मान, निकलेगा ऐतिहासिक रोड शो

**जब बेटियां तिरंगे की शान बढ़ाती हैं, तब पूरा राष्ट्र गर्व से सिर ऊंचा करता है। खेल के मैदान में जीता गया प्रत्येक स्वर्ण पदक केवल एक खिलाड़ी की जीत नहीं, बल्कि भारत की मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास की पहचान होता है। महेंद्रगढ़ की बेटी शमीर्ला धनखड़ की ऐतिहासिक उपलब्धि आज देश की लाखों बेटियों के लिए प्रेरणा का प्रकाशस्तंभ बन गई है।**



**समाज जागरण**

कनीना, ( राहुल शर्मा )। राष्ट्र का गौरव बढ़ाने वाली महेंद्रगढ़ जिले की बेटी एवं कॉमनवेल्थ खेलों की स्वर्ण पदक विजेता शमीर्ला धनखड़ के सम्मान में 08 अगस्त को भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह से पूर्व विशाल रोड शो निकाला जाएगा, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में नागरिक भाग लेंगे। ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ खेलों में महिला शॉटपुट F57 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर शमीर्ला धनखड़ ने न केवल महेंद्रगढ़ और दक्षिण हरियाणा, बल्कि पूरे भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का वातावरण है। मूल रूप से कनीना क्षेत्र के गांव छितरौली की रहने वाली शमीर्ला धनखड़ ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और अटूट आत्मविश्वास के बल पर यह ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता इस बात का सशक्त प्रमाण है कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती, बल्कि दृढ़ संकल्प, निरंतर अभ्यास और मजबूत इच्छाशक्ति से नई ऊंचाइयों तक पहुंचती है। गांव के सरपंच बलवान आर्य ने बताया कि सम्मान समारोह से पहले भड़फ से भव्य रोड शो निकाला जाएगा। यह रोड शो कनीना शहर से होते हुए सीहोर रोड के रास्ते राजीव गांधी खेल मैदान पहुंचेगा, जहां मुख्य सम्मान समारोह आयोजित होगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर देश की इस गौरवशाली बेटी का सम्मान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शमीर्ला धनखड़ की उपलब्धि आज की युवा पीढ़ी, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा का सशक्त उदाहरण है। यदि बेटियों को समान अवसर, उचित प्रशिक्षण और परिवार का सहयोग मिले, तो वे विश्व मंच पर भारत का तिरंगा और अधिक ऊंचा लहरा सकती हैं। आज भारत की बेटियां खेल, शिक्षा, विज्ञान, सेना, प्रशासन और हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उनका संघर्ष, समर्पण और सफलता देश की नई पहचान बन रहे हैं। ऐसे खिलाड़ियों का सम्मान केवल एक व्यक्ति का सम्मान नहीं, बल्कि भारतीय खेल संस्कृति, राष्ट्रीय गौरव और तिरंगे के प्रति सम्मान का उत्सव है। क्षेत्रवासियों का विश्वास है कि शमीर्ला धनखड़ की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को खेलों की ओर प्रेरित करेगी और हरियाणा सहित पूरे देश की बेटियों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करेगी।

# एसी कंप्रेसर चोरी मामले में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## बवानी खेड़ा थाना पुलिस ने तीसरे आरोपी को किया गिरफ्तार, टाटा ऐस गाड़ी बरामद

**चोरी किए गए कंप्रेसर इसी वाहन में भरकर हांसी ले जाने का खुलासा, आरोपी न्यायिक हिरासत में भेजा गया**



**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बवानी खेड़ा। पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार (आईपीएस) के निदेर्शानुसार जिले में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत थाना बवानी खेड़ा पुलिस ने एसी के कंप्रेसर चोरी मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त टाटा ऐस गाड़ी भी बरामद की है।

जानकारी के अनुसार बवानी खेड़ा निवासी दीपक ने थाना बवानी खेड़ा में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 जुलाई 2026 की रात अज्ञात चोर उसकी तथा आसपास की अन्य दुकानों की छतों पर लगे एसी के कंप्रेसर चोरी कर ले गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस पहले ही रमेश उर्फ बंटी निवासी वार्ड नंबर-7, बवानी खेड़ा तथा सज्जन निवासी हांसी को गिरफ्तार कर चुकी थी।

दोनों आरोपियों से पूछताछ के दौरान मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीसरे आरोपी दीपक पुत्र हरिराम निवासी वार्ड नंबर-13, बवानी खेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। मुख्य सिपाही देवेंद्र की टीम ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त टाटा ऐस गाड़ी बरामद की। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि चोरी किए गए एसी के कंप्रेसरों को इसी वाहन में भरकर हांसी ले जाया गया था। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेज दिया गया। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

# मिठी गांव में पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल

**ग्रामीणों ने मंदिर, सार्वजनिक स्थल और मोक्षधाम में लगाई पांच त्रिवेणी पौधों की देखभाल का भी लिया संकल्प, समाजसेवी सोनू मिठी ने किया अधिकाधिक पौधारोपण का आह्वान**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल । बहल के निकटवर्ती गांव मिठी में बुधवार को ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए गांव के मंदिर, सार्वजनिक स्थल एवं मोक्षधाम परिसर में पांच त्रिवेणी का पौधारोपण किया। इस दौरान पौधों की



नियमित देखभाल एवं सिंचाई की जिम्मेदारी भी ग्रामीणों ने स्वयं उठाने का संकल्प लिया। पौधारोपण अभियान में समाजसेवी सोनू मिठी, संजय सांगवान, सरपंच प्रतिनिधि सोनू सुनिया, संजय सांगवान ढाणी रामू,दिलबाग लाखलाण, जयवीर मिस्त्री, भाल सिंह कादयान, अशोक सोरड़ा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर पर समाजसेवी सोनू मिठी ने कहा कि वर्षा ऋतु पौधारोपण के लिए सबसे उपयुक्त समय है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपनी मां के नाम एक पौधा लगाने तथा उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ उनकी सुरक्षा और सिंचाई भी उतनी ही आवश्यक है, तभी पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य सफल हो सकेगा। संजय सांगवान ने कहा कि गांव को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के पौधारोपण अभियान निरंतर चलाए जाएंगे।

# 10 अगस्त के जेल भरो आंदोलन को लेकर किसानों ने तेज किया जनसंपर्क अभियान

## बहल क्षेत्र के गांवों में किसान नेताओं ने किया दौरा, अधिक से अधिक संख्या में भिवानी पहुंचने का आह्वान

**संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन व गिरफ्तारियां देने की अपील**



**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल । संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर आगामी 10 अगस्त को प्रस्तावित जेल भरो आंदोलन को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा, तहसील बहल के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के गांवों में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। किसान नेताओं ने किसानों और मजदूरों से बड़ी संख्या में आंदोलन में शामिल होकर भिवानी जिला मुख्यालय पर गिरफ्तारियां देने की अपील की। बुधवार को तहसील प्रधान सूबेदार धनपत सिंह एवं जिला सचिव मास्टर जगरोशन के नेतृत्व में किसान नेताओं ने बिधनोई, सुरपुरा खुर्द और सुरपुरा कलां गांवों का दौरा किया। इस दौरान किसानों से 10 अगस्त को उपायुक्त कार्यालय, भिवानी पहुंचकर अमेरिका एवं अन्य यूरोपीय देशों के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते (ट्रेड डील) के विरोध में प्रदर्शन करने का आह्वान किया गया।

किसान नेताओं ने कहा कि यदि यह व्यापार समझौता लागू होता है तो भारत का कृषि, डेयरी, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन तथा कपड़ा उद्योग गंभीर रूप से प्रभावित होगा। उनका कहना था कि शून्य टैरिफ पर विदेशी खाद्य उत्पादों के देश में आने से भारतीय किसान और उत्पादक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाएंगे।

बैठक के दौरान किसान नेताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि देश में किसान, मजदूर, कर्मचारी, छात्र और अन्य वर्ग विभिन्न समस्याओं को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने किसानों से एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया।

प्रचार अभियान में दलबीर सिंह चहड़ कलां, सतबीर ओबरा, मीर सिंह ओबरा, विजय ओबरा, राम सिंह ओबरा, महीपाल बिधनोई, महावीर, रामकुमार, कृष्ण, बलवान, विजय नंबरदार, रामफल, संदीप हसान, मान सिंह सुरपुरा खुर्द सहित अनेक किसान एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# साइबर अपराधों से बचाव के लिए विद्यार्थियों को किया जागरूक

## सांगा के राजकीय विद्यालय में साइबर क्राइम थाना भिवानी की टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

**डिजिटल अरेस्ट, निवेश फ्रॉड और फर्जी लिंक से सतर्क रहने की दी सलाह, 1930 हेल्पलाइन की दी जानकारी**



**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार (आईपीएस) के निदेर्शानुसार साइबर अपराधों के प्रति आमजन और विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से थाना साइबर क्राइम भिवानी की टीम ने गांव सांगा के राजकीय विद्यालय में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को डिजिटल अरेस्ट, निवेश एवं ट्रेडिंग फ्रॉड, ओएलएक्स और ऑनलाइन खरीद-बिक्री धोखाधड़ी, फर्जी कस्टमर केयर एवं केवाईसी फ्रॉड, सोशल मीडिया और व्हाट्सएप हैकिंग जैसे साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कोई भी सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल के माध्यम से किसी व्यक्ति का "डिजिटल अरेस्ट" नहीं करती, इसलिए ऐसे किसी भी कॉल से सतर्क रहें। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को मजबूत पासवर्ड रखने, केवल आधिकारिक वेबसाइट और मोबाइल ऐप का उपयोग करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने तथा किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी, एटीएम पिन, सीवीवी, नेट बैंकिंग पासवर्ड या यूपीआई पिन साझा नहीं करने की सलाह दी। अधिकारियों ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी होती है तो वह बिना देरी किए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराए तथा राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत करे।

समय पर शिकायत करने से ठगी गई राशि वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे स्वयं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें और अपने परिवार, मित्रों तथा आसपास के लोगों को भी साइबर अपराधों से बचाव के बारे में जागरूक करें।

# श्रावणी शिवरात्रि पर ब्रह्माकुमारीज बहल में सजेगा 12 ज्योतिर्लिंग दर्शन मेला

**10 व 11 अगस्त को दो दिवसीय धार्मिक आयोजन, सुबह 8 से शाम 8 बजे तक रहेंगे दर्शन**

**महादेव शंकर की आकर्षक झांकी, अनोखा हवन कुंड और 12 प्रसिद्ध ज्योतिलिंर्गों के दर्शन होंगे मुख्य आकर्षण**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 5 अगस्त। श्रावणी शिवरात्रि के पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारीज बहल शाखा में 10 एवं 11 अगस्त को दो दिवसीय 12 ज्योतिर्लिंग दर्शन मेला आयोजित किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं को एक ही स्थान पर भारत के प्रसिद्ध 12 ज्योतिलिंर्गों के दर्शन करने का अवसर मिलेगा।



केंद्र संचालिका बीके शकुंतला ने बताया कि मेला प्रतिदिन सुबह 8 बजे से सायं 8 बजे तक श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुला रहेगा। मेले में दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर कैलाश पर्वत पर ध्यानमग्न भगवान महादेव शंकर की भव्य झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। इसके अलावा श्रद्धालुओं को समस्या समाधान केंद्र, अनोखे हवन कुंड तथा भारत के प्रसिद्ध 12 ज्योतिलिंर्गों के दर्शन का आध्यात्मिक लाभ भी प्राप्त होगा। ब्रह्माकुमारीज परिवार ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मेले में भाग लेने और आध्यात्मिक वातावरण का लाभ उठाने का आह्वान किया है।

# दोपहर बाद झमाझम बरसे मेघ, खेतों में लौटी हरियाली

**किसानों के खिले चेहरे, बोले— बारिश बनी फसलों के लिए संजीवनी मौसम विशेषज्ञ ने किया सतर्क, कहा— पूरे अगस्त माह रुक-रुक कर बारिश की संभावना**



**समाज जागरण**

कनीना, ( राहुल शर्मा )। बुधवार दोपहर बाद हुई झमाझम बारिश ने क्षेत्रवासियों को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत दिलाई। अचानक बदले मौसम और तेज वर्षा से तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि शहर के कई स्थानों पर जलभराव के कारण कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित रहा, लेकिन किसानों के लिए यह बारिश किसी संजीवनी से कम नहीं रही। क्षेत्र में हुई इस वर्षा को कृषि के लिए अत्यंत लाभकारी माना जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से वर्षा के अभाव में खरीफ की फसलें नमी की कमी से प्रभावित होने लगी थीं, लेकिन बुधवार की बारिश ने खेतों में नई जान फूंक दी। दूर-दूर तक खेतों में हरियाली लौटती दिखाई दी। हालांकि कुछ स्थानों पर तेज बारिश और हवा के कारण फसलें झुक गईं, फिर भी किसानों का कहना है कि यह वर्षा कुल मिलाकर खेती के लिए बेहद लाभदायक साबित होगी।

किसान रामकिशन ने बताया कि क्षेत्र की मिट्टी पानी को तेजी से अपने भीतर समाहित कर लेती है, इसलिए खेतों में लंबे समय तक जलभराव नहीं रहता। उन्होंने कहा कि समय पर हुई यह बारिश फसलों के लिए संजीवनी साबित हुई है। यदि आने वाले दिनों में भी इसी प्रकार संतुलित वर्षा होती रही, तो खरीफ की फसलों से बेहतर उत्पादन की उम्मीद बढ़ जाएगी। मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि इस वर्ष अब तक क्षेत्र में सामान्य से लगभग 22 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि अगस्त माह के दौरान मौसम लगातार परिवर्तनशील बना रहेगा तथा रुक-रुक कर वर्षा होने की संभावना है। उन्होंने लोगों से मौसम को देखते हुए आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की। उनका कहना है

कि बरसात के मौसम में वायरल संक्रमण, सर्दी, बुखार और अन्य मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को स्वास्थ्य के प्रति अतिरिक्त सतर्क रहने की आवश यकता है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि समय पर होने वाली वर्षा किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होती। यह न केवल फसलों की बढ़वार में सहायक होती है, बल्कि बेहतर उत्पादन की संभा वनाओं को भी मजबूत बनाती है। क्षेत्र के किसानों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में भी मौसम का साथ मिला तो इस बार खरीफ की फसल अच्छी पैदावार देगी।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार घायल, ट्रिपल राइडिंग और ओवरस्पीडिंग पर उठे सवाल

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

ओबरा/ सोनभद्र। ओबरा नगर के चोपन मार्ग पर बुधवार को तेज रफ्तार और यातायात नियमों की अनदेखी एक बार फिर भारी पड़ गई। सुदामा पाठक से हनुमान मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग पर अंग्रेजी शराब दुकान के समीप तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसके साथ मौजूद छोटा बच्चा सुरक्षित बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कूटी सवार अपने छोटे बच्चे के साथ चोपन मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रही एक बाइक, जिस पर तीन युवक सवार थे, ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी सवार सड़क पर गिर पड़ा और उसके सिर में गंभीर चोट लगने से काफी खून बहने लगा। गनीमत रही कि स्कूटी पर बैठा मासूम बच्चा सुरक्षित रहा।

### स्थानीय लोगों ने दिखाई तत्परता

हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए घायल को तत्काल पास स्थित पॉलीक्लिनिक पहुंचाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए उसे परियोजना अस्पताल (प्रोजेक्ट हॉस्पिटल) रेफर किया गया। दो युवक फरार, चालक पुलिस हिरासत में; प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद बाइक पर सवार तीन युवकों में से दो मौके से फरार हो गए, जबकि बाइक चला रहे युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। फरार दोनों युवकों की तलाश भी की जा रही है। ओवरस्पीडिंग और ट्रिपल राइडिंग बनी चिंता का विषय; ओबरा नगर में तेज रफ्तार, ट्रिपल राइडिंग और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। पुलिस द्वारा समय-समय पर अभियान चलाकर चालान और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, लेकिन इसके बावजूद कई लोग नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराना आवश्यक है। साथ ही अभिभावकों को भी युवाओं को जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाने के लिए प्रेरित करना चाहिए, ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

समाज जागरण
बिज़नेस बढ़ाने का महा-उत्सव!
अब हर घर गूंजेगा आपके ब्रांड का नाम!
मात्र ₹5,000 में, पूरे 1 महीने फ्रंट पेज पर!
Prime Location: Front Page Strip (Front Strip - 4cm x 12cm)
Mass Reach: Delhi-NCR, UP, Bihar, MP, Rajasthan

# सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट में 'ऊर्जा: एक नया सफर' ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

## नवप्रवेशित विद्यार्थियों का हुआ स्वागत, विशेषज्ञों ने नवाचार, रचनात्मकता और उद्यमिता का दिया संदेश

नोएडा। सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट, नोएडा में बुधवार को नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत के लिए "ओरिएंटेशन प्रोग्राम-2026 : ऊर्जाः एक नया सफर" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उद्योग जगत की विशेषज्ञ हस्तियों, शिक्षाविदों, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर सत्यम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की चेयरपर्सन डॉ. स्नेह सिंह ने कहा कि "ऊर्जाः एक नया सफर" विद्यार्थियों के जीवन में नए आत्मविश्वास, अवसरों और संभावनाओं की शुरूआत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि उन्हें रचनात्मक, आत्मनिर्भर और वैश्विक दृष्टिकोण वाला नागरिक बनाना है।



संस्थान के सचिव सीए डॉ. प्रदीप गुप्ता ने कहा कि वर्तमान दौर नवाचार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजाइन थिंकिंग और उद्यमिता का है। ऐसे में विद्यार्थियों को तकनीक के साथ निरंतर सीखने की प्रवृत्ति विकसित करनी होगी। वहीं प्राचार्या डॉ. नीतू मल्होत्रा ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें शोध, नवाचार, उद्योग और नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं फैशन डिजाइनर तनमया मनीष ने कहा कि फैशन केवल परिधानों तक सीमित नहीं, बल्कि संस्कृति, भावनाओं और व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी मौलिक सोच बनाए रखने और भारतीय शिल्प को वैश्विक मंच तक पहुंचाने का आह्वान किया। फैशन एवं रिटेल विशेषज्ञ शशि नांगिया और डिजाइन उद्यमी डॉ. नीतू सिंह ने भी उद्योग की बदलती जरूरतों, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और उद्यमिता के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को संस्थान की उपलब्धियों, उद्योग आधारित शिक्षा, एआई आधारित नवाचार, ग्रीन कैंपस और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिले सम्मानों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉ. नीतू मल्होत्रा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

# अखिल भारतीय युवा सनातन शक्ति ने किया बृजभूषण शरण सिंह का सम्मान

नोएडा। अखिल भारतीय युवा सनातन शक्ति द्वारा नोएडा में माननीय श्री बृजभूषण शरण सिंह (पूर्व सांसद एवं पूर्व अध्यक्ष भारतीय कुश्ती महासंघ) का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र उपस्थित रहे। वहीं कैसरगंज के सांसद करण भूषण सिंह एवं भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह (बबलू) ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के आयोजन एवं संपूर्ण व्यवस्थाओं की देखरेख शालिनी सिंह द्वारा सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक की गई। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक रामपाल चौधरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद दुबे सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।




इस अवसर पर सामाजिक समरसता, युवा सशक्तिकरण, राष्ट्रहित तथा सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद दुबे ने कहा कि "सत्य की सदैव विजय होती है। हमें सत्य, राष्ट्र और सनातन संस्कृति के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए।" कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में संगठन द्वारा सभी विशिष्ट अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज नोएडा के निरीक्षण के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित

## डॉ. विजय सिंह चौहान को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी, गतिविधियों की निगरानी कर सौंपेंगे रिपोर्ट

समाज जागरण संवाददाता

नई दिल्ली/नोएडा। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की 197वीं बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय के तहत देशभर के दस नवनिर्मित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेजों में शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की निगरानी तथा निरीक्षण के लिए तीन-तीन सदस्यीय समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों का उद्देश्य मेडिकल कॉलेजों में चल रही गतिविधियों का मूल्यांकन कर ईएसआई कॉर्पोरेशन को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करना है।

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, नोएडा के निरीक्षण एवं गतिविधियों की समीक्षा के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। समिति में डॉ. विजय सिंह चौहान (स्टैंडिंग कमेटी एवं ईएसआई कॉर्पोरेशन के केंद्र से नामित सदस्य), श्री अजय शर्मा (अपर सचिव, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय) तथा डॉ. गुंजन गुप्ता (चिकित्सा प्रशासन, ईएसआईसी मुख्यालय) को शामिल किया गया है।




समिति में शामिल किए जाने पर डॉ. विजय सिंह चौहान ने माननीय केंद्रीय मंत्री एवं ईएसआईसी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समिति मेडिकल कॉलेज का विस्तृत निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं, शैक्षणिक गतिविधियों और स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करेगी तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य ईएसआईसी की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण और लाभार्थियों के लिए सुलभ बनाना है। इसी दिशा में मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जा रही है।

डॉ. विजय सिंह चौहान इससे पूर्व ईएसआईसी हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा एवं ईएसआईसी हॉस्पिटल मुरादाबाद को स्वीकृति दिलाने की प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। अब उन्हें नोएडा स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण एवं गतिविधियों की समीक्षा की जिम्मेदारी सौंपे जाने को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक अहम कदम माना जा रहा है।

समिति शीघ्र ही नोएडा स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का दौरा कर वहां चल रही व्यवस्थाओं का जायजा लेगी और अपनी विस्तृत रिपोर्ट ईएसआई कॉर्पोरेशन को सौंपेगी।

# विधान परिषद में 'अपार आईडी' योजना पर सरकार का पक्ष, विद्यार्थियों के लिए होगी उपयोगी : संदीप सिंह

समाज जागरण संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के मानसून सत्र-2026 के तृतीय दिवस बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने सदन में 'अपार आईडी' योजना पर सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, आधुनिक एवं तकनीक आधारित बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।



उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक अभिलेखों का डिजिटलीकरण करने तथा उनके समस्त प्रमाण-पत्रों को एक ही स्थान पर सुरक्षित रखने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'अपार (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) आईडी' योजना प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत प्रत्येक छात्र-छात्रा के लिए 12 अंकों की एक विशिष्ट डिजिटल पहचान (आईडी) बनाई जा रही है।

बेसिक शिक्षा मंत्री ने बताया कि यह डिजिटल आईडी विद्यार्थियों के लिए आजीवन उपयोगी होगी। इसके माध्यम से उनके सभी शैक्षणिक अभिलेख सुरक्षित एवं डिजिटल रूप से सत्यापित रहेंगे। किसी भी शिक्षण संस्थान में प्रवेश अथवा स्थानांतरण के समय दस्तावेजों का सत्यापन सरल और शीघ्रता से किया जा सकेगा। इससे विद्यार्थियों को बार-बार प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अपार आईडी का निर्माण पूर्णतः अभिभावकों की सहमति से किया जा रहा है। भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप महानिदेशक, स्कूल शिक्षा द्वारा जनपदों के अधिकारियों, विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस योजना के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

संदीप सिंह ने कहा कि यह योजना विद्यार्थियों के हित में केंद्र सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जो भविष्य में शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस व्यवस्था से विद्यार्थियों के शैक्षणिक अभिलेख सुरक्षित रहेंगे तथा विद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों में प्रवेश एवं स्थानांतरण की प्रक्रिया पहले की अपेक्षा अधिक सरल और सुविधाजनक होगी।

# टीएमयू के डेंटल डॉक्टरों का कमाल: पैर की हड्डी से बनाया नया जबड़ा, पेंटर किशन को मिली नई मुस्कान

## आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त हुई दुर्लभ सर्जरी, समय रहते ऑपरेशन से टला कैंसर का खतरा

समाज जागरण संवाददाता

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने एक दुर्लभ और जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर 25 वर्षीय पेंटर किशन को नई जिंदगी और नई मुस्कान दी है। डॉक्टरों ने युवक के खराब हो चुके निचले जबड़े को निकालकर उसकी जगह पैर की हड्डी (फिबुला) से नया जबड़ा तैयार कर प्रत्यारोपित किया। करीब पांच घंटे तक चली इस जटिल सर्जरी के बाद अब किशन न केवल सामान्य रूप से खाना खा सकेगा, बल्कि बिना दर्द के खुलकर मुस्कुरा भी सकेगा।

मुरादाबाद के बिलारी निवासी किशन पिछले दो वर्षों से दांतों में लगातार दर्द और सूजन से परेशान था। वह ठीक से मुंह नहीं खोल पाता था और खाना चबाने में भी असमर्थ था। स्थानीय स्तर पर इलाज कराने के बावजूद उसे राहत नहीं मिली। चिकित्सकों ने उसे दिल्ली के बड़े अस्पताल जाने की सलाह दी, लेकिन आर्थिक स्थिति

TEERTHANKER MAHAVEER UNIVERSITY Moradabad
Accredited with NAAC A Grade
12-B Status from UGC



के कारण वह वहां इलाज नहीं करा सका। आखिरकार वह टीएमयू अस्पताल पहुंचा, जहां जांच में उसके दाएं निचले जबड़े की हड्डी पूरी तरह गल चुकी पाई गई। सीबीसीटी और बायोप्सी जांच में पता चला कि किशन को अमेलोब्लास्टोमा नामक ट्यूमर है। यह कैंसर नहीं होता, लेकिन तेजी से जबड़े की हड्डी को नष्ट करता है और समय रहते इलाज न होने पर गंभीर जटिलताएं पैदा कर सकता है। चिकित्सकों के अनुसार यदि प्रभावित जबड़े को नहीं हटाया जाता तो भविष्य में इसके कैंसर में बदलने की आशंका भी बनी रहती।

ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रो. दीपक ठाकुर के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने युवक के पैर की फिबुला हड्डी का उपयोग कर नया जबड़ा तैयार किया और उसे सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया। इस दौरान दिमाग और जबड़े से जुड़ी महत्वपूर्ण नसों को सुरक्षित रखना, अत्यधिक रक्तस्राव रोकना, स्वस्थ दांतों एवं ऊतकों को बचाना तथा पैर की हड्डी को बिना नुकसान के निकालना सबसे बड़ी चुनौती रही।

इस जटिल सर्जरी में डॉ. नकुल चौधरी, डॉ. शुभम मिश्रा, डॉ. मीमांषा दफ्तरी के साथ पीजी रेजीडेंट डॉ. श्रेया चटर्जी, डॉ. प्रज्ञा शर्मा, डॉ. रूषभ राउत और डॉ. शुभांगी गोयन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस पूरी सर्जरी का सबसे उल्लेखनीय पहलू यह रहा कि यह आयुष्मान भारत योजना के तहत पूरी तरह निःशुल्क की गई। भर्ती, जांच, ऑपरेशन और दवाइयों सहित सभी उपचार मरीज को बिना किसी खर्च के उपलब्ध कराए गए। चिकित्सकों के अनुसार निजी अस्पतालों में इस तरह की सर्जरी पर लगभग दो से तीन लाख रुपये तक का खर्च आता है।

टीएमयू डेंटल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रदीप तांगडे और वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन ने सफल सर्जरी के लिए पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की जटिल सर्जरी देश के चुनिंदा बड़े अस्पतालों में ही की जाती है। टीएमयू में इस स्तर की सर्जरी का सफल होना संस्थान की चिकित्सा विशेषज्ञता और आधुनिक सुविधाओं का प्रमाण है।

प्रो. दीपक ठाकुर ने बताया कि उनके 19 वर्षों के अनुभव में वे अब तक 1,500 से अधिक सफल ऑपरेशन कर चुके हैं और भविष्य में भी जटिल मामलों का बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है।

# बारिश के बाद 15 मिनट में सामान्य हुआ वाराणसी का यातायात, नगर निगम की त्वरित कार्रवाई

समाज जागरण संवाददाता

वाराणसी। लगातार हुई वर्षा के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए वाराणसी नगर निगम की टीमें पूरे शहर में सक्रिय रहीं। चिन्हित जलभराव वाले स्थानों पर तत्काल सफाई, प्रभावी जल निकासी और लगातार निगरानी के कारण वर्षा रुकने के लगभग 15 मिनट के भीतर प्रमुख मार्गों पर यातायात सामान्य हो गया।

नगर निगम के अनुसार, बारिश शुरू होते ही विभिन्न क्षेत्रों में तैनात टीमों ने जलभराव वाले स्थानों पर पहुंचकर नालियों और जल निकासी तंत्र को सुचारु किया। त्वरित कार्रवाई के चलते शहर के प्रमुख मार्गों पर पानी अधिक देर तक नहीं ठहरा और आवागमन प्रभावित होने से बच गया। नगर निगम ने कहा कि उसकी प्राथमिकता हर परिस्थिति में नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित और सुगम शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसके लिए मानसून के दौरान विशेष निगरानी व्यवस्था लागू की गई है तथा संवेदनशील क्षेत्रों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

नगर निगम प्रशासन ने कहा कि जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप भविष्य में भी वर्षा एवं अन्य आपात परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि शहरवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# अधिवक्ताओं, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और भावी न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता जरूरी : डॉ. महेंद्र धावडे

## बलीराजा पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष ने न्यायिक नियुक्तियों में अधिक पारदर्शिता की वकालत की, अमेरिका और ब्रिटेन की व्यवस्था का दिया उदाहरण

समाज जागरण संवाददाता

नई दिल्ली। बलीराजा पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. महेंद्र धावडे ने अधिवक्ताओं, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा न्यायाधीश बनने वाले उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जनता का संस्थाओं पर विश्वास बनाए रखना आवश्यक है और इसके लिए जवाबदेही तथा पारदर्शिता दोनों महत्वपूर्ण हैं।

डॉ. धावडे ने कहा कि अधिवक्ताओं, जनप्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों के विरुद्ध दर्ज आपराधिक मामलों तथा सार्वजनिक अभिलेखों की जानकारी विभिन्न कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत उपलब्ध होती है, जबकि न्यायाधीशों की नियुक्ति के दौरान कॉलेजियम प्रणाली में उपयोग होने वाली खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की जाती। उनका कहना है कि इस व्यवस्था पर समय-समय पर पारदर्शिता को लेकर प्रश्न उठते रहे हैं।

उन्होंने अमेरिका और ब्रिटेन की न्यायिक नियुक्ति प्रणाली का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां नियुक्ति प्रक्रिया अपेक्षाकृत अधिक पारदर्शी है। उनके अनुसार अमेरिका में संघीय न्यायाधीशों की नियुक्ति के दौरान सार्वजनिक सुनवाई और संसदीय प्रक्रिया अपनाई जाती है, जबकि ब्रिटेन में स्वतंत्र आयोग के माध्यम से चयन प्रक्रिया संचालित होती है।

डॉ. धावडे ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के लिए चुनाव के समय आपराधिक मामलों, संपत्ति और शैक्षणिक योग्यता का शपथपत्र देना अनिवार्य है। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों के संबंध में भी कई सूचनाएं सार्वजनिक होती हैं। उनका मत है कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखते हुए नियुक्ति प्रक्रिया में भी यथासंभव पारदर्शिता बढ़ाई जानी चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट और न्यायालय अथवा पुलिस अभिलेखों में मूलभूत अंतर होता है। खुफिया रिपोर्टों में कई बार अपुष्ट जानकारियां भी शामिल हो सकती हैं, इसलिए उन्हें पूरी तरह सार्वजनिक करना उचित नहीं होगा। हालांकि, उनका मानना है कि न्यायाधीशों के चयन या अस्वीकृति के कारणों के संबंध में अधिक स्पष्टता और संस्थागत पारदर्शिता लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करेगी।

डॉ. धावडे ने हाल के समय में न्यायपालिका के भीतर पारदर्शिता को लेकर उठी चर्चाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि चयन प्रक्रिया के मानदंड अधिक स्पष्ट होंगे तो जनता का न्यायपालिका पर विश्वास और मजबूत होगा।

(नोटः यह डॉ. महेंद्र धावडे द्वारा व्यक्त व्यक्तिगत विचार हैं। समाचार में प्रस्तुत मत उनके निजी दृष्टिकोण

# युवाओं और महिलाओं के लिए बढ़ रहे हैं उद्यम के अवसर, भारतीय व्यापार महोत्सव बनेगा अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी : कैट

समाज जागरण संवाददाता

भोपाल। भारतीय अर्थव्यवस्था की तेजी से बढ़ती गति के साथ युवाओं और महिलाओं के लिए उद्यम एवं व्यापार के नए अवसर लगातार सृजित हो रहे हैं। तकनीक आधारित व्यापारिक व्यवस्था और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देकर व्यापारियों को सशक्त बनाने की दिशा में कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) निरंतर कार्य कर रहा है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कैट मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों के पदभार ग्रहण समारोह में कही।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में लगातार सुधार हो रहे हैं। वर्ष 2014 के बाद 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' की अवधारणा को प्रभावी ढंग से लागू किया गया, जिससे व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आई है और उद्यमिता को नई दिशा मिली है। इस अवसर पर कैट मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने बताया कि 12 से 15 अगस्त 2026 तक नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित होने वाला भारतीय व्यापार महोत्सव-2026 भारतीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को बढ़ावा मिलेगा तथा भारतीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। इससे विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम व्यापारियों को लाभ होगा।




कार्यक्रम में कैट मध्यप्रदेश की नई कार्यकारिणी ने पदभार ग्रहण किया। इसमें सुनील अग्रवाल को चेयरमैन, भूपेन्द्र जैन को प्रदेश अध्यक्ष, गोविंद असाटी को संयुक्त अध्यक्ष, राज कुमार गुप्ता को प्रदेश संगठन महामंत्री, धर्मेन्द्र शर्मा को प्रदेश मीडिया प्रभारी, योगी खंडेलवाल और उमेश तिवारी को प्रदेश महामंत्री, पवन जैन एवं राजेश अग्रवाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भारत भूषण अग्रवाल को प्रदेश कार्यालय प्रभारी तथा चन्द्र प्रकाश शिवहरे, संदीप गोदा और रवि तलरेजा को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारियों ने भी समारोह में सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम में तेजपालकुल सिंह पाली, मुरली हरवानी, नवनीत गोयल, योगी खंडेलवाल एवं उमेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, उद्योगपति और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र शर्मा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन रवि तलरेजा ने किया।

इस अवसर पर मनीष अग्रवाल, कमल पंजवानी, ओ.पी. बंसल, राकेश जैन अनुपम, मोहन शर्मा, डॉ. नेहा श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, मंजरी श्रीवास्तव, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रमोद पाठक, पारस जैन, अवतंस मोदी, प्रगति मंगल, रूचिका सचदेवा, श्रुति श्रीवास्तव, सुग्रीव साहू सहित अनेक व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ऐसे 5 फर्मेंटेड फूड जिनसे मजबूत होती है गट हेल्थ, डाइट में करें शामिल

**हमारी सेहत का सीधा रिश्ता पेट से जुड़ा होता है. अगर पेट सही न हो तो शरीर में समस्याएं आने लगती हैं. लेकिन वहीं, अगर पाचन तंत्र सही तरीके से काम कर रहा हो तो जरूरी पोषक तत्व भी मिल जाते हैं और इम्यूनिटी सिस्टम भी मजबूत रहता है. इसके अलावा एनर्जी और मूड भी बेहतर रहता है. लेकिन आज कल लोगों की डाइट काफी अनहेल्दी हो गई है. बाहर का जंक फूड खा-खाकर लोगों ने अपनी गट हेल्थ बिगाड़ ली है, जिससे गैस, कब्ज और ब्लोटिंग की समस्या होना आम हो गया है.**




गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए कई ऐसी चीजें हैं जिन्हें आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं, जिनमें सबसे असरदार हैं फर्मेंटेड फूड्स. ये ऐसे फूड्स है जिनमें नेचुरली बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक्स) की संख्या बढ़ती है. जो पाचन को सुधारने में मदद करते हैं. चलिए जानते हैं किन फर्मेंटेड फूड को आप अपनी डाइट में शामिल करके गट हेल्थ को बेहतर बना सकते हैं.

## चेडर चीज़ का करें सेवन

चेडर चीज़ स्वाद में तो लाजवाब होती ही है, साथ ही पोषक तत्वों से भरपूर भी होती है. इसमें प्रोटीन, फैट, कैल्शियम, फास्फोरस और विटामिन के2 भी पाया जाता है. इसमें कैल्शियम होने की वजह से हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है. वहीं, विटामिन के5 हार्ट हेल्थ को हेल्दी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. इतना ही नहीं, ये आंतो के कामकाज को भी बेहतर बनाने में हेल्प करता है, जिससे पाचन बेहतर रहता है.

## प्रोबायोटिक अचार भी है लिस्ट में

गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए प्रोबायोटिक अचार भी काफी फायदेमंद होता है. इसमें बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक) होता है जो अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाने का काम करता है. हालांकि, ध्यान रखें कि सिर्फ फर्मेंटेड और नमक के पानी में बने अचार ही प्रोबायोटिक्स प्रदान करते हैं और गट हेल्थ को बेहतर बनाने में हेल्पफुल हैं.



## किमची भी है अच्छा ऑप्शन

किमची पत्ता गोभी के पत्ते से बनी कोरिया की एक बेहद पॉपुलर डिश है. इसे भी फर्मेंट करके बनाया जाता है, जिसकी वजह से इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को बेहतर करते हैं. इसका सेवन करने से कब्ज , गैस और पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है.



## दही भी है फायदेमंद

NCBI की रिसर्च के मुताबिक, दही भी गट हेल्थ को बेहतर बनाने में मददगार है. इसमें मौजूद प्रोबायोटिक अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं. इससे पाचन दुरुस्त होता है और गट माइक्रोबायोम को बैलेंस करता है. दही में मौजूद Lactobacillus और Bifidobacterium इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में हेल्प करते हैं.

## गट हेल्थ के लिए कांजी

कांजी भी गट हेल्थ के लिए एक बेनिफिशियल ड्रिंक है. इसमें नेचुरली प्रोबायोटिक पाए जाते हैं, जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को दुरुस्त करने में मदद करते हैं. इससे पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है. ये ड्रिंक एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर से भरपूर होती है, जो आंत को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं.

# फेस्टिव सीजन में मिठाई बनाते समय अपनाएं ये टिप्स

**फेस्टिवल सीजन यानी घर में खुशियां, रौनक और सबसे जरूरी मिठाइयों की मिठास. दिवाली से लेकर भाई दूज सभी त्यौहार या किसी खास अवसर पर कुछ लोग घर पर मिठाई बनाते हैं. हालांकि कई बार मिठाइयों का स्वाद या टेक्सचर सही नहीं आता, जिससे पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है. ऐसे में मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.**

धनतेरस से फेस्टिव सीजन की शुरुआत हो जाएगी और भाई दूज तर देशभर में इसकी धूम देखने को मिलेगी. इस दौरान सभी अपनों घरों को डेकोरेट करते हैं. हर खुशी, सौभाग्य और फेस्टिवल के मौके पर लोग एक दूसरे का मुंह मीठा करवाते हैं. सभी तरह के त्यौहार और पूजा में भी मिठाइयां को भाग भगवान को लगाया जाता है और प्रसाद के रूप में यह बहुत महत्वपूर्ण होती है. इसी तरह दिवाली पर भी लोग एक दूसरे से घर मिठाइयां और गिफ्ट्स देने जाते हैं. मिठाइयों की दुकानों में इस दौरान बहुत भीड़ देखने को मिलती है, उसी तरह कई जगहों से मिलावट की खबरें में सामने आती हैं.

मिठाई बनाते समय कुछ मिलावटखोर अपने फायदे के लिए इसमें मिलावट करते हैं. जिसे खाने के बाद व्यक्ति की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है. ऐसे में कई लोग घर पर मिठाई बनाने के बारे में सोचते हैं. लेकिन मिठाई का टेस्ट सही नहीं आ पाता है. दरअसल कई बार छोटी-छोटी गलतियों की वजह से स्वाद या बनावट खराब हो जाती है. इसलिए मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.




## सही क्वालिटी के इंग्रीडिएंट्स

सबसे जरूरी बात कि मिठाई बनाने में उपयोग किए जाने वाले इंग्रीडिएंट्स जैसे कि दूध, खोया, मावा, घी, बेसन, चीनी और ड्राई फ्रूट्स यह सभी अच्छी क्वालिटी के हों. बासी या फिर खराब इंग्रीडिएंट्स मिठाई का स्वाद बिगड़ सकते हैं. ताजा दूध और मावा, ताजा देसी घी और साफ चीनी का उपयोग करें. आप बिना मसाले वाले गुड़ का भी उपयोग कर सकते हैं.

## सही क्वांटिटी

मिठाई या फिर कोई भी खाने की चीज बनाते समय इंग्रीडिएंट्स को नाप तौल कर डालना बहुत मायने रखता है. सभी को देखकर रेसिपी के अनुसार माप कर ही डालें. कोई चीज ज्यादा या कम होने से स्वाद खराब हो सकता है. जैसे कि लड्डू बनाते समय घी कम डाला को वह सख्त बनेंगे और ज्यादा डालने से वह बहुत ज्यादा सॉफ्ट बन सकते हैं.

## चीनी की चाशनी का सही टेक्सचर

रसगुल्ला, बर्फी, गुलाब जामुन और जलेबी जैसी मिठाइयों के लिए चाशनी जरूर बनाई जाती है. ऐसे में पहले इसे बनाने की विधि को सही से समझें. 1 तार वाली चाशनी का उपयोग गुलाब जामुन, जलेबी और इमरती और मीठी बूंदी के लिए किया जाता है, तो मिठाई चाशनी को एब्जॉर्ब कर लेती हैं. वहीं 2 तार चाशनी यूज , गुझिया, मठरी और शकर पारे में डाला जाते हीं, जो परोसते समय ऊपर चढ़ाई जाती है. 3 तार चाशनी का उपयोग बूरा, बर्फी या बताशे बनाने के लिए किया जाता है.

## खोया या मावा घर पर बनाएं

अगर संभल हो तो खोया या मावा बाजार से लाने की बजाय घर पर बनाएं. यह ज्यादा ताजा और शुद्ध होता है और इससे मिठाई का स्वाद भी बेहतर होगा. दूध को धीमी आंच पर लगातार चलाते हुए गाढ़ा करें. जब तक वह मावे जैसा गाढ़ा न हो जाए, पकाते रहें. ध्यान रखें दूध कढ़ाई पर न चिपके.

## ज्यादा मात्रा में न बनाएं

अगर आप पहली बार कोई मिठाई बना रहे हैं, तो कम मात्रा में बनाएं. इसका स्वाद और टेक्स्चर चेक करें. इससे इंग्रीडिएंट्स खराब नहीं होंगे और आप उसमें सुधार भी कर सकेंगे. मिठाई को एयरटाइट कंटेनर में रखें. मिठाई बनाते समय बर्तन और किचन की सफाई का विशेष ध्यान रखें.

## अपनाएं ये टिप्स

ज्यादातर मिठाइयों धीमी आंच पर पकाई जाती हैं. जिससे कि उनका स्वाद खराब न हो. खोया या बेसन को भूनते समय आंच कम रखें, वरना यह जल सकता है. घी में तले वाली मिठाइयां जैसे कि गुलाब जामुन को धीमी आंच पर ही तलें, ताकि वो अंदर तक ठीक से पक जाए. इसके साथ ही सही बर्तन का उपयोग करें.